RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 234
फरीदाबाद, रविवार, 02 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



दक्षिण अफ्रीका से श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय टीम

पेज - 11

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

### सप्तमी माता कालरात्रि



ललाट में ध्यान किया जाता है। शत्रुओं का नाश, कृत्या बाधा दूर कर साधक को सुख-शांति प्रदान कर मोक्ष देती हैं।

मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं कालरात्र्यै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-12

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 34.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## देश में आया 5जी, पीएम ने की लॉन्चिंग

# दिल्ली-मुंबई समेत आठ शहरों में 5जी एयरटेल आज से

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** में शनिवार से 5जी मोबाइल सर्विसेस की शुरुआत हो गई है। इंडियन मोबाइल कांग्रेस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5जी सर्विसेस लॉन्च कीं। 5जी के आने से इंटरनेट स्पीड 4जी की तुलना में करीब 10 गुना बढ़ जाएगी। दिल्ली के प्रगति मैदान में रविवार से टेलीकॉम इंडस्ट्री के बड़े इवेंट इंडियन मोबाइल कांग्रेस के छठे एडिशन की शुरुआत हुई है। ये इवेंट चार दिन तक चलेगा। एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल ने आठ शहरों से 5जी की शुरुआत का ऐलान किया। इनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, वाराणसी, बेंगलुरु, हैदराबाद और सिलीगुड़ी है।

### जीओ अगले साल देशभर में 5जी देगा

एयरटेल का मार्च 2024 तक पूरे देश में 5जी सर्विस पहुंचाने का प्लान है। रिलायंस ने बीते दिनों अपनी एजीएम में बताया था वो दिवाली तक चार शहरों- दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई में 5जी सर्विस शुरू करेगी। वहीं मुकेश अंबानी ने रविवार को इंडियन मोबाइल कांग्रेस में कहा कि जीओ के जरिए दिसंबर 2023 तक देश के हर कोने में 5जी सर्विस पहुंचेगी।

मुकेश अंबानी ने कहा कि 5जी का रोलआउट भारत के दूरसंचार इतिहास में कोई सामान्य घटना नहीं है। देश ने भले ही थोड़ी देर से



शुरुआत की हो, लेकिन हम दुनिया की तुलना में उच्च गुणवत्ता वाली और अधिक किफायती 5जी सेवाओं को शुरू करेंगे।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 5जी अवसरों के अनंत आकाश की शुरुआत है। मैं प्रत्येक भारतवासी को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आजादी के अमृत महोत्सव के इस ऐतिहासिक कालखंड में एक अक्टूबर 2022 की तारीख इतिहास में दर्ज होगी। नया भारत, टेक्नोलॉजी का सिर्फ कंज्यूमर बनकर नहीं रहेगा, बल्कि टेक्नोलॉजी के विकास में एक्टिव भूमिका निभाएगा। विष्य की वायरलेस टेक्नोलॉजी को डिजाइन करने में, उस से जुड़ी मैन्युफैक्चरिंग में भारत की बड़ी भूमिका होगी। आज इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाला हर व्यक्ति इस बात को समझ रहा है कि 5जी, इंटरनेट का पूरा आर्टिटेक्चर बदल देगा। 2जी, 3जी, 4जी के समय भारत टेक्नोलॉजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा, लेकिन 5जी के साथ भारत ने नया इतिहास रच दिया।

2014 में जीरो मोबाइल फोन एक्सपोर्ट से रहम हजारों करोड़ के मोबाइल एक्सपोर्ट करने वाले देश बन चुके हैं। इन सारे प्रयासों का प्रभाव डिवाइस की कीमत पर पड़ा है। अब कम कीमत पर हमें ज्यादा फीचर्स भी मिलने लगे हैं। घर-घर बिजली, हर घर जल और हर घर गैस सिलेंडर की तरह सरकार इंटरनेट फॉर ऑल पर काम कर रही है। सरकार ने डिजिटल पेमेंट का रास्ता आसान बनाया।

### तीन टेलीकॉम कंपनियों ने पीएम को दिया डेमोंस्ट्रेशन

**भारत** में 5जी टेक्नोलॉजी की क्षमता दिखाने के लिए देश के तीन प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटरों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने प्रधानमंत्री के सामने एक-एक यूज केस का डेमोंस्ट्रेशन दिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कंपनियों के पवेलियन को विजिट किया। बता दें, इंटरनेट नेटवर्क के पांचवें जनरेशन को 5जी कहते हैं। यह एक वायरलेस ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस है, जो तरंगों के जरिए हाई स्पीड इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है। इसमें मुख्य तौर पर तीन तरह के फ्रीक्वेंसी बैंड होते हैं।

## ईरान सुलगा, पुलिस फायरिंग में 36 की मौत

**तेहरान।** ईरान में 22 साल की माहसा अमिनी की पुलिस कस्टडी में मौत के बाद विरोध प्रदर्शन अभी थमे भी नहीं थे कि एक और मामला सामने आ गया। शुक्रवार को जेहदान शहर में 15 साल की बलोच लड़की से रेप के विरोध में प्रदर्शन हुए।

इन्हें रोकने के लिए पुलिस ने फायरिंग की जिसमें 36 लोगों के मारे जाने की खबर है। गुस्साए लोग सरकारी ऑफिसों और पुलिस स्टेशनों में आग लगा रहे हैं। शुक्रवार को नमाज के बाद बलोच समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और इन्होंने नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने फायरिंग की। जेहदान में हुए संघर्ष में करीब 19 लोग मारे गए हैं। इनमें सुरक्षाबलों के जवान भी शामिल हैं। यहां हथियारबंद समूह ने एक पुलिस स्टेशन पर हमला किया था। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की।

## क्विक न्यूज

### जयपुर : दो छात्राओं पर एसिड अटैक, हमलावर की तलाश शुरू

**जयपुर।** जयपुर में कोचिंग जा रही दो लड़कियों पर शनिवार को एसिड अटैक हुआ। बाइक सवार युवक ने दो किलोमीटर की दूरी पर दोनों छात्राओं पर अलग-अलग हमला किया। दोनों मामूली झुलसी हैं। इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई हैं। लड़कियों ने बताया कि वे हमलावर को नहीं पहचानतीं। घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। एक फुटेज में बाइक सवार भागता दिखा है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर सदर थाने इलाके में सवारिया रोड पर 19 साल की लड़की पैदल कोचिंग जा रही थी। बाइक सवार बदमाश पीछे से आया और उस पर एसिड फेंककर भाग गया। एसिड लड़की के बाएं कंधे पर गिरा, जिससे वह झुलस गई। बाइक सवार ने दूसरा अटैक सवारिया रोड से दो किलोमीटर दूर श्मशान के पास से लाइब्रेरी जा रही 22 साल की लड़की पर किया।

### गुरुद्वारों की सुरक्षा में निहंग बॉडीगार्ड रखे जाएंगे : झींडा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसपीसी) के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने कहा है कि गुरुद्वारों से वीआइपी कल्चर को खत्म किया जाएगा। अक्सर देखा जाता है कि मेंबर साहिबान या कोई प्रधान आकर अलग से लंगर की व्यवस्था कराता है। इस पर पाबंदी लगाई जाएगी। अब बॉडीगार्ड के तौर पर निहंग सिखों को तैनात किया जाएगा। झींडा शनिवार को कुरुक्षेत्र के छठी पातशाही गुरुद्वारा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वे कुरुक्षेत्र के डीसी से मिल कर प्रधान पद के लिए दावेदारी जताएंगे। रविवार को सीएम से भी मुलाकात करेंगे। झींडा ने कहा कि गुरुद्वारों में वीआइपी कल्चर को खत्म किया जाएगा। यह देखा गया है कि सरकार के द्वारा दिए गए अंगरक्षक वर्दी व हथियारों के साथ गुरुद्वारा साहिब में प्रवेश करते हैं, जो कि गलत है।

### रेप के दोषी को 142 साल की सजा, पांच लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केरल में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां, पतनमतिट्टा की एक पोक्सो अदालत ने 10 साल की बच्ची के साथ दो साल तक यौन उत्पीड़न करने वाले 41 साल के व्यक्ति को 142 साल की कठोर कारावास की सजा और पांच लाख का अर्थदंड दिया गया है।

## उम्मीदें टूट चुकीं : फरीदाबाद में सड़क-स्वच्छता पर भारी भ्रष्टाचार, इस साल मिला 36वां स्थान

# इंदौर छठी बार स्वच्छता रैंकिंग में फिर अव्वल

- फरीदाबाद के नेता इस बार भी मोदी के नाम पर चुनाव लड़ेंगे?
- भ्रष्टाचार की मार झेलता फरीदाबाद रेंग रहा, कैसे मिले मुक्ति?

**सुधीर बैसला।** नई दिल्ली/फरीदाबाद

**बाबा** फरीद की नगरी फरीदाबाद जिला 10 लाख आबादी वाले 45 शहरों वाली स्वच्छता सर्वेक्षण की सूची में इस साल 36वें स्थान पर आया है। वैसे इस बड़ी नाकामी पर भी जिम्मेदार स्थानीय शासकीय-प्रशासकीय अमला अपनी पीठ थपथपा रहा है कि पिछले साल तो फरीदाबाद 41वें नंबर पर था। इस कड़ी में देश की बड़ी खबर यह रही कि मध्यप्रदेश का इंदौर शहर लगातार छठी बार स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल आया है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सम्मान देने के लिए दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में समारोह आयोजित किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल आने की लड़ाई लड़ने वाले ईमानदार राज्यों, उनके अधिकारियों, नेताओं और लोगों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की, उन्हें बधाई भी दी है। वैसे फरीदाबाद जिले की ओर से भी स्वच्छता रैंकिंग में विजयीश्री हासिल करने के खूब प्रयास किए, लेकिन ये सब कागज में बिल बनाने, बिना काम के भुगतान पर आकर सिमट गए, धरातल पर कुछ नहीं हुआ। फरीदाबाद के हालात ऐसे हैं कि घर से बाहर निकलने के बाद जनता सड़क पर रेंग रेंगकर चल रही है। सांसद, विधायक अबकी बार भी विकास की बजाय नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं और जीत के प्रति निश्चिंत भी हैं।

दरअसल, स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता रैंकिंग एक अक्टूबर को घोषित हुई। इंदौर को देश में छठी बार पहला स्थान मिला है। वहीं मध्य प्रदेश को बड़े राज्यों में पहला स्थान दिया गया है। त्रिपुरा छोटे राज्यों में पहले स्थान पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए इंदौर मॉडल पूरे देश में लागू करने की आवश्यकता बताया है। बता दें, एक लाख आबादी वाले शहरी स्थानों पर इंदौर ने बाजी मारी है। दूसरे स्थान पर सूरत तो तीसरे स्थान पर नवी मुंबई है। एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में पहला स्थान महाराष्ट्र के




पंचगनी को दिया गया है। भारत की क्लीनेस्ट मेगा सिटी के रूप में गुजरात के अहमदाबाद ने जगह बनाई है। वहीं क्लीन मीडियम सिटी मैसूर को बताया गया है और क्लीन स्मॉल सिटी के रूप में दिल्ली है।

दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण अवॉर्ड 2022 को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह दुनिया सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वे है। उन्होंने बताया कि 2016 में इसे 73 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया था। वहीं अब 2022 में 4355 शहरों ने इस स्वच्छ सर्वे में हिस्सा लिया था। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश के 11 निकायों को सम्मानित किया गया। इसे लेकर प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा नई दिल्ली में बीते दिन स्वच्छता लीग के विजेता नगरीय निकायों खजुराहो और उज्जैन को सम्मान दिया गया है। उधर, इंदौर के स्वच्छता में फिर से नंबर वन आने के बाद वहां शहर में हो रहे गरबा पांडालों में जश्ने स्वच्छता मनाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी। 11 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर स्वच्छता सर्वेक्षण के पुरस्कार कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इसके अलावा ढोल ताशे के साथ जश्न मनाया जाएगा। वहीं गरबा पंडालों में स्वच्छता गान पर पूरा इंदौर जश्न मनाएगा। इसके लिए हाल में स्वच्छता का नया गाना भी लॉन्च किया गया है।

### जेल में रिटायर हुआ निगम का पूर्व एसई



"फरीदाबाद की अधिकांश सड़क इस दशा में हैं। राजनेता मानते हैं कि विकास के नाम पर जनता वोट नहीं देती, मोदी के नाम पर वोट मिलते हैं। जनता को भी स्वच्छता-विकास से कुछ लेना-देना नहीं है।"

'अति कैसी भी हो, उस पर ईश्वर का चाबुक जरूर चलता है'। यह प्रसंग शनिवार को एक शहरी पंचायत में सुनने को मिला। चुनावी मौसम फिर बन रहा है, अधिकांश सफेद कुर्ते पाजामा सिलवा रहे हैं। इस पंचायत में पता चला कि फरीदाबाद नगर निगम में कभी सबसे ताकतवर अधिकारी रहा पूर्व एसई डीआर भास्कर शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022 को सेवानिवृत्त हो गया। फेयरवेल पार्टी उसके नीमका जेल से बाहर आने के बाद मनेगी। नगर निगम फरीदाबाद के करीब 14 वार्डों में केवल एक ठेकेदार द्वारा किए कार्यों की एवज में 183 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच स्टेट विजिलेंस ब्यूरो विभाग कर रहा है। इस मामले में स्टेट विजिलेस ब्यूरो की कार्रवाई पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने आइएएस सोनल गोयल के विरुद्ध भी किसी भी तरह के गैरकानूनी एक्शन लेने पर शुक्रवार को स्टे लगाया है। इस केस में शामिल भ्रष्टाचार के कुछ अन्य आरोपियों को जमानत मिली है, जिसमें भास्कर भी शामिल है।

## हरियाणा में पंचायत चुनाव जल्द, कल होगी तारीखों की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में पंचायत चुनाव की सोमवार को घोषणा होने जा रही है। राज्य चुनाव आयोग के चुनाव आयुक्त धनपत सिंह चंडीगढ़ में इसकी घोषणा करेंगे। इस बार सूबे में 71763 पदों पर चुनाव होने हैं। राज्य में पहली बार चुनाव आयोग (ईसी) चार चरणों में पंचायत चुनाव कराने जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार, मतदान पार्टी में चार अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें एक पीठासीन अधिकारी तथा तीन मतदान अधिकारी होंगे, ताकि

### चार चरणों में 71763 पदों के लिए होगी वोटिंग



शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव करवाएं जा सकें। इसके लिए संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिन्हें निष्पक्षता से मतदान करवाना होगा।

हरियाणा में पंचायतों के 71763 पदों पर चुनाव होने हैं। इनमें 6226 पद सरपंचों के हैं ग्राम पंचायतों में पंच के 62040 पद हैं। 143 पंचायत समितियों में 3086 सदस्यों का चुनाव होगा। वहीं 22 जिला परिषदों में 411 सदस्य हैं। पंचायत समितियों और जिला परिषदों में बाद में चेयरमैन चुने जाएंगे। पंचायत चुनाव के दौरान अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराने के आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान करके उनकी सुरक्षा के लिए व्यवस्था की जा रही है, ताकि मतदान केंद्रों पर हिंसा, लूट व बूथ कैप्चरिंग आदि की घटनाएं न हों।

दिवाली के बाद होने वाले पंचायत चुनाव सीएम मनोहर लाल लाल के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं होंगे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ के लिए भी सूबे के पंचायत चुनाव की कसोटी से कम नहीं होंगे।




## कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस में अब दो नाम, खड़गे और थरूर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद की रेस में दोनों प्रतिभागियों के नाम तय हो चुके हैं। झारखंड के केएन त्रिपाठी का पर्चा खारिज होने के बाद अब मुकाबला शशि थरूर और मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच है। इस बीच शशि थरूर का एक बयान सामने आया है, जिससे कई तरह के संकेत मिले हैं। थरूर ने कहा है कि पार्टी के बड़े नेता खड़गे के समर्थन में हैं। थरूर के बयान के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बड़े नेताओं से उनका आशय कहीं गांधी परिवार से तो नहीं है।

थरूर ने अपने बयान में कहा है कि खड़गे का आत्मविश्वास अच्छा है, लेकिन मैं भी आश्वस्त हूं कि लोग



मेरी भी बात सुनेंगे। उन्होंने कहा कि बड़े नेता स्वाभाविक तौर पर खड़गे के साथ रहेंगे। आगे थरूर ने कहा कि लेकिन मेरे साथ अलग-अलग राज्यों के कार्यकर्ता हैं। शशि थरूर ने यह बात नागपुर में कही। थरूर ने कहा कि हम बड़े नेताओं को सम्मान देते हैं, लेकिन अब वक्त आ गया है कि पार्टी में युवाओं की सुनी जाए। उन्होंने कहा कि हम पार्टी के संगठनात्मक बदलाव काम करेंगे और कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी जानी चाहिए।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 35.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-सात ए में थैलासीमिक बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता: शाम 4 बजे।
- महाबीर धर्मशाला अनाज गोदाम के सामने रक्तदान शिविर: सुबह 9.30 बजे।
- ऊंचागांव स्थित सैनी शिव धर्मशाला में आयुर्वेद चिकित्सा कैम्प: प्रात:9 बजे।
- सेक्टर-64 स्थित प्रयास वैलफेयर में नेत्र जांच शिविर: सुबह 10 बजे।
- सेक्टर-12 में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन: सुबह 6 बजे।

## निवेश गुरु

**निवेशक** अपने निवेश पर ज्यादा रिटर्न चाहते हैं। उन्हें निवेश से जुड़े जोखिम का अंदाजा नहीं होता कि कैसे जरा सी असावधानी से उनकी पूंजी डूब सकती है। कई बार तो थोड़ा जोखिम उठाकर वे धन को दोगुना करने की ताक में जुटे होते हैं। सचाई यह है कि कम जोखिम के साथ बेहतरीन रिटर्न नहीं कमाया जा सकता। वास्तव में जहां रिटर्न अधिक होगा।

## यूटीलिटी न्यूज

### नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैंप आयोजित



**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित साई धाम मार्ग स्थित साई धाम मंदिर में प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी सुबह 10 से 1.30 बजे तक नि:शुल्क हर उम्र के लोगों का टीकाकरण किया जाता है। इसी के चलते शनिवार को सरकारी डॉक्टरों द्वारा 42 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। साईं धाम संचालक मोती लाल ने कहा कि अगले शनिवार को आप तथा आप के संबंधित किसी ने बुस्टर डोज नहीं लगवाया है तो इस सेवा से लाभ उठायें। कैंप का आयोजन रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन ने किया।

## क्विक न्यूज

### पुण्यतिथि पर दी पुष्पांजलि



**फरीदाबाद।** अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के पूर्व अध्यक्ष रतन सिंह गुप्ता की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि रतन सिंह गुप्ता लगातार 33 वर्षों तक अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति के प्रधान रहे। जीवन पर्यंत इस संस्था को ओर अधिक सफल बनाने का प्रयास करते रहे। उनकी मृत्यु के उपरांत उनके जेष्ठ पुत्र देवेंद्र कुमार गुप्ता ने इस कार्य को आगे बढ़ाया और पिता के पद चिन्हों पर चल कर महाविद्यालय की गरिमा व अस्तित्व को अधिक प्रसारित किया। आज के इस पावन अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य ने पुष्पांजलि अर्पित कर लालाजी व उनके कर्तव्य को स्मरण कर सभी को पद चिन्हों पर चलने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके अलावा सभी संस्थाओं में हवन, भंडारा और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

# बेखबर की खबर : तो घर के भेदी ने खोल दी...मुखियाजी के विकास की पोल ?




वरिष्ठ संवाददाता
राजेश दास

**शहर** को सुंदर नगरी बनाने के लिए सूबे के मुखिया दिल खोलकर पैसा भेज रहे हैं। इसके बावजूद शहर सुंदर तो बिल्कुल नहीं बन पाया बल्कि समस्याएं पहले से कहीं ज्यादा नजर आने लगी, क्योंकि धनवान निगम और संबंधित विभागों के सिपाही जनता की सुविधा के लिए नहीं बल्कि मलाई चाटने के लिए काम करवाते हैं। जबकि मुखियाजी लगातार विकास के दावे कर रहे हैं लेकिन उनके दावों की पोल उनके पक्ष के जनप्रतिनिधि ने ही खोल दी। हुआ यूं कि सुबे के छोटे मुखिया प्रजा के दुख दूर करने को सभा लेने आए थे। इस सभा में एक विपक्षी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं से छोटे मुखिया जी को अवगत करवाने लगे। तभी पक्ष के एक जनप्रतिनिधि विपक्षी जनप्रतिनिधि का विरोध करते हुए कहने लगे कि शहर में जहां देखों वहीं समस्याएं ही समस्याएं हैं। यह सभा प्रजा की शिकायतें सुनने के लिए है, न कि प्रतिनिधियों की। जिस पर विपक्षी जनप्रतिनिधि ने समझाते हुए कहा कि वे भी प्रजा की समस्या ही उठा रहे हैं, लेकिन पक्ष के विधायक कहां सुनने वाले थे, वे तो विपक्षी जनप्रतिनिधि को नीचा दिखाने के चक्कर में अपनी ही सरकार की पोल खोलने लगे।

### मुखियाजी को संभालनी पड़ी कमान

**धनवान** निगम के छोटे बड़े सिपाहियों की मलाई चाटने की आदत की वजह से जहां प्रजा दुखी हो रही हैं, वहीं सरकार की छवि भी खराब हो रही है। धनवान निगम में पिछले दिनों उजागर हुए 200 करोड़ के घोटाले के बाद तो प्रजा को कई तरह के संदेह होने लगे। धनवान निगम ही नहीं शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेदारी लेने वाले विभाग ने भी इस मामले में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सुंदर नगरी विभाग द्वारा शहर को सुंदर बनाने के नाम पर मुखियाजी द्वारा भेजे गए धन का खूब दुरुपयोग किया है। इसी वजह से शहर सुंदर तो आज तक नहीं बन पाया बल्कि जगह-जगह सड़कों पर परेशानियां ज्यादा नजर आने लगीं। बेखबर को पता चला कि आम प्रजा में चर्चा है कि बड़े छोटे सिपाहियों और जनप्रतिनिधियों ने आपस में मिलीभगत कर मुखिया जी द्वारा भेजे गए धन की जमकर बंदर बांट की है। सम्भव यह बात मुखिया जी तक भी जरूर पहुंची होगी। चर्चा है कि शायद इसी वजह से मुखियाजी खुद प्रजा की शिकायतें सुनने के लिए शहर में हर महीने आने वाले हैं।




### मुखियाजी का बिल्डोजर

**असामाजिक** तत्वों को आर्थिक चोट पहुंचाने के लिए बाबा द्वारा चलाए गए बिल्डोजर की चर्चा देश भर में हो रही है। जिसे देखते हुए सूबे के मुखिया ने भी इसी तरह का कदम उठाया है। उन्होंने पुलिस को नशा तस्कर और अन्य गैरकानूनी धंधे चलाने वाले अपराधियों पर बिल्डोजर चलाने के आदेश दिये हैं। मुखियाजी के आदेश पर पुलिस ने भी धड़ाधड़ नशा तस्करों और अपराधियों को आर्थिक चोट पहुंचाने के लिए उनकी सम्पतियों को गिराना शुरू कर दिया, लेकिन अभी तक सिर्फ उन्हीं नशा तस्कर अथवा अपराधियों को नुकसान पहुंचा गया है, जिनकी सम्पतियां झोपड़ पट्टी में सरकारी जमीनों पर खड़ी थी, लेकिन शहर में ऐसे अपराधियों और नशा तस्करों की कोई कमी नहीं है, जो पक्के मकान अथवा आलीशान कोठियों में रहते हैं। न जाने मुखिया जी इन अपराधियों की सम्पतियों पर अपना बिल्डोजर कब चलाएंगे।

# लापरवाही से किया जा रहा विकास ही लोगों के लिए बनता जा रहा है विनाश

### सड़क निर्माण के दौरान खोदे गए गड्ढे ने छीना एक परिवार के जीने का सहारा

राजेश दास। फरीदाबाद

**केंद्र** और प्रदेश सरकार शहर को स्मार्ट बनाने के लिए करोड़ों रुपये बहा रही है, लेकिन इसके बावजूद शहर के लोगों को सुविधाएं मिलना तो दूर बल्कि परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर को स्मार्ट बनाने के नाम संबंधित विभागों द्वारा लापरवाही से किये जा रहे विकास कार्य लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं।

विकास के नाम पर अधिकारियों ने पूरे शहर को खोद कर डाल दिया है। कहीं सड़क निर्माण, कहीं सीवर लाइन डालने के लिए तो कहीं अन्य निर्माण के नाम पर जगह जगह गड्ढे खोद कर छोड़ दिये गए हैं। इसके अलावा शहर भर में भारी संख्या में सीवर के मैनहॉल खुले पड़े हैं। नगर निगम अथवा अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही ही लोगों पर आफत बनकर टूट रही है।

बृहस्पतिवार की शाम को सेहतपुर इलाकों में सड़क किनारे खोदे गए करीब 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति पत्नी के साथ काम से पैदल घर लौट रहा था। इस हादसे ने एक गरीब परिवार के जीने का सहारा ही छीन लिया। मृतक की पत्नी ने नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दी है। इस तरह के हादसे संबंधित विभागों की लापरवाही से आए दिन होते रहते हैं।



बाईपास रोड के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही का नमूना।



सेहतपुर में स्थित इस गड्ढे में गिरकर हुई निर्दोष बबलू की मौत।

### लापरवाही से पहले भी हुए हादसे

**लापरवाही** से किये जाने वाले विकास कार्यो की वजह बबलू के साथ हुआ हादसा कोई नया नहीं है। संबंधित विभागों के अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही से इससे पहले भी अनेक लोगों की जान जा चुकी है। इससे पहले दिसंबर 2021 में बाइपास रोड पर नाले के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर दोनों लोगों की जान चली गई थी। कानपुर के रहने वाले ज्योति प्रकाश और अलोक बदरपुर में रहते थे और फरीदाबाद की एक कंपनी में काम करते थे। घटना वाली रात को दोनों बाइक पर सवार होकर काम से लौट रहे थे। तभी बाइपास रोड पर पल्ला पुल के पास नाले के निर्माण के लिए खोदे गए 12 फुट गहरे गड्ढे में गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि इस गड्ढे के आसपास न तो अच्छी तरह से बैरिकेटिंग की गई थी और न ही वहां सचेत करने के लिए रिफ्लेक्टर लगाए गए थे। पुलिस ने निर्माण कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था।

### चेतावनी भी हो रही बेअसर



सेक्टर-24 में गड्ढा खोदकर भूल गया ठेकेदार।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने गत वर्ष पदभार सम्भालते ही इस तरह की लापरवाही बरतने के मामले में चेतावनी भी दी थी। उन्होंने संबंधित विभागों को सड़कों पर मौजूद दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार खामियों को दूर करने के लिए कहा था। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान एहतियात बरतने के लिए भी कहा था, लेकिन इसके बावजूद शहर में होने वाले विकास कार्यो के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों और ठेकेदारों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जाती रही है। इसी के परिणाम स्वरूप शहर में आएदिन होने वाले हादसों में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। बाइपास रोड पर नाले के निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने हुई दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस द्वारा सिर्फ ठेकेदार कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया था। जबकि ठेकेदार के साथ साथ विकास कार्यो की देखरेख करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी मामले में नामजद किया जाना चाहिए था, लेकिन विकास कार्यों के दौरान लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कभी भी कानूनी कार्रवाई नहीं होती है।

### छीन गया परिवार का सहारा

**पल्ला** इलाके में रहने वाली बबीता ने बताया कि वह और उसके 40 वर्षीय पति बबलू मेहनत मजदूरी करके परिवार का गुजारा चला रहे थे। उनके परिवार में 20 वर्षीय बेटी सोनम, 14 वर्षीय बेटा राहुल, 11 वर्षीय बेटी शिक्षा और नौ वर्षीय बेटे देव समेत चार बच्चे हैं। चारों बच्चे पढ़ रहे हैं। बबीता ने बताया कि दोनों पति पत्नी करीब चार महीने से बेरोजगार थे। अभी कुछ दिन पहले ही दोनों को एक कंपनी में काम मिला था। अन्य दिनों की तरह बृहस्पतिवार की शाम को भी दोनों काम से पैदल पैदल घर लौट रहे थे। उसी दौरान पल्ला से तिलपत तक बन रही निर्माणाधीन सड़क किनारे दोनों चल रहे थे। तभी सेहतपुर के पास पैर फिसल जाने से बबलू वहां खुदे करीब 15 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरे। गड्ढा सीवर के पानी से भरा हुआ था। उनके शोर मचाने पर मौके से गुजर रहे लोगों ने बबलू को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी मौत हो गई। बबीता ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही से उनके बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया।

### जिम्मेदारी तय होनी चाहिए



**सामाजिक** कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि शहर की सड़कों पर मौजूद खामियों और विकास कार्यों के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही की वजह से हुए किसी हादसे में पुलिस ने अब जिम्मेदारी तय करते हुए मामले दर्ज करने शुरू कर दिये हैं, लेकिन अभी पुलिस को और भी ठोस कदम उठाने की जरूरत है। वर्ना ऐसी लापरवाही के कारण लोगों की जान जाती रहेगी।


# ...युद्ध भूमि में तो बाली भगवान का भी भगवान है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएच**-पांच स्थित एम ब्लॉक में श्रीधार्मिक लीला कमेटी की रामलीला में शबरी को प्रभुराम के दर्शन, दानू गंधर्व का उधार व बाली का वध हुआ। इस बारे में रामलीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि फरीदाबाद की किसी भी रामलीला में पहली बार दानू गंधर्व का राक्षस योनि से उधार दिखाया गया।

आज प्रथम दृश्य में दानू गंधर्व अपने राक्षसी हाथों से राम व लक्ष्मन को पकड़ते हैं तो राम उनका वध करके दानू का राक्षस योनि से उधार करते हैं। अगले दृश्य में माता शबरी का प्रभुराम से मिलन होता है। शबरी के किरदार में रिया खरबंदा ने अपनी कला का जादू दिखाया। अगले दृश्य में राम का हनुमान से व सुग्रीव से मिलन होता है। सुग्रीव बाली से किष्किंधा राज्य व अपनी पत्नी की मुक्ति के लिए सहायता मांगता है। अगले दृश्य में बाली सुग्रीव का भयंकर युद्ध होता है और राम बाली का वध करके सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाते हैं।

बाली के रोल में नरेश चावला ने जोरदार अभिनय किया उनका यह संवाद छीन लूं दुश्मन का आधा बल, यह मुझे वरदान है, युद्ध भूमि में तो बाली, भगवान का भी भगवान है दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर करता है तो सुग्रीव बने अमित नागपाल के क्रोधित संवाद भी दर्शकों को तालियों से नहीं रोक सके। अंतिम दृश्य में प्रभुराम सुग्रीव के कहने से हनुमान को लंका में सीता की खोज के लिए भेजते है। हनुमान के किरदार में रोहित खरबंदा ने छाप छोड़ी।



एन एच पांच स्थित धार्मिक लीला कमेटी के मंच पर रामलीला मंचन करते कलाकार।

# यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को मैकेनिकों संग बैठक

### बैठक में बाइक साइलेंसर मॉडिफाई न करने के लिए मैकेनिकों को किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक नितीश अग्रवाल के द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर में मॉडिफाई कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने के खिलाफ चलाए गए अभियान पर कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद के सभी सेक्टर में उपस्थित ऑटोमोबाइल मार्केट के मोटरसाइकिल मैकेनिक, दुकानदार और वेल्डर के साथ, अपने कार्यालय में मीटिंग की। जिसमें एसएचओ ट्रैफिक दर्शन कुमार,तीनों जॉन के टीआई के सहित दुकानदार, मैकेनिक और वैल्डर मौजूद रहे।

जिसमें मनोज भारद्वाज सेक्टर 11, सुरेश बल्लभगढ़ चावला कॉलोनी, आस मोहम्मद सेक्टर 3, आकाश एनआईटी-5 नंबर, सोनू सेक्टर 22 , महम्मुद और विनोद एनआईटी-1 नंबर, मनदीप, गौरव और सतनाम बाटा रोड एनआईटी, एचपी नरूला, नरेंद्र सिंह और राजकुमार एनआईटी-2, हेतराम संजय कॉलोनी, संजय और सलीम एसजीएम नगर मीटिंग में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसीपी ट्रैफिक ने आज अपने कार्यालय में बताया कि फरीदाबाद पुलिस के द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर मॉडिफाई करवाकर ध्वनि प्रदूषण करने के खिलाफ चलाए गए अभियान में के संबंध में फरीदाबाद के ऑटोमोबाइल सेक्टर में उपस्थित सभी मोटरसाइकिल मैकेनिक, दुकानदार उन्होंने मोटरसाइकिल के साइलेंसर को मॉडिफाई न करने की हिदायत देते उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल के साइलेंसर में मॉडिफाई होने के कारण कई बार दुर्घटना हुई है। इसीलिए इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए मोटरसाइकिल मॉडिफाई करने वाले मैकेनिक, दुकानदार और वेल्डर के साथ मीटिंग कर ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी है। कहा कि अगर किसी बुलेट मोटरसाइकिल के मॉडिफाई सिलेंडर के चालान होते हैं तो मोटरसाइकिल मालिक से मॉडिफाई करने वाले की जानकारी ली जाएगी।



बल्लभगढ़ में ऑटो पार्ट के विक्रेताओं के साथ बैठक कर जानकारी देते एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

सिसकती है ग़रीबी मिट रहा है दीन गाँधीजी
सियासी हैं तिजोरी भरने में तल्लीन गाँधीजी
घटाने में लगे क़द आपका क़दहीन रोज़ाना
अगर समझाएँ तो लगती उन्हें तौहीन गाँधीजी

# महाषष्ठी से शुरू हुआ शहर में दुर्गापूजा महोत्सव

### पश्चिम बंगाल के प्रवासियों का दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू हुआ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



फरीदाबाद कालीबाड़ी में दीप जलाकर कार्यक्रमों की शुरूआत करवाते अतिथि।

**शहरभर** में शनिवार को महाषष्ठी के साथ ही पश्चिम बंगाल से आये प्रवासियों की श्रद्धा के केन्द्रों में दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। मंदिरों और अन्य पूजा पंडालों में इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी कड़ी में सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में शारदीय दुर्गा पूजा उत्सव में महा षष्ठी के अवसर पर विधिवत रूप से बड़े ही धूमधाम से मंदिर परिसर में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। सुबह नौ बजे से ही पूजा प्रारम्भ हो गयी थी एवं बोधन, आमंत्रण और अधिवास अनुष्ठानों का कार्यक्रम शाम को सात बजे तक चलती रही। शाम 8.30 बजे के समय माता की आरती के पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें कालीबाड़ी सांस्कृतिक संघ के कलाकार एवं सुदूर पश्चिम बंगाल से आये हुए कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति से दर्शनार्थियों का मन मोह लिया।

मंदिर में दोपहर के समय लंगर प्रसाद की व्यवस्था थी। जिसमे सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने आकर मंदिर परिसर में बैठकर लंगर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी महा सप्तमी की पूजा प्रात: 8.30 बजे से ही शुरू हो जाएगी। सुबह 10.30 बजे पुष्पांजलि होगी और 11.30 बजे से प्रसाद भंडारे की व्यबस्था की गयी है। फरीदाबाद कालीबाड़ी सभी भक्त जनो को अधिक से अधिक संख्या में कालीबाड़ी आकर इन समस्त अनुष्ठानों को सफल बनाने और माता रानी के आशीर्वाद से लाभान्वित होने आग्रह कर रही है। इस मौके पर मंदिर समिति के प्रधान डॉक्टर प्राणजीत भौमिक, सचिब अचिंत्य कुमार पंडित, बिश्वनाथ सरकार, सानतनु देब सरकार, निपेंद्र कुमार साहा, अभिजीत गांगुली, जीसी मुखर्जी, मलय तपादर, तपन बेरा, मृणमॉय चक्रवर्ती मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# रामजी बोले-जे बेर तेरे प्यारी मुझको रुला रहे हैं

**फरीदाबाद।** कल रात विजय रामलीला के इतिहासिक मंच पर प्रभु राम शबरी से मिले। मुनि मतंग के कथन अनुसार शबरी भगवान राम का बरसों से इंतजार कर रही थी। भगवान ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण सहित उसको दर्शन दिए। प्रेम भाव के भूखे भगवान ने शबरी के हाथ से झूठे बेर खाये।

शबरी की भूमिका में नितिन शर्मा और राम के रोल को सजीव करते सौरभ कुमार ने मनोरम अभिनय किया। इसके बाद इसी मंच दिखाया गया राम और हनुमान का भव्य और मनोरम मिलन। हनुमान ने राम और सुग्रीव की मित्रता करवाई। सुग्रीव बने निशांत नागपाल और हनुमान के रोल में अरुण भाटिया ने जम के अभिनय किया। बाली का रोल लखन वर्मा ने निभाया। इसी मंच ओर कल हुआ बाली वध और हनुमान की लंका को रवानगी। आज होगा लंका दहन।



एनएचवन स्थित विजय रामलीला कमेटी के मंच पर राम लीला का मंचन करते कलाकार।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 23.06.2022 को हनी सिंह पुत्र हरिन्दर सिंह निवासी मकान नं0 1-एच/25 ए एनआइटी फरीदाबाद। घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिसका हुलिया- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, माथे के बाएं तरफ लसुन का निशान, कद 5 फुट 8 इंच, उम्र 26 वर्ष। जिसने सफेद रंग का शर्ट व काला लोवर और पैरों मे जुते पहने हुए है। मुकदमा नं 511 दिनांक 18.09.2022 थाना कोतवाली फरीदाबाद। सुचना मिलने पर निचे दिए निम्न नंबरों पर सूचित करें।

एसएचओ- 9582200126, आई/ओ, 9306210039, मुदई- 9899174251

# नवरात्रों के छठे दिन हुई मंदिरों में भव्य पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्रों** के छठे दिन मां के छठे स्वरूप की पूजा की गई। मान्यता है कि इस पूजा को करने से विवाह की इच्छा रखने वालों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मंदिरों में हजारों भक्तों ने मां की पूजा-अर्चना की। प्रात:कालीन आरती में मां के भजनों के बीच हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने अपनी आहूति डाली।

**वैष्णो देवी मंदिर :** तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर में मां कात्यायनी की भव्य पूजा की गई। पूजा अर्चना के उपरांत प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र के लोगों को विशेष तौर पर देवी कात्यायनी की आराधना करनी चाहिए। पूजा में विशेष रूप से वरिष्ठ उद्योगपति एचके बत्रा, आरके बत्रा, धीरज पुंजानी, नीरज मिगलानी प्रधान ओल्ड फरीदाबाद व्यापार मंडल, नीरज भाटिया प्रधान जवाहर कालोनी व्यापार मंडल, केवल खत्री, नीरज अरोड़ा सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया। प्रधान जगदीश भाटिया ने सभी गणमान्य जनों को माता के आशीर्वाद स्वरूप चुनरी भेंट की।


एनएच वन बी ब्लाक स्थित हनुमान मंदिर में नवरात्र के अवसर पर पूजा करते श्रद्धालु।

**काली मंदिर :** सिद्धपीठ काली मंदिर में भी मां के छठे नवरात्रे की पूजा की गई। प्रधान राकेश रक्कू ने बताया कि मां की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि मां कात्यायनी शेर पर सवार रहती हैं। इनकी चार भुजाएं हैं, इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार है। दाहिने हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा अंकित हैं।

**पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर :** एकबी-ब्लॉक में पावन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर में नवरात्र के मौके पर भव्य पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में सायं कालीन आरती के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया और सभी भक्तों ने मां की पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। साथ ही पवन लाडला ने अपने भजनों द्वारा लोगों को आकर्षित किया। सभी भक्तों ने मां के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई और उनसे मन की मुराद मांगी। मंदिर संस्थान के प्रधान व पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा और उनके सुपुत्र युवा नेता एवं समाजसेवी भारत अशोक अरोड़ा ने सभी भक्तों का स्वागत किया।

## अंधकार का नाश करती है माता कालरात्रि : मुनिराज

**फरीदाबाद।** राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराजजी ने बताया कि मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि की सातवें नवरात्रे पर पूजा की जाती है। मां कालरात्रि का वर्ण रात्रि के समान काला है, लेकिन वह अंधकार का नाश करती है व दुष्टों और राक्षसों का अंत करती है। मां का कालरात्रि रूप भक्तों को शुभ फल देता है। इसलिए मां शुभकारी भी कहलाई जाती हैं। मां के नेत्र ब्रह्माण्ड के समान गोल है। मां की हर श्वास के साथ नासिका से अग्नि की ज्वालाएं निकलती रहती हैं। मां की चार भुजाएं है, जिसमें वह खडग, लोहे का अस्त्र, अभयमुद्रा और वरमुद्रा धारण किए हुए है। मां अपने गदर्भ पर सवार हैं। मां कालरात्रि ने रक्त, बीज नामक दैत्यों को मारने के लिए यह स्वरूप धारण किया था। दोनों राक्षसों को वरदान था कि उनके रक्त की एक बूंद जहां भी गिरेगी, वहां हजारों रक्तबीज उत्पन्न हो जाएंगे। इसलिए मां ने कालरात्रि ने विकराल रूप धारण कर उन दोनों राक्षसों का वध कर, उनके रक्त को मां ने पी लिया। मां के पूजन में गुड का भोग अर्पित करें, ऐसा करने से भक्त शोकमुक्त हो जाते हैं। मां कालरात्रि की पूजा करने से मनुष्य समस्त सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है। मां की भक्ति से दुष्टों का नाश होता है और ग्रह की बाधाएं दूर होती है। कालरात्रि की उपासना का मंत्र-एकवेणी जपाकर्ण पूरा नग्ना खरास्थिता, लम्बोष्टी कर्णिका कर्णी तैला यक्त शरीरिणी। वामपादोल्ल सल्लोह लता कण्ठक भूषणा, वर्धन मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी। दूसरा मंत्र है- जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी। दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते।

# भारत को सबसे विकसित देश बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर अभियान के तहत महिलाएं और युवा स्वरोजगार की दिशा में इसी तरह बेहतर कदम उठाते रहे तो भारत निश्चित तौर पर दुनिया में नंबर वन विकसित देश बनेगा। आत्मनिर्भर अभियान के तहत देश में स्वयं सहायता समूह की लाखों महिलाएं अपने स्वयं के कारोबार करके बेहतर उत्पाद बनाकर व्यापार में भागीदारी जता रही हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर आज शनिवार को स्थानीय सेक्टर-12 के कन्वेंशन हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव सेवा पखवाड़े के तहत आत्मनिर्भर अभियान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जिला फरीदाबाद में वोकल फार लोकल अभियान मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित स्वयं सहायता सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे।


सेक्टर 12 कंवेशन हाल में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छत्राएं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर अभियान के तहत वोकल फार लोकल कार्यक्रम के तहत लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भर निर्भर बनाने का काम किया है। इन महिलाओं से देश की अन्य महिलाएं प्रेरणा लेकर वह भी देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भागीदारी कर रही है।

गुर्जर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने हाथों से बनी वस्तुओं की क्वालिटी से किसी भी प्रकार का समझौता ना करें। अच्छी क्वालिटी की वस्तु बनाएंगे तो उसके दाम भी अच्छे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी वस्तुएं तैयार करें जो देश के लिए ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उनकी मांग बढे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हर बहन स्वावलंबी बनेगी तो हर हाथ को काम मिलेगा और काम के बदले आमदनी भी बैठेगी तो निश्चित तौर पर संपन्न भारत बनाने में स्वयं सहायता समूहों की स्वावलंबी महिलाओं का विशेष योगदान होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले 25 साल देश की जनता के लिए अमृत काल है। इस अमृत काल के दौरान हमें देश को संपन्न बनाने में नए नए उत्पाद तैयार करने होंगे। जब हमारा देश आजादी का 100वा वर्ष मनाएगा तब दुनिया का नंबर वन विकसित देश बनानेगा।

जिला परिषद सीईओ सुमन भाकर ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत करते हुए कहा कि मेक इन इंडिया के तहत वोकल फार लोकल मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मेले में 12 विभागों शहरी और ग्रामीण सहायता समूह के ग्रुप आए हैं। जिन्होंने अपने प्रोडक्ट की स्टाले भी लगाई गई है।

सीइओ सुमन भाकर ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल अभियान के मेले में कृषि और किसान कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग, वन स्टाप सेंटर, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम, एसीएफ का स्थानीय शहरी निकाय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना ने अपनी स्टाले भी लगा रखी हैं।

## युवक की हत्या कर शव रेलवे फाटक पर फेंका


घटना स्थल पर छानबीन करते पुलिस अधिकारी।

**फरीदाबाद।** एक व्यक्ति की हत्या के बाद शव को सबूत मिटाने के उद्देश्य से रेलवे फाटक की चारदीवारी के भीतर फेंक दिया गया। शव मिलने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान न होने पर जीआरपी थाना पुलिस ने शव को पहचान और पोस्टमार्टम के लिए बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस आसपास पूछताछ करते हुए जांच में जुटी हुई है।

**यह था मामला:** सराय रेलवे फाटक के निकट जीआरपी ने चारदीवारी के अंदर एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। जानकारी देते हुए ग्रीनफील्ड कॉलोनी चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें शनिवार सुबह जानकारी मिली कि चारदीवारी के अंदर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। वह अपने एरिया की घटना समझ कर मौके पर पहुंच गए, लेकिन शव रेलवे फाटक की चारदीवारी के भीतर था, तो उन्होंने इसकी सूचना जीआरपी को दी। जिस पर जीआरपी के सब इंस्पेक्टर राजपाल सिंह अपनी टीम को लेकर मौके पर पहुंच गए। मौके पर 35 वर्षीय व्यक्ति का शव था, जिसकी हत्या कहीं और करके यहां शव को फैंका गया था। इस दौरान डॉग स्क्वायड और सिन ऑफ क्राइम टीम भी पहुंच गई। मृतक ने मेहंदी रंग की टीशर्ट और नीले रंग का अंडरवीयर पहन रखा था। फिलहाल पुलिस ने शव को बीके अस्पताल की मोंचरी में रखवा दिया है।

## इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र के एसजीएम नगर 'सी' व 'ई' ब्लॉक में करीब 1.15 करोड़ रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के कार्य (मुख्यमंत्री घोषणा 25284) का शुभारंभ स्थानीय विधायक सीमा त्रिखा ने स्थानीय जनता के कर-कमलों से संपन्न कराया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत कर उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही इस कार्य को पूरा करके जनता को समर्पित कर दिया जाएगा और उनकी जो अन्य समस्याएं हैं। उनको भी ध्यान में रखा गया है तथा ही जल्द ही उनका भी समाधान करके समस्याओं से निजात दिलाई जाएगी। विधायक



श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि एसजीएम नगर को बडखल विधानसभा क्षेत्र में विकास के मामले में नंबर-1 बनाने के लिए वे दिन-रात प्रयासरत हैं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कुशल नेतृत्व व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर के मार्गदर्शन में बडखल विधानसभा क्षेत्र में आज हर ओर विकास कार्यों की बयार बह रही है और क्षेत्र का कोई भी कोना ऐसा नहीं है जहां किसी न किसी प्रकार का विकास कार्य न कराया जा रहा है।

## येलोस्टोन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की भव्य शुरूआत

### 16 देशों से आई 50 से ज्यादा फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

पायनियर समाचार सेवा। गुड़गांव

**येलोस्टोन** अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की भव्य शुरूआत गुड़गांव स्थित डीएलएफ साइबरपार्कमें शुक्रवार, 30 सितंबर को बड़े ही धूमधाम से हुई। सात अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव में दुनिया भर के 16 देशों से आयी 50 से ज्यादा ऐसी फिल्मों की स्क्रीनिंग की ऐसी जायेगी जिसका निर्माण स्वतंत्र रूप से किया गया है। इस पूरे महोत्सव में 10 फिल्मों की फिजिकल और 46 की वर्चुअल स्क्रीनिंग शामिल है। इस महोत्सव में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, भारत, साइप्रस, इटली, नीदरलैंड, चिली, स्पेन, पाकिस्तान, बेल्जियम, तुर्की, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और स्वीडन जैसे देश भाग ले रहे हैं।

येलोस्टोन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक तुषार त्यागी ने कहा, 'हम अत्यधिक अनिश्चितता में जी रहे हैं, वर्तमान महामारी, चल रहे युद्ध और दुनिया में अन्य आपदाओं के लिए हमें अपने जीवन और उन चीजों पर



आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है। जिनसे हम अक्सर शर्माते हैं। महज बात करने से दूर सिनेमा ने हमेशा बहस और राय पर मंथन में एक अभिन्न भूमिका निभाई है, फिल्मों का हमारा चयन उन विचारों को दूर करने का वादा करता है।' महोत्सव का शुभारम्भ रसिका दुगल और मुकुल चड्ढा अभिनीत फंतासी फीचर फिल्म फेयरी फोल्क्स के भारत प्रीमियर और फराज अंसारी की लघु फिल्म शीर कोरमा की स्क्रीनिंग के साथ हुआ। जिसमें स्टारकास्ट के साथ एक चर्चा भी हुई। आपको बता दें कि येलोस्टोन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल विश्व स्तरीय सिनेमा को बढ़ावा देने का एक ऐसा मंच है। जिसका मकसद दुनिया भर में विचारोत्तेजक विषयों पर बनाई बन रही इंडिपेंडेंट फिल्मों को बढ़ावा देने के साथ उन दर्शकों को समृद्ध करना है जो सार्थक संवाद कायम करने में विश्वास रखते हैं।

## सम्मान समारोह में साइबर अपराधों पर किया जागरुक

**फरीदाबाद।** एडीजीपी क्राइम ओपी सिंह के दिशा निर्देश के तहत फरीदाबाद पुलिस अक्टूबर महीने में नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाने जा रहे हैं जिसमें पूरे महीने में नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में फरीदाबाद साइबर अपराध के नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत व उनकी टीम ने सर्वोदय अस्पताल के ऑडिटोरियम में करीब 300 वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। यह कार्यक्रम दक्ष फाउंडेशन की सहायता से आयोजित किया गया था जिसमें केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अक्टूबर माह साइबर जागरूकता के लिए बहुत अहम हैं।

# जाम से मुक्ति दिलाने को बनी सड़क पर लगे बैरियर

### उद्घाटन से पहले ही जगह-जगह से टूटने लगी है सड़क

कविता। फरीदाबाद

**लोगों** को जाम से मुक्ति दिलवाने के लिए जगह जगह सड़के बनाई जा रही। लेकिन भष्ट्राचार के कारण कई बनने के बाद ही टूटने लगती हैं। इसका ताजा उदाहरण गुडगांव कैनाल के साथ बनी सड़क पर देखने को मिला। भारी वाहनों के आवागमन के लिए बनी इस सड़क को बैरियर लगाकर बंद कर दिया गया। अब केवल इस सड़क से छोटे वाहन ही गुजर सकेंगे। बैरियर की मुख्य वजह सड़क की घटिया सामग्री है।

सिंचाई विभाग द्वारा बाइपास रोड से नेशनल हाईवे बल्लभगढ़ तक गुड़गांव केनाल के किनारे सड़क बनाई गई थी। इस सड़क की हालत इतनी खस्ता गई कि किसी भी वाहन का वहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। अब यह सड़क



जगह-जगह पर 2 से 3 फुट गहरे व 8 से 10 फुट लंबे बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस सड़क पर कई बार मरम्मत कार्य की लीपापोती हो चुकी हैं। अब इसी विभाग द्वारा इस सड़क का विस्तार करते हुए सेक्टर 24 सोहना रोड से सेक्टर 25 तक गुडगांव कैनाल के साथ एक अन्य डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किए हुए 6 महीने से अधिक समय बीत चुका है। इसके निर्माण में घटिया और सस्ती सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसे देखते हुए भारी वाहनों के लिए बनी इस सड़क को बैरियर लगा बंद कर दिया है।

**होनी चाहिए जांच :** समाजसेवी गुरमीत सिंह ने बताया कि बिना जांच-पड़ताल के बनाई गई यह सड़क इस्तेमाल के तुरंत बाद ही टूटने की संभावना है। भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने और सड़क को छह से आठ महीने ठीक ठाक रखने को इस पर बैरियर लगा दिए गए हैं, क्योंकि भारी वाहनों के गुजरने से भ्रष्टाचार की पोल खुल जाएगी। सरकार द्वारा टेंडर कॉल करते समय वर्क आर्डर में रखी गई शर्तों के अनुसार बहुत ऊंची दर पर यह ठेका दिया गया था।

## ऐतिहासिक यमुना आंदोलन के लिए तेज होगी मुहिम: डॉ. सिंह

**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर आरएन सिंह ने हरियाणा सरकार के पूर्व पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री विपुल गोयल के साथ यमुना रक्षक दल के स्टीकर का लोकार्पण किए।

डॉ.आर एन सिंह ने कहा कि यमुना जी की अविरलता एवं निर्मलता के लिए यमुनानगर से प्रयागराज तक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही अन्य राज्यों में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर देव भूमि उत्तराखंड के डाक पत्थर से लाए गए पवित्र यमुना जल एवं हरिद्वार, हरि की पौड़ी से लाए गए पवित्र गंगा जल का सम्मिश्रण भेंट कर राष्ट्रीय तथा वैश्विक स्तर पर जनमानस तैयार किया जाएगा। डॉ.आर एन सिंह ने कहा कि यमुना जी की अविरलता तथा निर्मलता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा के माध्यम से जन जागृति लाने तथा समस्त प्राणीमात्र के कल्याणार्थ प्रयास किए जा रहे हैं।

## हरियाणा की बेटियां नेशनल गेम्स में जीत रहीं पदक



**फरीदाबाद।** निधि रानी रोहतक ने एथलेटिक्स हरियाणा को दिया पहला स्वर्ण पदक, इंद्रजीत भिवानी ने शाट पुट, मनप्रीत कौर अम्बाला ने शाट पुट और रेणु चिकारा सोनीपत ने हैमर थ्रो में कांस्य पदक जीते।

यह बात एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने कही। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन निधि रानी ने 51 मीटर और 65 सैंटीमीटर की डिस्कश थ्रो इवेंट में पहला स्वर्ण जीतकर हरियाणा का मान भारत वर्ष में बढाया। इंद्रजीत भिवानी ने शाट पुट इवेंट में 18 मीटर 64 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक विजेता बना। राजकुमार मिटान ने बताया कि पहले दिन शाट पुट इवेंट में मनप्रीत कौर अम्बाला ने 16 मीटर 76 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीतकर हरियाणा राज्य को दिया और एथलेटिक्स हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। मिटान ने कहा कि हैमर थ्रो इवेंट में रेणु सोनीपत ने 58 मीटर 74 सैंटीमीटर की बेहतरीन थ्रो कर कांस्य पदक विजेता बन हरियाणा राज्य का गौरव बढाया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को भारतीय ओलम्पिक संघ के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला आदि ने शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्टर आठ मार्केट की वेलफेयर एसोसिएशन का हुआ गठन



**फरीदाबाद।** शनिवार को सेक्टर आठ के हुडा मार्केट की नई मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन का सर्व सम्मति से गठन किया गया है। जिसका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दलाल को चुना गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों को भी चुना गया। मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दलाल ने बताया कि एसोसिएशन का गठन सर्व सम्मति से किया गया है। एसोसिएशन मार्केट में मौजूद व्यापारी भाइयों, छोटे-बड़े दुकानदारों की भलाई और सेवा के लिए बनाई गई है। दुकानदार भाइयों की जो भी समस्या होगी। उनका समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन में अन्य लोगों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। जिनमें चेयरमैन रमेश शर्मा, वाइस चेयरमैन रमेश तेवतिया, उपाध्यक्ष राजेश बडेरा, जनरल सैक्रेटरी पवन नारंग, ज्यॉन्ट सैक्रेटरी राजेश गुप्ता और ट्रैजरार हरीश गुप्ता को बनाया गया है।

### जरूरतमंदों की मदद के लिए किया श्रमदान



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एनएसएस की इकाईयों द्वारा अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी के चलते पटेल नगर में वस्त्र वितरण व महाविद्यालय में श्रमदान का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों की देखरेख में स्वयंसेविका-स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों में जरूरतमंद बच्चों की मदद करने के लिए और बदलते हुए मौसम के अनुरूप बांटने योग्य सामग्री जैसे गर्म कपड़े, चादर, बैग, टिफिन और अन्य जरूरतों का सामान इकट्ठा किया गया। तत्पश्चात यह सभी सामान पटेल नगर में उन जरूरतमंद बच्चों को पहुंचाया गया। जिनको इसकी वास्तविक आवश्यकता थी। साथ ही साथ जूते और कुछ पुस्तकें भी बच्चों को बांटी गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने बच्चों को संदेश दिया कि यदि हम कुछ समाज सुधार लाना चाहते है तो इसकी शुरुआत हम दूसरों की भलाई करके कर सकते हैं, क्योंकि जब हम दूसरों की मदद करेंगे तो एक अच्छा समाज स्वयं ही बन जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने एक स्वच्छ और सुदृढ़ समाज के लिए श्रमदान को अत्यंत आवश्यक बताया और कहा कि श्रमदान से ही हमारा भारत महान बनेगा प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और एनएसएस की सभी प्रभारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा और सीमा मलिक को कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।

### मान्या ने जीता ताइक्वांडो में सिल्वर मेडल



**फरीदाबाद।** राज्य स्तरीय सब जूनियर कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता के पहले दिन शहर की मान्या मित्तल ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता अंबाला में शनिवार से शुरू हुई। तान्या के सिल्वर मेडल जीतने पर मित्तल परिवार में खुशी का माहौल है। अम्बाला की प्रतियोगिता में जिले के 52 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन शहर की मान्या मित्तल ने उम्दा प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। मान्या ने यह उपलब्धि अंडर-51 किलोग्राम भार वर्ग में पाई। ट्रेनर कुमकुम गौतम ने बताया कि मान्या सेक्टर-17 के मॉर्डन विद्या निकेतन स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ती है, जो पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी बराबर समय देती है। यहीं कारण है कि मान्या मेडल जीतने में सफल रही।

### रावल स्कूल में मनाई गांधी और शास्त्री की जयंती

**फरीदाबाद।** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। गांधी जी के मूल्यों का अनुसरण करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के साथ इस दिन को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया गया। छात्रों ने दांडी मार्च को जीवंत करते हुए 'गांधी जी की जीवन यात्रा-एक सोच, एक सत्य' नामक एक लघु नाटिका में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महात्मा गांधीजी के विभिन्न सिद्धांत, तथा स्वच्छ भारत अभियान विषय पर अनेक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रपिता को श्रद्धाजंलि अर्पित की गयी। छात्रों द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। चित्रकारी, वाद-विवाद, भाषण, कविता और नाटक द्वारा बच्चों ने स्वच्छता का संदेश दिया। प्रिंसिपल राखी वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह गांधीजी के विश्वासों को सुदृढ़ करने, हमारे जीवन पर उनके प्रभाव को प्रतिबिंबित करने और उज्ज्वल भविष्य के लिए उच्च सिद्धांतों के साथ एक सरल जीवन जीने का समय है। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि ऐसे उत्कृष्ट आयोजन युवा मन को गांधीजी के विचारों को समझने- पालन करने और स्वच्छ-स्वास्थ्यवर्धक भारत का निर्माण करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ पीएम को लिखी खून से चिट्ठी



**फरीदाबाद।** जिले में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार को लेकर आज फरीदाबाद के युवा और समाजसेवियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से चिट्ठी लिखी। इस चिट्ठी की मार्फत फरीदाबाद लगातार शिक्षा विभाग, नगर निगम, तहसील में भ्रष्टाचार के मामले बढ़ रहे हैं। युवा आगाज संगठन ने जिला उपायुक्त से लेकर विधायक व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर प्रदर्शन तक कर चुके है। इसी कड़ी में सेक्टर-10 प्रदेश के परिहवन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा के ऑफिस के बाहर अपने खून से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहरलाल को फरीदाबाद में बढ़े रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ चिट्ठी लिखी। हरियाणा सरकार और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भ्रष्टाचार के प्रति अपना रोष व्यक्त किया। युवा आगाज के संयोजक जसवंत पवार ने बताया कि फरीदाबाद में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। जिसका ताजा उदाहरण जिला फरीदाबाद शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी पर 2700000 रुपये गबन के आरोप में न्यायालय के आदेशों पर एफआईआर दर्ज हुई है, जिसके बाद आज तक भी वह शिक्षा विभाग की मेहरबानियों व अपनी शिक्षा विभाग में पकड़ के चलते अपने पद पर बनी हुई है।

### नकली घी बनाकर बेचने के दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप की टीम ने शहर में नकली घी बनाकर बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मित्रसेन और धर्मेंद्र का नाम शामिल है। दोनों आरोपी बल्लभगढ़ के अनाज मंडी के पास रहते हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना आदर्श नगर अब क्षेत्र से 1563 लीटर नकली देसी घी, 79 पीपा रिफाइंड 1185 लीटर, 20 टीन रिफाइंड तेल 300 किलोग्राम, 1 पीपी 4 लीटर देसी घी फ्लेवर और खाली पैकिंग कार्टून सभी कंपनियों देसी घी के मिल्कफूड पतंजलि, अमूल मदर डेयरी, पारस, मधुसूदन, कृष्णा घी सूर्या वनस्पति घी के खाली पैकिंग कार्टून, रेपर नकली घी बनाने का सामान गैस सिलेंडर चूल्हा में मशीनें उपकरण इत्यादि बरामद किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना आदर्श नगर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# स्वस्थ रहना है तो इस मौसम में खाइए पालक, मैथी, बथुआ, चौलाई हरी जैसी सब्जियां

## पोषण माह के तहत लोगों को खान-पान के प्रति किया जा रहा जागरुक

## आयुष विभाग द्वारा 1 से 30 सितंबर तक चलाया गया राष्ट्रीय पोषण माह

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**देसी** खान-पान से हम दूर होते जा रहे हैं। इसलिए कई बीमारियों के हम शिकार हो रहे हैं। पहले मौसम के अनुसार फल-सब्जियां हमारी खाने की थाली की शोभा होते थे, लेकिन अब हमारा खान-पान बेमौसमी हो चला है।

ऐसे में बीमारियां होना तो लाजिमी है। अगर स्वस्थ रहना है तो हमें फिर से अपने बड़े-बुजुर्गों के उस समय में लौटना होगा, जब देसी, प्राकृतिक खाने की चीजों को महत्व दिया जाता था। यही पोषण माह का उद्देश्य है कि हमें अपने खान-पान को सही करना चाहिए। इससे हम अपनी बिगड़ी सेहत को सुधार सकते हैं।

इस मौसम में उपलब्ध आंवला विटामिन-सी का बहुत अच्छा स्रोत होता है। कच्ची हल्दी जिसका हम सब्जी, अचार या दूध के में डालकर प्रयोग कर सकते हैं। वह हमें बहुत से रोगों से बचाती है। हरी सब्जियां, पालक, मैथी, बथुआ, चौलाई इत्यादि भी इस मौसम में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं। जिनका रोटी में या साग के रूप में प्रयोग करके खून की कमी को पूरा किया जा सकता है।

**खान-पान की गलत आदतों से होता है कुपोषण :** जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मंजू बांगड़ का कहना है कि आजकल बालक-बालिकाएं एवं युवा खानपान की गलत आदतों के कारण कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। मोटापा भी कुपोषण का ही एक लक्षण है। मौसम के अनुसार उपलब्ध फल और सब्जियां आसानी से उपलब्ध, सस्ते और पौष्टिकता से भरपूर होते हैं। गेहूं और चावल के अतिरिक्त मोटा अनाज ज्वार, बाजरा, रागी इत्यादि का सेवन भी करना चाहिए। आजकल के युवा योग के स्थान पर जिम जाते हैं। वहां पर कृत्रिम प्रोटीन का सेवन करते हैं, जोकि उनके पाचन संस्थान को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसीलिए कृत्रिम प्रोटीन के स्थान पर अंकुरित दालें, पनीर, गर्म दूध का सेवन लाभदायक है।


गुरुग्राम में पोषण माह के तहत एक स्कूल में बच्चों को जागरुक करके दवा वितरित करते आयुष विभाग के डॉक्टर।

डा. मंजू बांगड़ के अनुसार आयुष विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर पोषण माह मनाया गया। गुरुग्राम जिले में इस दौरान विभिन्न स्थानों पर 30 शिविर लगाए गए इन शिविर में लगभग 7259 लोग लाभान्वित हुए। इन सभी को परामर्श, चिकित्सा लाभ के साथ-साथ उचित खानपान एवं पोषण के बारे में जानकारी दी गई।

# गुरुग्राम के ग्लोबल फायर मॉल में लगी आग से पहली मंजिल जलकर खाक


गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर ग्लोबल फॉयर मॉल में आग बुझाती हाईड्रोलिक फायर बिग्रेड व बिल्डिंग से निकलता धुआं।


गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर ग्लोबल फायर मॉल में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी।

## आग लगने के कारणों का नहीं चल सका है पता

## दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

## मॉल से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** की सुबह यहां गोल्फ कोर्स रोड पर एक मॉल की पहली मंजिल पर आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे फ्लोर पर फैल गई। इस आग में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

दमकल विभाग ने कई गाड़ियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। मॉल की ऊंचाई को देखते हुए मौके पर हाइड्रोलिक फायर बिग्रेड भी मंगाई गई। आगजनी के बीच वहां से तीन लोगों को रेस्क्यू भी किया गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड स्थित रैपिड मेट्रो स्टेशन 42 एवं 43 के बीच में गलोबल फॉयर मॉल बना हुआ है। यह काफी बड़े क्षेत्रफल में बना है। शनिवार की सुबह मॉल की खिड़की से धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते धुएं के बीच आग की लपटें भी निकलीं। सूचना पाकर तुरंत मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियों के साथ आग बुझाने कर्मचारी पहुंचे। हाईड्रोलिक फायर बिग्रेड से पहले खिड़की से पानी और फॉगिंग की गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव का कार्य शुरू कर दिया गया। कड़ी मेहनत के बाद वहां पर फंसे पांच लोगों को बाहर निकालकर उन्हें एम्बुलेंस में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आग बुझाने के बाद जब मॉल का निरीक्षण किया गया तो वहां पहली मंजिल पर सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। कल तक चमकने वाले इस मॉल की पहली मंजिल पर कालापन और धुआं छा गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गुरुग्राम का यह काफी बड़ा मॉल है। सामान्य तौर पर यहां काफी भीड़ भी रहती है। यह गनीमत है कि आग की घटना सुबह के समय हुई।

अगर दिन में या फिर शाम के समय इस तरह की घटना होती तो स्थिति बहुत भयावह हो सकती थी। गुरुग्राम के अलावा दिल्ली, नोएडा तक के लोग यहां पर घूमने और शॉपिंग के लिए आते हैं। इसी मॉल में कई बड़ी कार निर्माता कंपनियों के भी शोरूम हैं। गनीमत रही कि उन शोरूम तक आग नहीं पहुंची। ऐसा होता तो यहां अरबों रुपये का नुकसान हो सकता था।

# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण


गुरुग्राम में दिव्यांगों को उपकरण वितरित करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**गुरुग्राम।** स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश भर में सामाजिक अधिकारिता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को गुरुग्राम में यह शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया।

यहां सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में लगाए गए इस शिविर में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने दिव्यांगजनों को भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन गुरुग्राम एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर की ओर से किया गया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहे। हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन में वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करने में जिला रेडक्रास सचिव विकास कुमार व सोसायटी के अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। सचिव विकास कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के साथ एलिम्को का यह अच्छा प्रयास है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवरात्रि पर्व पर महिलाओं ने डांडिया उत्सव में की मस्ती


अल्फा कॉर्प गुड़गांव वन सोसायटी में डांडिया उत्सव में भाग लेती महिलाएं।

**गुरुग्राम।** शहर में अनेक जगहों पर डांडिया का आयोजन किया गया जा रहा है। इसी कड़ी में अल्फा कॉर्प ने नवरात्रों के पावन पर्व के शुभ अवसर पर अल्फा कॉर्प गुड़गांव वन सोसायटी सेक्टर-84 में डांडिया नाइट का आयोजन किया। डांडिया की थाप पर महिलाओं ने खूब मस्ती की। पारंपरिक संस्कृति और सौहार्द के साथ इस उत्सव को मनाया। महिलाओं ने कहा कि खुशी है कि हम 2 साल बाद इस तरह के भव्य स्तर पर त्योहार का आनंद ले रही हैं। दुर्गा मां हम सबका भला करे। यह खुशियों से भरी रात है। नवरात्रि और त्योहारों का मौसम सभी के लिए आध्यात्मिकता और आशीर्वाद लेकर आता है। डांडिया उत्सव में लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। आगंतुक अपने परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ भव्य रात का आनंद लेने आए थे। लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया और जमकर मस्ती की।

### अभयपुर में आज से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरु

**सोहना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंति के उपलक्ष में खंड के गांव अभयपुर में दो दिवसीय हरियाणा पंचायती सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता शुरु होगी। जिसमें प्रतियोगिता की प्रथम विजेता टीम को 71 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। अभयपुर में होने वाली हरियाणा पंचायती सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता के साथ एथलेटिक्स खेल कराएं जाएंगे। खेल समिति के वरिष्ठ सदस्य लीलू पहलवान ने बताया कि प्रतियोगिता की विजेता टीम को 71 हजार रुपये का नकद पुरस्कार होगा। उपविजेता टीम को 51 हजार दिया जाएगा। क्षेत्रीय टीम की प्रतियोगिता रविवार को कराई जाएगी। सोमवार की सुबह एथलेटिक्स खेल कराएं जाएंगे। जिसमें 100 से लेकर 3000 किलोमीटर की दौड़ भी शामिल है। प्रतियोगिता में लड़कियों का कबड्डी मैच मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा।

### दिव्यांग बच्चों के लिए 18 से 21 अक्टूबर को लगेगा जांच कैंप

**सोहना।** कादीपुर के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच शिविर 18 से 21 अक्टूबर तक लगेगा। जिसमें जिला गुरुग्राम में रहने वाले दिव्यांग बच्चे अपने शारीरिक जांच करा सकेंगे। समावेशी शिक्षा विभाग के खंड अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि दिव्यांग बच्चों की शारीरिक जांच के लिए कादीपुर के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 18 से 21 अक्टूबर के बीच में चार दिवसीय शिविर लग रहा है। जिसमें जिला के किसी भी कौने से दिव्यांग बच्चों को अभिभावक लेकर जा सकते हैं। दिव्यांग बच्चे की शारीरिक जांच होगी। उसके आधार पर सहायक उपकरण फ्री में दिए जाएंगे। जिसके कारण दिव्यांग बच्चा अपना जीवन कठिनाओं के बीच न जी सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश और केन्द्र सरकार के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को हर माह सहायता राशि भी दी जाती है। दिव्यांगता के दायरे में आने वाले बच्चे को अभिभावक इस शिविर में जरूर जाए।

### अदालत ने प्रेमिका को पति संग प्रेमी की हत्या में भेजा जेल

**सोहना।** भोंडसी पुलिस ने एक दिन की रिमांड पर आए दंपति से बनी मौर्य हात्याकांड में की गई पूछताछ के दौरान लकड़ी का डंडा और कस्सी बरामद की है। अदालत ने दंपति को न्यायिक हिरासत में 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। भोंडसी थाना पुलिस ने उत्तराखंड निवासी बरीमौर्य हत्याकांड में अदालत द्वारा एक दिन रिमांड पर भेजे गए दंपति धनदेवी और हरीशपाल निवासी बदाऊं उत्तराखंड से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान धनदेवी और हरीशपाल ने पुलिस को भोंडसी की शनिविहार कॉलोनी से करीब 500 मीटर दूर अरावली पहाड़ी की तहलटी में बनी झील में झाड़ियों के बीच से बरामद की है। जिससे हरीशपाल दिन के समय में छुपाकर आया था। मामले की जांच कर रहे एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि शनिवार को धनदेवी व हरीशपाल को अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भोंडसी भेज दिया है। मालूम रहे कि करीब साढ़े पांच माह पहले धनदेवी और उसके पति हरीशपाल ने मिलकर जिला नैनीताल के शहर हल्द्वानी निवासी 40 वर्षीय बनी मौर्य की भोंडसी की शनि विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हत्या कर दी थी। बनीमौर्य धनदेवी से प्रेम करता था और धनदेवी बनी मौर्य को मार्च 2021 में हलद्वानी जाकर भोंडसी आने को कहा था। इतना ही नहीं धनदेवी अपना मोबाइल नंबर बनीमौर्य को देकर आई थी। बनीमौर्य अपने घर से 14 अप्रैल को भोंडसी के लिए चला था। लेकिन घरवालों को बनी मौर्य गाजियाबाद जाने को कहकर निकला था।

### महिला ने लगाया पुत्रवधु-भाई पिता पर चोरी का आरोप

**सोहना।** बिहार की मूल निवासी महिला ने पुत्रवधू समेत उसके भाई व पिता पर बंद मकान में रखी अलमारी में से चोरी करने का आरोप लगाया है। महिला ने चोरी हुई अलमारी में सोना, चांदी और 50 हजार रुपये नकद रखे होने का दावा किया है। बिहार मूल निवासी महिला श्यामा देवी ने भोंडसी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह हाल में सोहना सेक्टर-4 में बनी जीएलएस सोसायटी में पति के साथ रहती है। उसके बेटा सत्यम की शादी 28 जून 2012 को हुई थी। उसका बेटा 2019 में कमाई करने के लिए यूएई चला गया था। सत्यम यूएई जाने से पहले भोंडसी की वाटिका कुंज स्थित अपने कमरे की चाबी उसे देकर गया था। जिसकी अलमारी में 12 तोला सोना, आधा किलो चांद और 50 हजार रुपये रखे थे। वह 2020 में अपनी ससुराल ससुर की सेवा करने के लिए बिहार गई थी। 28 जून 2021 को भोंडसी की वाटिका कुंज में बने मकान में देखा की तीनों कमरे के दरवाजों पर लगे ताले टूटे हुए थे।

# सच की नाव हिलती-डुलती है, लेकिन डूबती नहीं : दीदी

**गुरुग्राम।** ब्रह्माकुमारीज के बोहड़ाकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए दुआओं का दरिया कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए ओआरसी की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि बुजुर्ग वास्तव में दुआओं का दरिया होते हैं।

बुजुर्गों की दुआएं अथवा आशीर्वाद जीवन को सुखद बनाती हैं। जहां दवा काम नहीं करती, वहां दुआ काम करती है। आशा दीदी ने कहा कि जीवन गुणों से निखर जाता है। बुजुर्ग एक छायादार वृक्ष के समान हैं। जिनकी छांव में हम स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं। जिसके पास जो होता है, दूसरों को वो वही देता है। उन्होंने कहा कि कभी-भी, किसी भी परिस्थिति में निराश नहीं होना है। हमें सदैव अच्छा ही करना है। उन्होंने कहा कि कई बार मन में आता है कि गलत करने वाला मौज में है, जबकि अच्छाई पर चलने वाला व्यक्ति परेशान है। कुछ समय लगेगा कि बुराई की विजय हुई, लेकिन उसमें सदा की हार समाई होती है। सच की नांव हिलती-डुलती है, लेकिन डूबती नहीं।


बोहड़ाकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए दुआओं का दरिया कार्यक्रम में बोलतीं निदेशिका आशा दीदी व उपस्थित लोग।

# वृद्धजनों की सेफ्टी के लिहाज से गुरुग्राम अव्वल

## केंद्रीय मंत्री ने सीनियर सिटीजन क्लब बनाने को सांसद निधि कोष से दिए 16 लाख रुपये

## वृद्ध व्यक्तियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री इंद्रजीत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि देश में उच्च पदों व विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे चुके वरिष्ठ अधिकारी अपनी सेवानिवृत्ति के उपरान्त रहने का स्थान चुनने में गुरुग्राम को पहली प्राथमिकता में रखते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम शहर युवाओं की पहली पसंद होने के साथ साथ वृद्धजनों की सेफ्टी के लिहाज से भी सबसे अव्वल शहर है। वे शनिवार को वृद्ध व्यक्तियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर फेडरेशन ऑफ सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम्स व फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भिवानी-महेंद्रगढ़ से सांसद धर्मबीर सिंह भी उपस्थित थे।


गुरुग्राम में वृद्ध व्यक्तियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्ग का स्वागत करते मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वृद्धजनों के सम्मान के ऐसे कार्यक्रम हमेशा होते रहने चाहिए, ताकि वृद्धजनों का आशीर्वाद मिलता रहे। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों का अनुभव हमारी युवा पीढ़ी एवं समाज को अग्रणी बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। ऐसे में देश में तेजी से हो रहे सामाजिक परिवर्तनों में हमें हमारे बुजुर्गों की मानसिक संवेदनाओं व उनके एकाकीपन को दूर करने पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा पंजाब से अलग हुआ तब लोगों का कहना था कि यह ऐसा प्रदेश है जहां एग्रीकल्चर तो है, लेकिन कल्चर नहीं है। आज हरियाणा प्रदेश ने वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई है। हरियाणा के विकास की इस यात्रा में आप सभी बुजुर्गों का योगदान किन्हीं अर्थों में भी भुलाया नहीं जा सकता। राव ने कहा हरियाणा की उन्नति में उन सभी लोगों का भी योगदान है जिन्होंने हरियाणा की भूमि को अपने रहने व कार्यक्षेत्र के रूप में चुना है। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजनों की मांग पर कार्यक्रम में उपस्थित गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद को निगम क्षेत्र में सीनियर सिटीजन क्लब बनवाने के निर्देश देने के साथ ही सांसद निधि कोष से 16 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय मंत्री ने 90 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुजुर्गों का माला व सम्मान का सूचक पटका पहनाकर उनका सम्मान भी किया। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि हम सभी को मिलकर ऐसे संयुक्त प्रयास करने होंगे।

# एम3एम फाउंडेशन की डॉ. कनोडिया सीएसआर कार्यों हेतु महात्मा पुरस्कार-2022 से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**एम3एम** फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) में उनके बेहतरीन नेतृत्व और एम3एम फाउंडेशन के माध्यम से वंचितों की मदद करने के उनके अटूट प्रयासों के लिए महात्मा अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया है। 1 अक्टूबर को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भव्य पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। महात्मा पुरस्कार के लिए 1900 से अधिक नामांकन और विभिन्न श्रेणियों में 90 पुरस्कार विजेता थे।

1932 में महात्मा गांधी द्वारा स्थापित हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. शंकर कुमार सान्याल द्वारा यह पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में पद्म भूषण राजश्री बिड़ला (अध्यक्ष, आदित्य बिड़ला सेंटर फॉर कम्युनिटी इनिशिएटिव एंड रूरल डेवलपमेंट), गेस्ट ऑफ ऑनर राधिका भरत राम, जो श्रीराम स्कूल्स की जॉइंट वाइस चेयरपर्सन हैं, और केएआरएम फैलोशिप की संस्थापक हैं) तथा अमित सचदेवा, सामाजिक उद्यमी और संस्थापक, महात्मा पुरस्कार भी शामिल रहे।

सीएसआर पहलों में अग्रणी, एम3एम समूह की परोपकारी शाखा एम3एम फाउंडेशन ने हमेशा समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। वर्षों से, यह अपने सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को विकसित करने, लागू करने और बढ़ाने के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में अपने सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से, फाउंडेशन वंचित समुदायों के लोगों के लिए मूल्य और सशक्तिकरण की भावना पैदा करता है। प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. कनोडिया ने कहा, 'सम्मान ने मुझे विनम्र और प्रेरित किया है। राजश्री बिरला जी और आदित्य बिड़ला समूह को इस तरह के कार्य के लिए मैं दिल से धन्यवाद देती हूं। यह उपलब्धि मुझे जीवन भर समाज के प्रति मेरी जिम्मेदारी की याद दिलाएगी।' उन्होंने आगे कहा, 'यह प्रतिष्ठित पुरस्कार समाज को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए एम3एम फाउंडेशन द्वारा किए गए अविश्वसनीय कार्य की एक उपयुक्त मान्यता और सत्यापन भी है। मैं एम3एम फाउंडेशन का भी उतना ही आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जरूरतमंद और वंचित समुदायों से जुड़ने के लिए सही मंच प्रदान किया। मैं इस सम्मान का श्रेय अपनी टीम के सदस्यों और सीएसआर के प्रति उनके समर्पण को भी देती हूं। हमारे सामूहिक प्रयासों के लिए हमें स्वीकृत और सम्मानित किया गया है।'

# खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दो माह से पेयजल आपूर्ति ठप

## कर्मचारियों और फरियादियों को पीने के लिए पानी बाजार से खरीदकर लाना पड़ रहा

**सोहना।** खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में पिछले दो माह से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। जिसके कारण कर्मचारियों को पीने के लिए पानी बाजार से खरीदकर लाना पड़ रहा है। इसके अलावा पानी के अभाव में कार्यालय में बने शौचालयों के दरवाजे तक बंद किए हुए हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात कर्मचारी और अधिकारियों को गले की प्यास बुझाने से लेकर शौच करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कार्यालय में पिछले दो माह से पेयजल आपूर्ति ठप हो रही है। जबकि कार्यालय के साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग का हजारों लीटर का पानी टैंक बना है। जिससे शहर की आधा दर्जन कॉलोनियों में पेयजल की आपूर्ति की जाती है, लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के गेट पर लगा वाटर कूलर से पानी लाकर प्यास बुझानी पड़ रही है।



> **जल्द** ही कार्यालय में ठप हुई पेयजल आपूर्ति शुरू की जाएगी। बंद पड़े शौचालयों को भी फिर से चालू कराया जाएगा।
>
> **फिरदोस**
> **(बीईओ सोहना)**

**शौचालयों की जर्जर हालत :** खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में बनें शौचालयों के दरवाजे को पानी के अभाव में रस्सी बांधकर बंद किया हुआ है। यहां पर लगे उपकरण टूटते जा रहे हैं। कार्यालय में तैनात पुरुष कर्मचारी से लेकर अन्य आने वाले शिक्षक खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं। सबसे अधिक समस्या महिला कर्मचारियों को हो रही है।

# एफएसआईआई ने एफएओ की आईटीपीजीआरएफए के बेनेफिट शेयरिंग फंड में

## 20 लाख रु. यानी कि 25,000 डॉलर का अनुदान दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फेडरेशन** ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने आज फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाईजेशन (एफएओ) की इंटरनेशनल ट्रीटी ऑन प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज फॉर फूड एंड एग्रीकल्चर (आईटीपीजीआरएफए) के बेनेफिट शेयरिंग फंड में 20 लाख रुपये (25,000 अमेरिकी डॉलर) का योगदान दिया है, जिससे बेनेफिट शेयरिंग फंड में उनके सहयोग का प्रदर्शन होता है। यह डोनेशन नई दिल्ली में जारी आईटीपीजीआरएफए की गवर्निंग बॉडी के नौवें सत्र में दिया गया। डॉ. अरविंद कपूर, वाईस चेयरमैन, एफएसआईआई ने कहा, ''आज हम दुनिया में बीज क्षेत्र द्वारा नियमित रूप से दिए जाने वाले अन्य वित्तीय योगदानों के अलावा 20 लाख रुपये (25,000 अमेरिकी डॉलर) का अनुदान दे रहे हैं। हालांकि मैं इस बात पर भी रोशनी डालना चाहता हूं कि खाद्य सुरक्षा के लिए बीज क्षेत्र के द्वारा दिए गए गैरवित्तीय योगदानों की तुलना इस अनुदान से नहीं की जा सकती। डॉ. अजय राणा, वाइस चेयरमैन, एफएसआईआई ने कहा, ''एफएसआईआई सदस्यों के लिए यह ट्रीटी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारतीय किसानों की स्थानीय जरूरतों के अनुरूप अनुकूलित फसलों की पैदावार के लिए जरूरी जर्मप्लाज्म की बेनेफिट शेयरिंग और उपलब्धता की निष्पक्ष व सरल प्रक्रिया प्रदान करती है। दुनिया में बीज क्षेत्र रोज किसानों को विभिन्न प्रकार की किस्में प्रदान कर रहा है, जिनसे वो अपने कठोर परिश्रम द्वारा एक बेहतर जीवन प्राप्त कर सकते हैं।'' एफएसआईआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डॉ. शिवेंद्र बजाज ने कहा, ''एफएसआईआई सदस्यों ने इस ट्रीटी के उद्देश्यों में सहयोग देने की सार्वजनिक घोषणा कर दी है। हम इस बात पर सहमत हैं कि पीजीआरएफए का संरक्षण व सुधार किया जाना चाहिए और इसे सभी मनुष्यों के कल्याण के लिए पूरे विश्व में फसल उत्पादकों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए। हम ऐसे फायदे प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो फसल उत्पादकों को छूट एवं गुणवत्तायुक्त बीज द्वारा खाद्य सुरक्षा में अपना योगदान दें।'' आईटीपीजीआरएफए एक विशेषज्ञ अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था है, जो आहार एवं कृषि के लिए जर्मप्लाज्म जैसे पौध अनुवांशिक संसाधनों के संरक्षण एवं सतत उपयोग व उपयोग के आधार पर बीज की बिक्री से उत्पन्न होने वाली निष्पक्ष एवं एक समान बेनेफिट शेयरिंग के लिए बनाई गई है।



# हमारे लिए राजनीति धंधा नहीं बल्कि समाजसेवा है : जाकिर हुसैन चौधरी

## रोजकामेव के स्वागत-समारोह में उमड़ा जनसैलाब, भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन का हुआ स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**नूंह** विधानसभा के गांव रोजकामेव में बाइकों व रोजकामेव की तरफ से स्वागत-समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन रहे। कार्यक्रम के आयोजक हाजी रमजान पूर्व सरपंच रोजकामेव थे।

स्वागत-समारोह में हजारों की भीड़ ने चौधरी जाकिर हुसैन का अभिवादन किया। बुजुर्गों, माताओं-बहनों ने सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया व दुआओं से नवाजा। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी नसीमा हुसैन भी मौजूद रहीं। स्टेज पर पहुंचने पर ईमामों ने चौधरी जाकिर हुसैन का पगड़ी बांधकर व बड़ी माला पहनाकर सम्मान किया। स्वागत-समारोह में चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि उनके परिवार के लिए राजनीति कोई धंधा नहीं बल्कि समाजसेवा का साधन है। उनके परिवार ने कभी झूठ व फरेब की राजनीति नहीं की। उनके लिए सांसद, मंत्री व विधायक बनना बड़ी बात नहीं बल्कि 36 बिरादरी द्वारा चौधर की पगड़ी बांधकर जो सम्मान दिया है। वो उनके लिए सर्वोच्च सम्मान है। उन्होंने इस पगड़ी के सम्मान में कभी कमी नहीं आने दी। हुसैन ने कहा कि मेवात क्षेत्र के विकास के लिए वे दिन-रात प्रयासरत हैं। अपने पिताजी मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के पदचिन्हों पर चलते हुए मेवात क्षेत्र के लोगों की हमेशा फिक्र लेकर रखते हैं। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री मनोहरलाल व भारतीय जनता पार्टी के आभारी हैं। जिन्होंने कई बड़ी-बड़ी जिम्मेदारियां उन्हें सौंपी हैं।

हुसैन ने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछले 70 वर्षों में लोगों को बेवकूफ बनाने के अलावा कुछ नहीं किया। कुछ लोग आज विपक्ष का बहाना बनाकर विकास से दूर होने की बात कहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में वे भी विपक्ष में रहे पर कभी अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटे। सीना तानकर हमेशा लोगों के हितों व भलाई के लिए 24 घंटे तत्पर रहे। केन्द्र व हरियाणा की भाजपा सरकार 36 बिरादरी के लोगों की सरकार है। सबका समान विकास कर रही है। मनोहरलाल खट्टर जैसा बेहतरीन सीएम ना तो आया है और ना ही कभी आएगा। हुसैन ने सीएम मनोहरलाल द्वारा किए जा रहे मेवात क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिए विकास कार्यों की खूब सराहना की। रेलवे लाईन, मेवात फीडर केनाल, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रैस-वे, हैवी ड्राइविंग लाईसेंसों का नवीनीकरण को शुरू करने, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार आदि बड़ी-बड़ी परियोजनाएं मेवात के लोगों दीं। जो इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

इस अवसर पर हाजी रमजान सरपंच रोजकामेव, खुर्शीद अहमद, दिलशाद खान, ताहिर हुसैन, तामिल, हाजी नूरदीन सरपंच, अल्ताफ सरपंच, हाजी आसम रायसीका, शहीद नंबरदार बाईकी, शमीम बाईकी, इसराईल बडेलाकी, लियाकत सरपंच, इसराईल रेहना, जाकिर भडंगाका, हाजी फतेला, आसफ ठेकेदार, मुबीन बड़का, जाकिर छापड़ा, जुम्मल सरपंच, जुनैद रेवासन, शमीम प्रधान घासेड़ा, जकरिया सरपंच देवला, मद्दीन सेक्रेटरी, इसलाम सरपंच, इसलाम नंबरदार, आसू पहलवान, हाफिज शाद फिरोजपुर नमक, इमरान फिरोजपुर, रहमान सरपंच खोड़, वहीद सरपंच महरौला आदि के अलावा हजारों की संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

## किसानों के गेट पास बनने में नहीं होगी कोई परेशानी : एसडीएम



अनाज मंडी में आई बाजरे की फसल को देखती एसडीएम मनीषा शर्मा।

**मेवात।** बाजरा व धान की आवक तथा खरीदारी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम मनीषा शर्मा ने शनिवार को पुन्हाना की अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों की मांगों व समस्याओं को सुनवाई करते हुए मौके पर ही समाधान किया।

खरीफ सीजन के तहत मंडियों में बाजरा और धान की आवक जोरों पर है। जिला प्रशासन ने मंडियों व खरीद केंद्रों में हर प्रकार की बेहतरीन व्यवस्थाएं की हैं। विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं तथा फसलों की खरीद का जायजा लेने के लिए एसडीएम ने अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में धान और बाजरा की आवक तथा खरीद की गंभीरता से समीक्षा की। इस दौरान बाजरा उत्पादक कुछ किसानों ने ऑनलाइन गेटपास जारी न होने की समस्या उनके समक्ष रखी। एसडीएम ने पूरी स्थिति की तुरंत जानकारी लेते हुए तहसीलदार व संबंधित पटवारी को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित किसानों के गेट पास जारी करवाते हुए मौके पर ही उनकी समस्या का निपटारा किया। इसके अलावा एसडीएम ने बाजरा और धान की आवक तथा खरीद और उठान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर उनकी फसल का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था तथा पेयजल आदि व्यवस्थाओं की भी जांच की।

एसडीएम मनीषा शर्मा ने कहा कि मंडी में बाजरा व धान की आवक सुचारू रूप से जारी है। आवक के साथ ही फसलों की खरीद की जा रही है। जिसके उपरांत फसलों का उठान भी सुचारू रूप से किया जा रहा है। बेहतरीन तालमेल के साथ फसलों की खरीद की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट मामले में 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव बेरी में मां बेटे के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। बता दें कि बीते 28 सितंबर दोपहर को बदमाशों ने मां बेटे पर लाठी फरसा से वार कर हमला किया था। जिसमें बेटे को गंभीर रूप घायल अवस्था के चलते दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता बेरी निवासी रसीद के मुताबिक आरोपी उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। जो दबंगई के बल पर पंचायती चुनाव में उनके कहने के अनुसार वोट नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे थे। 28 दिसंबर दोपहर 12:00 बजे जब उनकी पत्नी हसन बसरी और पुत्र अकरम मोहम्मद पुर वाले रास्ते से घर जा रहे थे। तभी षड्यंत्र के तहत एकत्रित होकर बैठे बदमाशों ने उन पर लाठी डंडे और फरसे वार कर दिया था। सदर थाना पुलिस ने आरोपी शफी मोहम्मद, इसराइल, रिजवान, निसार, शौकीन, मसान, रोबिन, साबिर, जर्जिस जरीना और साबरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### रक्तदान शिविर में छात्र छात्राओं ने दिखाया उत्साह



शिविर में रक्तदान करते विद्यार्थी व आयोजित कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित करते गणमान्य लोग।

**तावडू।** नगर के हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए भारी उत्साह दिखाया। रक्तदान शिविर के उपलक्ष में महाविद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दिलबाग सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। रक्तदान करने से हृदय संबंधी बीमारियों से भी बचा जा सकता है। शनिवार को महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। वहीं शिविर में प्रवक्ता सतीश राठी ने 21वीं बार रक्तदान किया। इस मौके जिला संघ संचालक सुनील जिंदल, रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता, नरेंद्र कुंडू आदि ने रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सब ने अपने अपने विचार भी व्यक्त किए। इस मौके पर तावडू नगर पालिका चेयर पर्सन मनीता गर्ग, भाजपा नेता नरेश ढल, प्रीती सिंघल, सतीश राठी आदि मौजूद रहे।

### रेलवे निर्माण कंपनी की साइट से कीमती उपकरण व सामान चोरी

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत सहसोला पट्टी में रेलवे निर्माण कंपनी की साइट से कीमती उपकरण व जरूरी सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंपनी सुरक्षा अधिकारी यासीन ने बताया कि सहसोला पट्टी में एलएनटी कंपनी द्वारा निर्माणाधीन रेलवे लाइन के एक कंटेनर से बीते 25 सितंबर को कीमती उपकरण और जरूरी सामान चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने साईट से चार सीलिंग फैन, एक रूम हिटर, एक ड्रिल मशीन, सो मीटर केबल, एक मोबाइल संबंधित उपकरण, 50 लीटर डीजल व एयर फिल्टर सहित आदि उपकरण और जरूरी सामान चोरी किया है। पुलिस ने यासीन के बयान पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परवेज ने नेशनल गेम्स एथलेटिक प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



प्रतियोगिता में कामयाबी हासिल करने के बाद मेडल दिखाता परवेज।

**तावडू।** नूंह जिले के चाहल्का निवासी परवेज ने गुजरात के अहमदाबाद गांधीनगर मैदान पर हो रही 36वीं नेशनल गेम्स एथलेटिक प्रतियोगिता 2022 में पंद्रह सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। इससे क्षेत्र में खुशी है। परवेज के स्वर्ण पदक जीतने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए बधाई देना शुरू कर दी है। परवेज व उसके परिजन खालिद, नफीस, निसार ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 30 से 5 अक्टूबर तक गुजरात गांधीनगर मैदान में आयोजित 36वीं नेशनल गेम्स एथलेटिक प्रतियोगिता 2022 उन्होंने भारतीय नेवी की ओर से 1500 मीटर पुरुष दौड़ में भाग लिया था। उनके साथ प्रतियोगिता में देशभर के कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें उन्होंने 3 मिनट 40 सेकेंड व कुछ समय में 15 सौ मीटर दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बता दें कि इससे पहले सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित इंटर सर्विस एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी परवेज ने स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर व ब्रोंज मेडल हासिल करने वाले चाहल्का निवासी परवेज फिलहाल भारतीय नेवी में कार्यरत हैं।

### तीसरे चरण में कॉलेजों में चलेगा उपमंडल बनवाने को अभियान

**मेवात।** नगीना उपमंडल बनाने के तीसरे चरण में शनिवार को स्कूल और कॉलेजों को जोड़ने के लिए अभियान छेड़ा गया। जिसकी कमान गांधी ग्राम भारत न्यारा प्यारा अभियान को सौंपी गई। इस आंदोलन को कामयाब बनाने के लिए, कई सामाजिक संगठन सहयोग करेंगे। इस दौरान हैबितका-मरोडा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर नूंह से अलवर हाईवे सड़क दुर्घटनाओं में मरे हजारों लोगों को पंचायत ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, 2 अक्टूबर को क्षेत्रवासी मेवात की राजधानी कहे जाने वाले गोरवाली चौक नगीना में एक दिन का उपवास रखेंगे। बैठक की अध्यक्षता चौधरी इकबाल ठेकेदार ने करते हुए कहा कि नगीना उप तहसील के 68 गांवों के साथ कांग्रेस, इनेलो, बीजेपी और जेजेपी की सरकारों ने खुल्लम खुल्ला भेदभाव किया है। जिले में चार उपमंडल हैं लेकिन नगीना को जानबूझकर उपमंडल नहीं बनाया जा रहा। जबकि प्रदेश में 8 उपमंडल बनाने की घोषणा हरियाणा सरकार द्वारा की गई है उनमें नगीना का नाम नहीं है। मरोडा के पूर्व चेयरमैन इमरान खान, हाजी हमीदा, हाजी इदरीस, अब्बास जेलदार ने हरियाणा सरकार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आज नगीना क्षेत्र उपमंडल, तहसील, अनाज मंडी, दमकल केंद्र, बस अड्डा, नगरपालिका, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विश्रामगृह, उप अदालत, डीएसपी कार्यालय के लिए तरस रहा है। जबकि जिले के सभी उपमंडलों में यह सुविधाएं कई सालों से मौजूद है।

### टोल फ्री नंबर के प्रति जागरुकता 1930 मीटर की मैराथन दौड़

**मेवात।** साइबर क्राइम को लेकर नूंह पुलिस पूरी तरह गंभीर दिख रही है। अक्टूबर माह में साइबर क्राइम को लेकर पूरे महीने जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इस माह में साइबर क्राइम को लेकर लोगों को जागरुक करने के लिए, स्कूलों के अलावा राहगीरी कार्यक्रम ही नहीं बल्कि यूनिटी फॉर रन के माध्यम से लोगों को साइबर अपराध के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर पूरी तरह अलर्ट किया जाएगा। खास बात यह है की 1930 मीटर की मैराथन इसलिए, होगी क्योंकि साइबर क्राइम के लिए 1930 टोल फ्री नंबर है, लिहाजा हर व्यक्ति इस टोल फ्री नंबर के बारे में जागरुक रहकर इसका लाभ उठा सके। इसलिए अक्टूबर माह के अंत में मैराथन कराई जाएगी। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। साइबर क्राइम थाना में तैनात भजनलाल सब इंस्पेक्टर ने पत्रकारों को जानकारी दी।

## उद्योगों, आम नागरिकों को 24 घंटे मिलेगी बिजली : रणजीत सिंह



गुरुग्राम में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बिजली मंत्री का स्वागत करते उद्योगपति।

**गुरुग्राम।** हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि सरकार उद्योगों और आम नागरिकों के लिए बिजली 24 घंटे मुहैया कराएगी। प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है। सरकार बिजली के उत्पादन पर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही औद्योगिक नगरी गुरुग्राम में बिजली के तारों को अंडरग्राउंड कर दिया जाएगा, जिससे कि बिजली की सप्लाई सुचारू रूप से सभी को मिलेगी।

यह बात उन्होंने यहां ग्रैप के चलते बिजली की समस्या को लेकर फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री गुरुग्राम की ओर से कार्यक्रम में कही। रणजीत सिंह ने कहा कि उद्योगों को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है। क्योंकि उद्योगों पर ही देश का विकास टिका हुआ है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान सभी उद्योगपतियों को बताया कि हरियाणा सरकार शीघ्र ही बिजली उत्पादन के लिए प्रदेश में नया बिजली संयंत्र लगाने जा रही है। बिजली मंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली सप्लाई से संबंधित इंफ्रस्ट्रकर को और भी मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री इस विषय पर काफी गंभीर हैं। उन्होंने स्वयं बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ इस विषय पर काफी मंथन किया है। जिनके सख्त आदेश है कि हरियाणा प्रदेश के नागरिक विशेषकर उद्योगपतियों को बिजली की समस्या ना आए। यहां बिजली मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए कि सेक्टर-37 में बिजली की किसी प्रकार की कोई कमी ना दिखाई दे। उन्होंने फेडरेशन के दीपक मैनी की मांग पर कहा कि शीघ्र ही सेक्टर-37 में बिजली के सब-स्टेशन को स्थापित करने का कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम के आयोजक फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने बिजली मंत्री को बिजली के इन्फ्रस्ट्रकर को भी अपग्रेड करने के लिए सुझाव दिया। जिस पर बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने उपस्थित सभी उद्योगपतियों को यह भरोसा दिया कि प्रदेश में उद्योगपतियों को बिजली के मामले में कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ उद्योगपति मदन जिंदल, फेडरेशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह, हरियाणा बिजली विभाग के कॉर्डिनेटर चांद राम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता हरकेश शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## राम भक्त ले चला राम की निशानी, अब इनकी छांव में रहेगी राजधानी...

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### जैकबपुरा की श्रीदुर्गा रामलीला में भरत मिलाप ने किया विभोर



जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला में श्रीराम की चरण पादुकाएं सिर पर रखकर ले जाते भरत।

**यहां** जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला मंचन शुरू होने के साथ ही दर्शकों में भी भरत मिलाप की लीला देखने को उत्सुकता रही। रामलीला में राम-भरत मिलाप के क्षण बहुत ही भावुक होते हैं। जिस तरह से आज हमारे समाज का ताना-बाना बिगड़ रहा है, उस दौर में रामलीला के माध्यम से यही संदेश समाज को दिया जाता है कि भाई कभी भाई का दुश्मन नहीं होना चाहिए। भाइयों के बीच समर्पण की भावना होनी चाहिए। भरत ने बड़े भाई राम के लिए राज तक त्याग दिया था।

लीला में दिखा गया कि भरत राम को वापस अयोध्या लाने के लिए चल पड़ते हैं। यह समाचार सुनकर लक्ष्मण बहुत क्रोधित हो जाते हैं और श्री राम से कहते हैं कि जैसी माता, वैसा पुत्र। राजकुमार भरत अपनी सेना के साथ आप पर बड़े भाई राम पर हमला करने आ रहे हैं। वे यह सोचते हैं कि आप वन में अकेले हैं, हमारे पास कोई सैन्य शक्ति नहीं है। वे आसानी से हमें मारकर अयोध्या का राज्य हड़प लेंगे। तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लक्ष्मण को समझाते हुए कहते हैं कि शांत हो जाओ लक्ष्मण। भरत ऐसा नहीं हैं। उसके विचार बहुत ही उच्च हैं और उसका चरित्र बहुत ही अच्छा है। वो तो स्वप्न में भी अपने भाई के साथ ऐसा कुछ नहीं कर सकता। इस पर भी लक्ष्मण का क्रोध शांत नहीं होता और वे कहते हैं कि राजकुमार भरत अपने उद्देश्य में कभी सफल नहीं होंगे।

भरत अपने बड़े भाई राम से मिलने को आतुर हैं। जैसे ही राजकुमार भरत अपने बड़े भाई श्रीराम को देखते हैं तो उन्हें दण्डवत प्रणाम करते हैं। साथ ही साथ उनकी आंखों से अविरल अश्रुधारा बहती हैं। दोनों ही भाई आपस में मिलकर भावुक हो उठते हैं। भरत पिता राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार श्री राम को देते हैं तो राम, सीता, लक्ष्मण की आंखों से आंसु बहने लगते हैं।

## पुलिस टीम पर फायरिंग, दो पुलिसकर्मी घायल

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

### ब्रेजा गाड़ी में सवार कई बदमाश फरार, एटीएम लूट की वारदातों को देते थे अंजाम

**हरियाणा**-राजस्थान सीमा पर स्थित सुनहेडा बॉर्डर पर बदमाशों को पकड़ने गई सीआईए नूंह टीम पर बदमाशों द्वारा फायर करने का मामला सामने आया है। घटना में दो पुलिसकर्मियों को चोट आने का समाचार मिला है। पुलिस ने दो बदमाशों को दबोचने में सफलता प्राप्त कर ली है, जबकि कई बदमाश पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए।

एटीएम काटने व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तकरीबन आधा दर्जन से अधिक बदमाशों को मुखबिर की सूचना के आधार पर सीआईए नूंह दोपहर के समय पकड़ने गई थी। उसी समय यह हादसा हुआ है। पुलिस ने अवैध हथियार रखने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों से देसी तमंचा, दो जिंदा रौंद व खाली खोल बरामद कर लिया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ के दौरान भागने वाले आरोपियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। पुलिस की कई टीमें अब भागने वाले आरोपियों को दबोचने में जुट गई हैं। जानकारी के मुताबिक सीआईए नूंह पुलिस टीम को सूचना मिली की एटीएम काटने व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले जावेद, इमरान पुत्रान सलाउद्दीन निवासी लडमाकी, हसीन पुत्र जहीर निवासी शिकरावा, सलीम, हमीदा, मुस्तफा पुत्रान आस मोहम्मद निवासी हुंचपुरी, मुस्ताक उर्फ भूरा पुत्र निसार निवासी हुंचपुरी के अलावा कई लोग राजस्थान की सीमा से हरियाणा में प्रवेश करेंगे और बॉर्डर के रास्ते से अपने-अपने गांव के लिए जाएंगे। सीआईए नूंह की टीम ने राजस्थान-हरियाणा सीमा पर नाकेबंदी कर बदमाशों की गाड़ी को रुकवाने की कोशिश की। बिना नंबर की स्विफ्ट कार तथा ब्रेजा नंबर डील 9 सी 8580 में सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिस जवानों को गोली तो नहीं लगी, गाड़ी चढ़ाने की भरपूर कोशिश भी बदमाशों ने की, इसी दौरान बैरिकेडिंग इत्यादि से पुलिस के दो जवान घायल हो गए। इनमें सीआईए इंस्पेक्टर नरेश कुमार व सलीम खान पुलिसकर्मी को चोट लगी।

## इमामों ने वेतन वृद्धि पर अध्यक्ष असरुद्दीन का किया स्वागत

### नूंह जिले के सभी खंडों के तकरीबन 90 इमामों ने कार्यक्रम में शिरकत की

### हरियाणा वक्फ बोर्ड से जुड़े इमामों ने कहा, असरुद्दीन ने उनकी मांग को मजबूती से लड़ा

रिजवान कासिम। मेवात



मांडीखेड़ा गांव के मदरसे में अध्यक्ष मौलाना असरुद्दीन का स्वागत करते हरियाणा वक्फ बोर्ड इमाम संगठन के सदस्य।

**हरियाणा** वक्फ बोर्ड के इमामों के वेतन में बढ़ोतरी से प्रदेशभर के इमाम बेहद खुश हैं। वेतन वृद्धि के बाद प्रदेश भर में इमामों के द्वारा हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक के बाद अब उन्होंने अपने अध्यक्ष मौलाना असरुद्दीन का मांडी खेड़ा गांव स्थित मुफ्ती रफीक के मदरसे में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया। इस सम्मान समारोह में नूंह जिले के सभी खंडों के तकरीबन 90 इमामों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

आपको बता दें कि हरियाणा वक्फ बोर्ड ने अपने इमामों के वेतन में पिछले माह 5 हजार प्रति महीना की बढ़ोतरी की थी। लंबे समय बाद हुई वेतन वृद्धि से मामलों में खुशी की लहर देखी गई। इमाम संगठन ने यासीन मेव डिग्री कॉलेज तथा यमुनानगर में दो प्रदेश स्तर के कार्यक्रम कर प्रशासक एवम पूर्व विधायक भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन व सीईओ मोहम्मद शाहीन का स्वागत किया। इसके बाद अब इमाम संगठन ने वेतन वृद्धि की मांग को मजबूती से लड़ने वाले अपने अध्यक्ष मौलाना असरुद्दीन तेड का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। हरियाणा वक्फ बोर्ड से जुड़े इमामों ने कहा की उनके अध्यक्ष मौलाना असरुद्दीन ने उनकी इस मांग को मजबूती से लड़ा। न केवल हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन से बार-बार मुलाकात की, बल्कि हरियाणा वक्फ बोर्ड के आला अधिकारियों से भी कई बार बैठकें कीं। जिसके बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इमामों के वेतन में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया। इस फैसले में हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक भाजपा नेता पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन का भी अहम किरदार रहा। जिसकी बदौलत इमाम पूरी तरह से खुश दिखाई दे रहे हैं। इमाम संगठन के अध्यक्ष मौलाना असरुद्दीन तेड़ ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इमामों ने जो जिम्मेदारी उनके कंधों पर डाली थी, उसको उन्होंने पूरी इमानदारी के साथ निभाने की कोशिश की है। आगे भी समय-समय पर इमामों के हक में हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक व आला अधिकारियों से मुलाकात कर उनकी मांगों को पूरा कराने के लिए दिन-रात कोशिश की जाएगी। कुल मिलाकर हरियाणा बोर्ड के इमामों को वेतन में बढ़ोतरी करने से इलाके के सैकड़ों घरों में खुशहाली देखने को मिल रही है। इमाम सरकार के इस फैसले से बेहद खुश हैं। इस अवसर पर मुफ्ती रफीक मांडीखेड़ा, मौलाना कमरुद्दीन फिरोजपुर झिरका, मौलाना सईद बडकली चौक, मौलाना अब्दुल्ला तावडू, मौलाना इस्लामुद्दीन पुनहाना, मौलाना ताहिर, हाफिज अब्दुल रशीद, मौलाना जमशेद, मौलाना लुकमान हाफिजुर रहमान, मौलाना आरिफ, मौलाना बदरे आलम, इत्यादि इमाम मौजूद थे।

## नगर परिषद नूंह के निलंबित चेयरमैन संजय मनोचा को मिली जमानत

रिजवान कासिम। मेवात



**डकैती** के एक मामले में दिल्ली की जेल में बंद नगर परिषद नूंह के निलंबित चेयरमैन संजय मनोचा को शनिवार दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने जमानत दे दी। करीब डेढ़ माह से दिल्ली की जेल में बंद नूंह नगर परिषद के निलंबित चेयरमैन संजय मनोचा की जमानत मिलते ही उनके प्रशंसकों में खुशी छा गई।

संजय मनोचा के परिजनों का कहना है कि संजय मनोचा के इस मामले में बिल्कुल निर्दोष हैं, उन्हें फंसाया गया। सच्चाई सामने आएगी, कोर्ट पर उन्हें पूरा भरोसा है। बता दें कि हाल ही में नूंह नगर परिषद के चेयरमैन पद के चुनाव में गत 23 जून को संजय मनोचा ने जीत हासिल की। नगर परिषद नूंह का चेयरमैन बनने के बाद संजय मनोचा को दिल्ली पुलिस ने गत 13 अगस्त को डकैती के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया था। फिर इसके बाद सियासत गरमाई और नूंह विधायक आफताब अहमद ने ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में निलंबित करने का मुद्दा उठाया तो निदेशक स्थानीय निकाय पंचकूला द्वारा संजय मनोचा को सस्पेंड (निलंबित) कर दिया गया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उसके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# मुफ्त राशन
## योजना का विस्तार

**भारत सरकार** ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएम-जीकेवाई का तीन महीने और विस्तार कर इसे अक्टूबर से दिसंबर, 2022 तक लागू करने के आदेश दिए हैं। लेकिन यह निर्णय खैरातों के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के विपरीत लगता है। वित्त मंत्रालय द्वारा विस्तार के विपरीत दी गई राय को देखते हुए यह विसंगति ज्यादा गंभीर लगती है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जाता है। पीएम-जीकेवाई को कोविड-19 की पहली लहर के दौरान दो साल पहले गरीब व जरूरतमंद लोगों तथा संकटग्रस्त परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था। महामारी के कमजोर पड़ने तथा सामान्य स्थिति बहाल होने के बावजूद सरकार इस योजना को लगातार विस्तार देती रही। वित्त मंत्रालय ने भी राय दी थी कि वैश्विक महामारी की स्थितियों में काफी कमी आने के कारण वह तनाव की स्थिति भी काफी कम हुई है जिसके लिए राहत दी जा रही थी। अब तक इस योजना के कारण केन्द्र सरकार पर 3.45 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ा है। योजना के नवीनतम विस्तार के कारण लगभग 44,762 करोड़ रुपये का बोझ और पड़ेगा। आधिकारिक प्रेस बयान में इस योजना के नवीनतम विस्तार को एक 'कल्याणकारी योजना' का विस्तार बताया गया है। हालांकि, कुछ लोगों की राय में यह बहुत सही विश्लेषण नहीं है क्योंकि अर्थव्यवस्था पटरी पर आ गई है तथा लोगों और बिजनेसों पर लगभग कोई नियंत्रण नहीं रह गए हैं। सरकार ने योजना विस्तार के लिए तर्क दिया है कि बड़े त्योहार, जैसे नवरात्रि, दशहरा, मीलादुन नबी, दीपावली, छठ पूजा, गुरु नानक देव जयंती, क्रिसमस, आदि आ रहे हैं। योजना के एक और विस्तार से लोगों को 'पूरी शानोशौकत से इन त्योहारों को मनाने का अवसर मिलेगा।'



इस तर्क को मोटेतौर से सतही कहा जा सकता है क्योंकि त्योहार हर साल आते हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि केन्द्र या राज्यों की सरकारें एक या दूसरी चीज मुफ्त बांटना शुरू कर दें। सरकार का काम सुशासन है, खैरातें बांटना नहीं, खासकर ऐसे समय जब अर्थव्यवस्था पर वैश्विक व घरेलू नकारात्मक दबाव पड़ रहे हों। यही कारण है कि वित्त मंत्रालय ने रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पड़ने वाले दबाव का उल्लेख किया था जिसका असर ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है तथा अन्य मदों पर भी सब्सिडी खर्च में बढ़ोत्तरी हो रही है। वित्त मंत्रालय को इस बात की भी चिन्ता है कि इस योजना को लंबे समय तक जारी रखने का अर्थ इसे स्थाई या लगातार जारी रहने वाली योजना समझना हो सकता है। वित्त मंत्रालय के नौकरशाह संभवत: विख्यात अर्थशास्त्री मिल्टन फ्रीडमैन के लोकप्रिय संदर्भ की ओर इशारा कर रहे हैं कि 'सरकार के किसी अस्थाई कार्यक्रम जितना स्थाई कुछ भी नहीं होता है।' संभवत: वित्त मंत्रालय ने बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए थे लेकिन उसकी बात नहीं मानी गई। इसका जवाब बहुत सहज नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार तथा सत्तारूढ़ पार्टी खैरातों के बारे में जो शोर मचा रही है, उसका कारण राजनीति है। लगता है कि खैरातों पर लगाम लगाने की वास्तविक इच्छाशक्ति का कोई प्रमाण सामने नहीं आ रहा है। यदि ऐसा होता तो सरकार मुफ्त राशन की इस योजना का तीन महीने तक और विस्तार न करती। संभवत: दो साल पहले जो उपाय कल्याणकारी था, वह आज 'खैरात' बन चुका है। ऐसे में केवल यही उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में अब पीएम-जीकेवाई योजना को एक और विस्तार नहीं मिलेगा।

# अपनों की बनाई दूरियों का बोझ ढोती कांग्रेस

**सोनिया गांधी जिसपर आंख मूंदकर भरोसा करती रही हैं, क्या उसी ने साजिश रचकर सबसे बड़ा धोखा दिया? ऐसा क्या हो गया कि 24 घंटे के अंदर राजस्थान कांग्रेस में भगदड़ मच गई।**



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीति विश्लेषक हैं)





**सन्** 1885 में एक विदेशी, यानी स्कॉटलैंड निवासी एओ ह्यूम के साथ दादाभाई नौरोजी, दिनशा वाचा और कुछ अन्य भारतीय धुरंधर राजनीतिज्ञों के सामूहिक प्रयास से बनाई गई कांग्रेस अशोक गहलोत जैसे नेताओं की बंदरघुड़की से पार्टी नेतृत्व में हड़कंप मच जाएगा, ऐसा जो सोचने लगे हैं उन्हें इस दल के इतिहास को गंभीरता से समझने की जरूरत है। दरअसल, इस दल का अब तक 65 बार विघटन हो चुका है। जब राजनीतिक बिरादरी में यह बात गहरे घर करने लगी थी कि कांग्रेस अब नष्ट हो गई है, इस दल के नेतृत्व ने फिर से देश में एक शक्तिशाली सरकार का गठन किया। रही फिलहाल अशोक गहलोत की बात तो उनके लिए जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार प्रतुल सिन्हा ने लिखा है- जनवरी 1990 में कड़कती सर्दी में मुख्यमंत्री हरदेव जोशी ने चंद्र राज सिंघवी को एक छोटे और अनाम हाउसिंग फाइनेंस कारपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। यह बात प्रदेश अध्यक्ष अशोक गहलोत को नागवार गुजरी। उन्होंने अपने समर्थकों के इस्तीफे की झड़ी लगा दी। बगावत के नेता बने तत्कालीन गृहमंत्री गुलाब सिंह शक्तावत। जैसा गहलोत ने कहा, वैसा उन्होंने किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी विदेश में थे। लौटते ही पेशी हुई और उम्रदराज शक्तावत की क्लास लग गई। गहलोत ने पल्ला झाड़ लिया। शक्तावत ने रोते हुए बताया- (जातिसूचक नाम के साथ) 'मरवा दिया।' आगे जो कहा, लिखना संभव नहीं। इतिहास ने फिर करवट बदली। शक्तावत बन गए धारीवाल। शक्तावत नहीं रहे। गहलोत फिर बेदाग निकल जाएंगे।

किसी दूसरी पार्टी में अध्यक्ष की नियुक्ति केवल हाईकमान की इच्छा के आधार पर होती है, लेकिन कांग्रेस में अध्यक्ष वही बनते हैं जो उनके आंतरिक संवैधानिक चुनाव जीतकर आते हैं। इसलिए छोटे-छोटे दलों का उदय और अंत होता रहता है, लेकिन कांग्रेस ने देश की जनता के मन में एक ऐसा स्थायी विश्वास बना लिया है जो यह सोचता है कि यह एक विश्वसनीय पार्टी है, जो देश के लिए कुछ भी कर सकती है। यही तो पिछले कुछ वर्षों में देश में हुआ, जब सत्तारूढ़ दल ने कुत्सित प्रचार के बल पर अपने को इस प्रकार स्थापित कर लिया कि लोगों के मन में यह बात बैठ गई कि आजादी के बाद या आजादी के लिए कांग्रेस ने कुछ किया ही नहीं। जबकि, सच तो यही है कि आजादी काल में आज के सत्तारूढ़ दल का कोई योगदान रहा ही नहीं। सत्तारूढ़ का कोई कितना ही गाल बजा ले, सभी जानते हैं कि किसने नि:स्वार्थ भाव से अपने आप को देश के लिए समर्पित किया।

अब वर्तमान में कांग्रेस में कलह की जो स्थिति बन आई है, उसके क्या कारण हैं, इसे जानने का प्रयास करते हैं। राजस्थान कांग्रेस के सबसे मुखर और अशोक गहलोत के सबसे खास ने खुलकर पार्टी हाईकमान पर आरोप लगाया है कि गहलोत के खिलाफ यह षड्यंत्र है। पार्टी ने पहले पंजाब खोया, अब राजस्थान भी हाथ से जाएगा। आलाकमान से उन्होंने पूछा है कि गहलोत के पास अभी कौन से दो पद हैं और यह किस पद से त्यागपत्र मांग रहे हैं। वहीं, कांग्रेस विधायक गिर्राज मलिंगा ने अपनी ही सरकार को अल्पमत में बताते हुए कहा है कि विधायकों के इस्तीफे स्वीकार होना चाहिए, जिससे पता चल जाएगा कि किसमें कितना दम है। मलिंगा ने यहां तक मांग की है कि अब मध्यावधि चुनाव होने चाहिए। वहीं, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि वहां कांग्रेस विधायकों का इस्तीफा पार्टी का अंदरूनी मामला है। जब मेरे पास आएगा, तब देखा जाएगा कि इसका समाधान क्या हो सकता है। अभी सत्तारूढ़ कांग्रेस इस गतिरोध से उबरने का प्रयास कर रही है। भविष्य में मेरे हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ेगी तो उचित वैधानिक निदान किया जाएगा। यह भी कहा जा रहा है कि अशोक गहलोत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात करके माफी मांग ली है, लेकिन सच क्या है, यह तो पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन द्वारा हाईकमान को सौंपी रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद ही पता चल पाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलौत दिल्ली में कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलकर पिछले दिनों जयपुर की घटना के लिए खेद भी प्रकट किया है और माफी भी मांगी है और साथ ही अध्यक्ष पद का चुनाव भी नहीं लड़ने की घोषणा कर दी है, लेकिन वही बात अब पछताए क्या होय जब .. .....।

सोनिया गांधी जिसपर आंख मूंदकर भरोसा करती रही हैं, क्या उसी ने साजिश रचकर सबसे बड़ा धोखा दिया? ऐसा क्या हो गया कि 24 घंटे के अंदर राजस्थान कांग्रेस में भगदड़ मच गई। बता दें कि राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हैं और इसी बीच ऐसा क्या हो गया? पार्टी के अंदर तो सब कुछ ठीक चल रहा था। हाईकमान ने अपने सबसे विश्वासपात्र को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करके भारतीय जनता पार्टी के इस आरोप को काटने का प्रयास कर रही थी, जिसमें उसका एक अदना-सा नेता द्वारा भी कहा जाता है कि कांग्रेस में परिवारवाद ही सबसे शक्तिशाली हाईकमान है। इसी आरोप को काटने के उद्देश्य से पार्टी ने अपने उदयपुर शिविर में निर्णय लिया था कि एक व्यक्ति एक पद पर ही रहेगा और इसी के आधार पर अपने पुराने संविधान के तहत राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद स्वीकार करने से साफ मना कर दिया और अपने परिवार के सबसे विश्वस्त के हाथ पार्टी की कमान सौंप देने का फैसला किया, लेकिन यह क्या? जिसे पार्टी का सर्वोच्च पद देने का निर्णय लिया, वह अपने गृह राज्य के अपने प्रेम को छोड़ने के लिए तैयार ही नहीं, इसलिए कि उनकी अनुपस्थिति में उनके उत्तराधिकारी के रूप में जिन्हें पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चा है, उनसे उनकी बेहतर तालमेल नहीं है और इसलिए सचिन पायलट उनके खिलाफ षड्यंत्र रचेंगे! राष्ट्रीय फलक की जिम्मेदारी को छोड़कर एक राज्य तक सिमट जाना किसी भी प्रकार पार्टी हित में नहीं है और इसलिए जो हश्र अन्य राज्यों में कांग्रेस विधायकों की हुई, वही स्थिति अब राजस्थान में केवल एक व्यक्ति के कुर्सी मोह के कारण हो सकता है। निश्चित रूप से इसका लाभ केंद्रीय सत्तारूढ़ दल भाजपा सत्ता परिवर्तित करके उठाएगा और जैसा अभी तक हॉर्स ट्रेडिंग के माध्यम से होता आया है, लगता है वही हाल राजस्थान में भी कांग्रेस का होने वाला है। आखिरकार हो सकता है कि यह कांग्रेस के अंदरूनी कलह के परिणामस्वरूप किसी षड्यंत्र के तहत हो रहा हो, लेकिन यह गहन विवेचना का विषय है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जिन्हें अपने वफादार विधायकों के विद्रोह के लिए कई कांग्रेस नेताओं द्वारा दोषी ठहराया गया था, को पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी को सौंपी गई रिपोर्ट में दोषमुक्त कर दिया गया है। रविवार को हुए ड्रामे के लिए जयपुर में मौजूद प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने तीन विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की सलाह दी है। सूची में मुख्य सचेतक महेश जोशी, आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौर और शांति धारीवाल शामिल हैं, जिन्होंने विधायकों की समानांतर बैठक की मेजबानी की और अगले मुख्यमंत्री पर प्रस्ताव पारित किया। पार्टी ने अब राजस्थान के तीन नेताओं को 'गंभीर अनुशासनहीनता का कार्य' के लिए कारण बताओ नोटिस दिया है और 10 दिन में जवाब मांगा है।

जो स्थिति बन गई है उससे वर्ष 1990 की बात भी याद आ जाती है जब चंद्र राज सिंघवी को एक छोटे हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन का अध्यक्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री हरदेव जोशी ने बनाया था। उस समय प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अशोक गहलोत ने अपने समर्थकों से त्यागपत्र की झड़ी लगवा दी थी और जब क्लास लगी तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ लिया था। जैसा कि अभी उन्होंने अपने समर्थकों से सचिन पायलट के खिलाफ विधायकों से विधानसभा अध्यक्ष को त्यागपत्र दिलवाया और दिल्ली से गए पर्यवेक्षक और प्रभारी की बैठक के बजाय एक विधायक के यहां सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने का प्रस्ताव पारित कराया। आश्चर्य तो यह है कि इसके बावजूद अशोक गहलोत का इन सब घटनाओं से पल्ला झाड़ लेना और पार्टी हाईकमान द्वारा उन्हें क्लीन चिट देना उनके कद को ही दर्शाता है। संभवत: हाईकमान इस बात से डर गया कि हो सकता है कि गहलोत के प्रभाव से राजस्थान भी हाथ से न निकल जाए। इसलिए कांग्रेस के लिए बेहतर है कि इतने कद्दावर नेता से किनारा काटने के बजाय आमने-सामने बैठकर मामले को सुलझाए। जो भी हो, अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष बनें या न बनें, इतनी बात तो है ही कि उन्हें कम करके न आंका जाए, अन्यथा पुनर्जीवित हो रही कांग्रेस को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, कुछ भी हो यदि वादा खिलाफी कोई करता है, अनुशासन के विरुद्ध काम करता है तो उसे इसका अहसास तो निश्चत रूप से कराया ही जाना चाहिए चाहे-- अशोक गहलौत हों या कोई और हो।

# मोदी के खिलाफ कौन?

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



विपक्ष एकता का सपना देखता है लेकिन उसे निर्णायक नुकसान होता है क्योंकि वह अभी भी नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाले नेता की तलाश में है। ऐसी स्थिति में फिलहाल यह स्वाभाविक लगता है कि भाजपा अगले आम चुनाव में 'मोदी के खिलाफ कौन?' का मुद्दा पूरे जोरशोर से उठाएगी।

भारत में राजनीतिक दलों ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अग्रिम योजना बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि, यह अभी भी चुनाव के लिए काफी जल्दी है, पर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी दल अपनी-अपनी तैयारियों में परस्पर होड़ कर रहे हैं। वे वर्तमान राजनीतिक माहौल के मुताबिक रणनीतियां बना रहे हैं और उनमें बार-बार हेरफेर भी कर रहे हैं। इस प्रकार मोटेतौर से कहा जा सकता है कि 2024 में होने वाले अगले आम चुनाव के लिए मंच तैयार है। क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी को डरा सकते हैं। जहां सत्तारूढ़ भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हैट्रिक लगाने की योजना बना रही है, वहीं विपक्ष उन्हें सत्ता से बेदखल करने की जीतोड़ कोशिश करता दिख रहा है। दोनों पक्ष मोदी-बनाम-सभी परिदृश्य में 350 से अधिक के लक्ष्य के साथ मजबूत हो रहे हैं। विपक्ष एकता का सपना देखता है लेकिन उसे निर्णायक नुकसान होता है क्योंकि वह अभी भी मोदी को तगड़ी चुनौती देने वाले नेता की तलाश में है। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार की यह कमी विपक्ष को आहत कर सकती है- और भाजपा मोदी-बनाम-कौन का सवाल उठाएगी।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, बिहार में नीतीश कुमार, दक्षिण में के चंद्रशेखर राव, एमके स्टालिन और उत्तर में अरविंद केजरीवाल के साथ, भाजपा के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय दलों के नेताओं की ओर से चुनौतीपूर्ण मुकाबले हैं। विपक्ष के गढ़ में 200 से ज्यादा सीटें हैं। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में इस साल के अंत में मतदान होगा और अगले साल छह प्रमुख राज्यों- कर्नाटक, त्रिपुरा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होंगे।

भाजपा को दक्षिणी राज्यों (129 सीटों) पर अभी जीत हासिल करनी है। जहां आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पीएम को निशाने पर लेते हैं, वहीं अन्य दलों के नेता महंगाई और बेरोजगारी पर बीजेपी को घेरने की योजना बनाते हैं। दूसरे, सही या गलत हो, पर भाजपा अपनी विचारधारा के बारे में स्पष्ट है। उसके पास एक सम्मोहक कथा या विमर्श और चुनाव की तैयारी, सक्रिय कार्यकर्ता और चुनाव लड़ने के लिए बड़े पैमाने पर धन का भंडार है। मोदी के पास सरकारी मशीनरी और कल्याणकारी योजनाएं हैं और दिखाने के लिए काम हैं, जबकि कई क्षेत्रीय क्षत्रप अपने राज्यों में काफी मजबूत हैं।

मोदी ने न केवल अपने कार्यकर्ताओं व नेताओं को एक साथ रखने में सफलता पाई है, बल्कि आलोचनाओं के बावजूद, भाजपा ने अन्य दलों को भी तोड़ दिया है और उनके अनेक प्रभावशाली नेताओं को भाजपा में शामिल कर लिया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर, कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने और तीन तलाक समाप्त करने जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उनके सहयोगी संगठनों के मुख्य एजेंडे को पूरा किया है। ऐसा लगता है कि आरएसएस, उसके आनुषांगिक संगठन व भाजपा जल्द ही समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा सकते हैं। ये सब भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाताओं को उसके साथ पूरी मजबूती के साथ जोड़े रखेंगे।

हालांकि, हाल ही में भाजपा के संसदीय बोर्ड में सुधार हुआ है और पिछले महीने बिहार में जद (यू) के राजग गठबंधन से बाहर निकलने से भाजपा के भीतर कुछ अशांति फैल गई। फिर भी, नेता सुधार करने की भाजपा की क्षमता पर भरोसा करते हैं। भाजपा को और सहयोगी दलों को भी अपने साथ जोड़ने की जरूरत है। पार्टी ने आम चुनाव के लिए आक्रामक तैयारी शुरू कर दी है। इसने हाल ही में दिल्ली में 144 लोकसभा के कमजोर निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए एक खाका तैयार करने के लिए एक खास बैठक की। पार्टी ने उन 70 लोकसभा सीटों पर भी खासतौर से ध्यान केंद्रित करने का प्रस्ताव रखा है जो उसने कभी नहीं जीतीं।

दूसरी ओर, विपक्ष सुगठित नहीं है और वहां विभिन्न विचारधाराओं का मिश्रण है। सफलता के लिए सभी विपक्षी नेताओं को लेन-देन की मुद्रा अपनानी चाहिए। हालांकि कई क्षेत्रीय नेताओं ने अपने-अपने राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया है, मगर उन्हें भविष्य में संभावित विपक्षी गठजोड़ के लिए सभी भागीदारों हेतु स्वीकार्य एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करना चाहिए।

अपने कमजोर स्वास्थ्य के बावजूद, देवगौड़ा, लालू यादव, नीतीश कुमार और शरद पवार पूर्व जनता दल घटकों को एकजुट करने के लिए सहयोग कर सकते हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वे हरियाणा, कर्नाटक, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे बहुदलीय राज्यों में मजबूत भी हो सकते हैं जहां करीब 200 लोकसभा सीटें हैं। राहुल गांधी की वर्तमान भारत जोड़ो यात्रा अगर अपना असर छोड़ती है तो यह कांग्रेस को मजबूत करने तथा विपक्षी नेताओं के बीच उसका कद बढ़ाने में उसकी मदद कर सकती है।

समाजवादी पार्टी, जो यूपी में एक ठोस क्षेत्रीय पार्टी है, अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान लगाए हुए है। दूसरी ओर, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भाजपा के लिए 75 सीटों का लक्ष्य रखा है, जिसमें 80 लोकसभा सीटें हैं। बसपा ने पहले चरण के रूप में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 75,000 सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान शुरू किया है। बसपा प्रमुख मायावती पिछले एक दशक में, एक के बाद एक, हार का सामना कर रही हैं, लेकिन उनके पास एक मजबूत दलित वोट बैंक है। बसपा नेताओं को उम्मीद है कि वे इस दलित बैंक के आधार पर अपनी संभावनायें बेहतर बना सकते हैं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अपने विधायकों को, या तो बेहतर प्रदर्शन करो या बर्बाद हो जाओ, अथवा दूसरे शब्दों में 'करो या मरो' की चेतावनी दी है। उन्होंने अपने विधायकों का घर-घर जाकर दौरा करने का कार्यक्रम भी शुरू किया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भी एक राष्ट्रीय पार्टी बनाने की योजना बनाई है, जो राष्ट्रीय भूमिका निभा सके। 2024 तक, यह सभी पार्टियों के लिए रोमांचकारी यात्रा होगी।

मोदी के पीछे दस साल की सत्ता विरोधी लहर होगी, लेकिन भाजपा उनके जादू पर निर्भर है। हालांकि कई सवाल हैं, जैसे क्या मोदी हैट्रिक करेंगे? क्या एकजुट होगा विपक्ष? क्या राहुल एक सफल चुनौतीकर्ता बनकर उभरेंगे? राजनीति में एक हफ्ता लंबा समय कहा जाता है। 2024 के चुनावों से पहले हमारे पास 18 महीने हैं। चुनाव नजदीक आते ही तस्वीर साफ हो जाएगी। तब तक राजनीतिक विश्लेषक अंधेरे में ही तीर चलाते रहेंगे।

## आप की बात

### भारत-आर्मीनिया दोस्ती

**हाल** ही में भारत ने आर्मेनिया के साथ रक्षा निर्यात में सौदा किया जो कई मायनों में महत्वपूर्ण है। भारत आर्मीनिया को न केवल मिसाइल, रॉकेट व गोला बारूद बेचेगा बल्कि पहली बार भारत में डिज़ाइन व उत्पादित पिनाका रॉकेट लॉन्चर भी देगा। साल 2020 में भी लगभग 350 करोड़ की रडार भारत आर्मीनिया को दे चुका है लेकिन यह सौदा इससे कई गुना बड़ा है और इसे जल्द से जल्द पूरा करने व बिचौलियों से बचने के लिए गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट रास्ते का इस्तेमाल किया गया है। यह सौदा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि आर्मीनिया को इन हथियारों की आवश्यकता अजरबेजान से मुक़ाबला करने के लिए चाहिए, जो तुर्की व पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत का विरोध करता रहा है। अज़रबैजान ने न केवल कश्मीर मामले पर पाकिस्तान का साथ दिया बल्कि संयुक्त राष्ट्र व ओआईसी जैसी वैश्विक संस्थाओं में भी भारत के विरुद्ध खड़ा रहा है। इसलिए इस प्रकार के सौदे से न केवल भारत का रक्षा निर्यात बढ़ेगा बल्कि अपने विरुद्ध खड़े देशों पर लगाम लगाम लगाने में भी सहायता होगी। यह भारत-आर्मीनिया संबंध मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

-**पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### विश्व शांति जरूरी

**आज** युद्ध के नुकसान और शांति की वैश्विक जरूरत को समझा जा सकता है। पिछले 6 माह से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में किसी महाशक्ति ने रुचि नहीं दिखाई है। इसके पीछे उनकी युद्धरत देशों को हथियार पूर्ति की मंशा रही है जबकि भारत सदैव विश्व शांति का पक्षधर रहा है। चाहे युद्ध ईरान इराक में हो या अफगान या रूस-यूक्रेन में, इन सबको खत्म करने में रुचि रखने के पीछे भारत का निस्वार्थ भाव रहा है। एक गौर करने वाली बात यह भी है कि भारत ने युद्ध रोकने की अपील नहीं की, अपितु प्रधानमंत्री ने पुतिन को युद्ध की विभीषिका से चेताया है। यूक्रेन शुरू से ही रूस को कड़ी टक्कर देता आया है। भले ही रूस ने बारूद बरसा कर खंडहर और लाशों के ढेर लगा दिये हों पर आज के हालातों में रूस महाशक्ति होने के बावजूद जेलेंस्की की हिम्मत के आगे बौना साबित हो गया है। बहुत हो चुका युद्ध, अब अगर शांति चाहिए तो रूस को समझौते की मेज पर बैठना ही होगा। एक खास बात यह भी है कि यूक्रेन के पास अब खोने के लिए कुछ नहीं बचा है परंतु जो सबक रूस को मिला है उसे वह दशकों तक याद रखेगा।

-**अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर

### विघटनकारी सोच

**देश** के लोग समय समय पर समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से सूचना प्राप्त करते रहते हैं। ताज़ा प्रकरण दुर्गा पूजा के पंडाल का है जहां मूर्ति को खंडित कर दिया गया। हालांकि सरकार हरकत में आई और कार्यवाही शुरू हुई। पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया एवं उसके अन्य सहयोगी संगठनों को प्रतिबंधित किया गया क्योंकि ये भी देश को खंडित करना चाहते थे। आज हिन्दू युवतियों के धर्म को लव जिहाद के नाम पर खंडित करने की खबरें भी आम हैं। अभी एक युवती का गला केवल इसलिए रेत दिया गया क्योंकि वो स्वेच्छा से जीना चाहती थी, न की शरिया के अनुसार। सवाल ये है कि इस विनाशकारी और खंडित करने की मानसिकता का मूल कहां है, क्योंकि पत्तों और टहनियों को काटने से वृक्ष धाराशाही नहीं होते, फिर खाद पानी और अनुकूल मौसम मिलते ही ये वृक्ष पुन: फलीभूत एवं हरा भरा हो जायेगा। ऐसे में इस खंडित और विकृत मानसिकता के उद्गम स्रोत पर काम करना आवश्यक हो जाता है अर्थात जड़ों पर प्रहार होगा तभी समाधान होगा।

-**मनोज**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**हमने** कभी आसान प्रगति के बारे में नहीं सोचा है, लेकिन सुधारों को हमेशा के लिए टाला नहीं जा सकता है।

- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

**हम** मित्रों व साझीदारों के साथ मिल कर रूस व जमीन पर कब्जा करने के इच्छुक लोगों पर दबाव डालते रहेंगे।

- **नेड प्राइस**
अमेरिकी विदेश विभाग प्रवक्ता





**वाड्रा** परिवार की बहू होने के नाते अब प्रियंका भारतीय परंपरा के अनुसार गांधी परिवार का हिस्सा नहीं हैं।

- **अब्दुल खा़लिक**
कांग्रेस सांसद"

# बेटियों को शिक्षित, सक्षम और अधिकारों के लिए लड़ना सिखाइए : अहलावत

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

### कन्या पूजन आखिर कब तक ? विषय पर सेमिनार एवं कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित

**सारथी** जनसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नवरात्रों के पावन अवसर पर बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत कन्या पूजन आखिर कब तक? विषय पर सेमिनार एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन सिक्का कॉलोनी में एक निजी स्कूल में किया गया। इस अवसर पर डाक्टर गीता दहिया जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद बबिता कौशिक व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर सुमन मंजरी ने की।

मुख्य अथिति गीता दहिया ने कहा कि कन्या पूजन आखिर कब तक सरीखे कार्यक्रम तभी सार्थक होंगे, जब पूरा समाज एकजुट होकर कन्याओं के संरक्षण के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिशा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। हरियाणा में सकारात्मक बदलाव आया है और लिंगानुपात में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। गीता दहिया ने कहा कि हमें सिर्फ नौ दिन नहीं जीवन भर हमें बेटियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कन्या भ्रूण हत्या जघन्य अपराध है। इस अवसर पर सारथी ट्रस्ट के संस्थापक सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि कन्या पूजन व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मुख्य लक्ष्य पूरे भारत में बेटियों के जीवन की रक्षा करना और उन्हें पढ़ाना है। कन्या पूजन तभी सार्थक होगा जब हम बेटियों को बचायेगें, उन्हें पढ़ाएंगे, और समाज में लड़कियों व महिलाओं का सम्मान हो। बेटियों को शिक्षित बनाइए, सक्षम बनाइए, और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ना भी सिखाइए। उन्होंने कहा कि कहा कि भारत में सदियों से आस्थावान नारी, शक्ति सम्पदा विद्या की देवी के रूप में दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती की पूजा करती रही है। वर्ष में दो बार आयोजित होने वाले नवरात्रों में नौ देवियों की पूजा अर्चना करते हैं। देवियों के मन्दिरों में यात्रा, पदयात्रा, जागरण कई-कई दिन के उपवास रखते है। लेकिन अगर इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या होती रही तो दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर कन्या पूजन कैसे होगा ?



कार्यक्रम के दौरान कन्याओं व मुख्य अतिथि को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

डाक्टर सुमन मंजरी ने कहा कि बेटी को जिसने मरवा दिया था पत्नी की कोख में... मोहल्ले में लड़कियां ढूंढ रहा है वो आदमी नवरात्रे के कन्या भोज में। इस अवसर पर सारथी ट्रस्ट के सदस्यों ने कन्याओं का पूजन किया व किरण बाला और सुभाष वशिष्ठ ने कन्याओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलवाई। इस अवसर मुख्य सुभाष वशिष्ठ, जितेन्द्र चावला, किरण बाला, एडवोकेट अनिल कुमार जैन, डॉक्टर मीनू गबरानी, राहुल गुलिया, शालिनी चावला, सीमा शर्मा, मंजू, ज्योति, हिना, गरिमा, शकुंतला के साथ शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### सेफ इंडिया फाउंडेशन ने किया दो लावारिस अस्थियों का विसर्जन

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा जिला सोनीपत के श्मशानों में रखी लावारिस अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के तहत आज शुरुआत में शहर के अलग-अलग श्मशानों से दो लावारिस लोगों की अस्थि इकट्ठा कर विधि विधान से पूजा करवा कर हरिद्वार गंगाजी में विसर्जित किया गया। सुबह 5 बजे तिरंगा चौक शिवमुक्ति धाम सोनीपत से अस्थि लेकर संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाज सेवी नरेन्द्र भूटानी व सेफ सैनिक सतीश बाल्याण के साथ रवाना किया। हरी झंडी संस्था के प्रधान संजय सिंगला ने दिखाई। सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि हर महीने की पहली तारीख को जिला सोनीपत के सभी शमशान घाटों से लावारिस अस्थियों को लेकर विसर्जन किया जाता है।

### जयश्री शारदा रामलीला में हुआ सीता का हरण

**कुरुक्षेत्र।** स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर मार्ग स्थित नेताजी सुभाष पार्क में जयश्री शारदा रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा सीता हरण,जटायु वध,शबरी द्वारा राम-लक्ष्मण का सत्कार और राम-हनुमान मिलन आदि प्रसंगों के दृश्य दिखाए गए। रामलीला के सहयोगी निर्मल सैनी और राजेश सिंगला ने बतौर मुख्यतिथी मां शारदा की आरती में भाग लिया। प्रधान सतीश शर्मा व अन्य सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत करके स्मृति चिह्न प्रदान किया। महासचिव नरेश चौधरी ने बताया कि मंच पर बनी पंचवटी कुटिया के समीप मारीच स्वर्ण मृग बनकर विचरण करता है और श्रीराम के हाथों मारा जाता है। मरते-मरते वह राम की बनावटी आवज में हाय लक्ष्मण-हाय सीता चिल्लाता है।

### कात्यायन ऋषि के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था मां कात्यायनी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में षष्टी को नवरात्रि देवी दिवस के रूप में मां कात्यायनी की पूजा की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, मां कात्यायनी ने महिषापुर का वध किया था। कात्यायन ऋषि के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा। मां भद्रकाली के दरबार में शनिवार का विशेष महत्व होने के कारण प्रात: कालीन कपाट खुलने से पहले ही मंदिर में भक्तों की लाइने लग गई। पंक्तियों में लगे भक्तजनों के लिए मंदिर हॉल में स्पेशल बैठने की व्यवस्था भी की गई। मंदिर के अंदर अन्नपूर्णा भवन में व मुख्य पथ के अलावा भी भक्तों की भीड़ व लाइन झांसा रोड तक देखी गई। लाइनों में लगे भक्तों के लिए पानी, प्रसाद व कूलर की व्यवस्था भी की गई। मां भद्रकाली महिला मंडल ने संकीर्तन किया, जिसमें मंदिर से जुड़ी सभी सेविकाओं ने महामाई के भजन सुनाए। नवरात्रि व्रत भंडारा व अन्नपूर्णा भंडारा सारा दिन ही भक्तों के लिए चलता रहा। मौके पर देवेंद्र गर्ग, मीना जोशी, हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, शिमला देवी, स्नेहिल शर्मा, डॉ अन्नू पोल शर्मा, देवांशु शर्मा, निकुंज शर्मा, हकम चौधरी, संजीव मित्तल, हितेश, आशीष, ऋषि, अभिषेक सिंह, अनिल अन्नू आदि सेवक मौजूद रहे।

### योगेश्वर जोशी ने निदेशक का पदभार संभाला



**कुरुक्षेत्र।** सेवानिवृत प्राचार्य योगेश्वर जोशी ने जयराम शिक्षण संस्थान लोहार माजरा में निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर परम पूज्य महाराज ब्रह्म ब्रह्मचारी ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। जयराम शिक्षण संस्थान की प्रबंधक समिति, चारों संस्थान के प्राचार्य गण एवं स्टाफ ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया। जोशी ने कहा कि मैं स्वयं को अत्यंत सौभाग्यशाली मान रहा हूं कि मुझे इस संस्थान में कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा इस पद की गरिमा बनाए रखूंगा। उन्होंने विशेष रूप से परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज एवं उपाध्यक्ष टी.के. शर्मा का धन्यवाद किया कि उन्होंने जयराम शिक्षण संस्थान के साथ जुड़ने का सौभाग्य प्रदान किया।

**पांच तख्त साहिबान के जत्थेदार कुरुक्षेत्र आकर हरियाणा कमेटी को सौंपें**

# सभी गुरुद्वारा साहिबान की सेवा : जगदीश झिंडा

### कहा, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सिखों की मिनी पार्लियामेंट

### श्री अकाल तखत साहिब हम सभी के सुप्रीमो

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष जत्थेदार जगदीश सिंह झिंडा वह अन्य।

**शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर सिखों की मिनी पार्लियामेंट है, जबकि दिल्ली, श्री हेमकुंड साहिब और श्री नांदेड़ साहिब की तरह हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी एक स्टेट बाडी है। इतना ही नहीं, श्री अकाल तखत साहिब हम सभी के सुप्रीमो हैं।

यह बात हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष जत्थेदार जगदीश सिंह झिंडा ने शनिवार को यहां एतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी और सभी 5 तख्त साहिबान के जत्थेदारो को चाहिए कि वे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए हरियाणा के सभी गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभाल हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी को सम्मानजनक तरीके से सौंप दें। ऐसा करने से संगत की नजर में उन सभी का मान सम्मान भी बढ़ेगा और हरियाणा की संगत उनसे जुड़ी भी रहेगी। उन्होंने बताया कि राजनीतिक तौर पर हरियाणा के सिख भले ही विभिन्न पार्टियों से जुड़े हुए हैं, मगर धार्मिक स्तर पर सभी एकजुट हैं।

प्रदेश की संगत को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए संस्थापक अध्यक्ष ने बताया कि गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभाल मिलते ही उनकी प्राथमिकता कुरुक्षेत्र और सिरसा में डायलिसिस सेंटर और लैबोरेट्री स्थापित करने की होगी, ताकि जरूरतमंद मरीजों को न्यूनतम दाम पर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जा सके। इसके साथ ही प्रदेश के सिख युवाओं के चहुंमुखी विकास के लिए जींद अथवा धमतान साहिब में सिख यूनिवर्सिटी भी स्थापित की जाएगी। हरियाणा में पंजाबी को सही अर्थों में दूसरी भाषा का दर्जा दिलवाया जाएगा। इतना ही नहीं, हरियाणा के सभी जिला के लोक संपर्क विभाग कार्यालयों में पंजाबी भाषी ज्ञान वाला न्यूनतम एक एआईपीआरओ नियुक्त करवाया जाएगा, ताकि सरकार की सभी सूचनाओ और योजनाओं की जानकारी पंजाबी भाषा समाचार पत्रों के माध्यम से सिख और पंजाबी पाठकों को नियमित रूप से मिले।

इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य हरप्रीत सिंह नरूला, अपार सिंह, मनजीत सिंह डाचर व हाकम सिंह केसरी के अलावा स्वर्ण सिंह पिहोवा, सुखदेव सिंह, जगीर सिंह फौजी, सुखा सिंह लोहारा, गुरबाज सिंह मीरापुर, शिंगारा सिंह हरमनप्रीत सिंह सलपानी, हरमेश सिंह, गुरमुख सिंह असंध, सोहन सिंह, मदन सिंह, अजायब सिंह, सिंदर सिंह सरपंच, जरनैल सिंह सोढी, दविंदर सिंह चम्मू, हरमन सिंह किशनगढ़ और गुर्जर सिंह कोटिया सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवयुग स्कूल में धूमधाम से मनाई गांधी और शास्त्री जयंती



बच्चों को संबोधित करते प्रधानाचार्य बीडी गाबा।

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती बड़ी सादगी से मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर प्रधानाचार्य द्वारा माल्यार्पण से हुआ। सभी अध्यापकों तथा बच्चों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। अध्यापक सुनील ने प्रार्थना सभा में बच्चों को गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बधाई दी। उन्होंने गांधी और शास्त्री के जीवन पर रोशनी डाली।

उन्होंने गांधी जी और शास्त्री जी की स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी को बताते हुए बच्चों को उनकी तरह नेतृत्व गुण अपनाने की सलाह दी। अहिंसा परम धर्म है का उदघोष करते हुए उन्होंने आज की पीढ़ी को समझाया कि हमे अपने जीवन में अहिंसा को अपनाना चाहिए। अहिंसा अपना कर हर उस विपत्ति से लड़ा जा सकता है जो हमारे विपरीत हो। इस अवसर पर अलग अलग कक्षाओं की कई गतिविधियां करवाई गई। नन्हे मुन्नों ने गांधी जी के चित्र पर रंग बिरंगे मोती लगा कर और रंग भरे। कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों ने आइस क्रीम स्टिक्स से चरखा बनाकर बापू जी को याद किया। कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के विद्यार्थियों ने क्ले से बापू जी के तीन बंदर बनाए। प्रधानाचार्य बी.डी.गाबा ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने इस दिन को मनाने के महत्व को बताया और सभी बच्चों को गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। बच्चों को समझाते हुए उन्होंने बताया कि बच्चों को इन गतिविधियों में जरूर भाग लेना चाहिए। ये गतिविधियां बच्चों के ज्ञान के साथ साथ उनके व्यक्तित्व को उभारने में सहायता करती हैं। बच्चों को अहिंसा तथा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।

# गांव दाऊमाजरा में बारिश थमने के बाद कीचड़ ने बढ़ाई मुश्किलें



गांव लंडी दाऊमाजरा में ग्रामीणों के साथ कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी।

### ग्रामीण परेशान, बच्चों को स्कूल जाने में आ रही परेशानी

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** डोर-टू-डोर अभियान के चलते कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी शनिवार को गांव लंडी-दाऊमाजरा पहुंचे। जहां बारिश के बाद सड़को और नालियों की हालत देख वह हैरान रह गए।

प्रेम हिंगाखेड़ी ने पत्रकारों को बताया कि पिछले कुछ दिनों पहले हुई बरसात से गांव की सड़को पर कीचड़ ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। गांवों में क्षतिग्रस्त सड़कें होने से कीचड़ फैला है। नालियां नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। समस्या इस कदर है कि पैदल चलना भी दूर्भर है। दुपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार इस बारे में प्रशासन को अवगत करा चुके है, लेकिन समस्या जस की तस है। ग्रामीणों ने बताया कि जब भी गांव में विधायक या किसी मंत्री का दौरा होता है, तब प्रशासनिक अधिकारी सड़क पर गड्ढे भरने के लिए मिट्टी आदि डलवा देते है, लेकिन यह मिट्टी अब लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। कीचड़ में वाहन फंस रहे हैं। प्रेम हिंगाखेड़ी ने कहा कि शाहाबाद प्रशासन जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करे, क्योंकि गांव के मुख्य मार्ग पर ही सरकारी विद्यालय है और सड़क पर कीचड़ होने की वजह से कई बार स्कूली बच्चे इसमें गिर जाते हैं। अमरीक सिंह, मनोज टिवाणा, मेजर सिंह, कमल मोर, जगमीत, गुलजार, जसपाल, विक्रम मौजूद रहे।

# बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवन में उन्नत्ति के लिए जरूरी

### वृद्धजनों के सम्मान में छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां

### प्राचार्या और छात्राओं संग बुजुर्ग भी लगे थिरकने, बुजुर्गों को भेंट की हाईजिन किट व स्टिक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करती बुर्जुग महिला।

**जीवीएम** गर्ल्ज कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस धूमधाम से मनाते हुए उपस्थित बुजुर्गों को सिविल अस्पताल की ओर से हाईजिन किट, पानी की बोतल व स्टिक भेंट की गई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने वृद्धजनों को नमन करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बुजुर्गों को सदैव आदर-सम्मान दें और उनका आशीर्वाद लें।

जीवीएम की यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया व आमंत्रित वृद्धजनों ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। समारोह में छात्राओं ने वृद्धजनों के सम्मान में मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। विशेष रूप से सदाबहार पुराने गीतों पर छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस दौरान प्राचार्य व छात्राओं के साथ वृद्धजन भी खुद को थिरकने से रोक नहीं सके। एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला ने कोई परदेशी मेरा दिल ले गया गीत पर दमदार नृत्य किया, जिसे देख हर कोई वाह-वाह करने लगा। समारोह में लगभग 70 वृद्धजन महिला-पुरुषों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी बुजुर्गों की पहले स्वास्थ्य जांच करवाई गई, जिसके लिए डॉ. सीमा के नेतृत्व में सिविल अस्पताल की टीम उपस्थित थी। सिविल अस्पताल की ओर से कुछ वयोवृद्ध महिला-पुरुषों को हाईजिन किट व पानी की बोतल और स्टिक प्रदान की गई। इस दौरान योग विशेषज्ञ शिखा खुराना ने उपस्थित बुजुर्गों को सांस की एक्सरसाईज भी करवाई। उम्र के इस दौर में आवश्यक व्यायामों का उन्होंने प्रशिक्षण दिया। मौके पर प्राचार्य डॉ. रेनू भाटिया तथा वाईआरसी प्रभारी रेनू पोपली ने समारोह में शामिल होने वाले बुजुर्गों का अभिनंदन करते हुए उन्हें नमन किया। प्राचार्य डॉ. रेनू भाटिया ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर है। जीवन में उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए बुजुर्गों का आशीर्वाद बहुत जरूरी है। इन दिनों नवरात्र चल रहे हैं। ऐसे में यदि हमारे माता-पिता, दादा-दादी की आंखों में आंसू आते हैं तो नवरात्र का व्रत रखने का कोई लाभ नहीं। समारोह में मंच का संचालन भूमिका शर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर डॉ. नीलम परूथी, अनीता गाबा तथा कविता सैनी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# अनअकैडमी की विद्यार्थी ने सर्वाधिक अंक पाने वालों में जगह बनाई

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

**भारत** के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफार्म, अनअकैडमी ने घोषणा करके बताया है कि पानीपत, हरियाणा से नीट यूजी फाउंडेशनल कोर्स की विद्यार्थी एड्रिजा भट्टाचार्य ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षाओं में 98.60 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। एड्रिजा ने एक विस्तृत योजना का पालन किया, जिससे उन्हें परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली।

एड्रिजा चिकित्सा क्षेत्र में विशेषज्ञ बनना चाहती हैं और उन्होंने नीट यूजी फाउंडेशनल कोर्स के लिए अनअकैडमी में प्रवेश लिया है। भारत के सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविदों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन और उच्च गुणवत्ता की अध्ययन सामग्री के साथ एड्रिजा भारत की सबसे ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में सफलता हासिल करने की अपनी तैयारी की योजना बनाने और चिकित्सा के क्षेत्र में करियर बनाने का अपना सपना पूरा करने की ओर अग्रसर हैंल अनअकैडमी के फाउंडेशनल कोर्स में प्रवेश लेकर विद्यार्थियों को इंटरैक्टिव लाइव क्लासेज, संरचनाबद्ध कोर्स, नियमित मॉक टेस्ट और क्विज के साथ अपने प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण प्राप्त होता है। इसके अलावा, हाल ही में कोटा, लखनऊ और नोएडा में अनअकैडमी केंद्रों के लॉन्च के साथ नीट यूजी के विद्यार्थियों को हाई-टेक इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ अध्ययन का प्रीमियम अनुभव प्राप्त होगा।

# सिंक्रोनी इंडिया को ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा सम्मानित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**प्रमुख** उपभोक्ता वित्तीय सेवा कंपनी सिंक्रोनी को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टिट्यूट इंडिया द्वारा सम्मानित किया गया है। ग्रेट प्लेस टु वर्क ने सिंक्रोनी को बेस्ट वर्कप्लेसेसइ फॉर वीमन (लार्ज) की सूची में टॉप 10 में जगह दी है। वहीं डाइवर्सिटी, इक्विटी एंड इन्क्लूजन 2022 में इसे टॉप 5 की सूची में शुमार किया गया है।

सिंक्रोनी का कार्यबल समावेशी है और उसके पास संभावनाओं का एक अनोखा मेल है, जिसे जीवन के विविध क्षेत्रों से आने वाले कर्मचारी लेकर आते हैं। कर्मचारियों की सेहत को अपने मुख्य स्तंभों में से एक रखते हुए, सिंक्रोनी ने सभी के लिए एक अपनाने वाला कार्यस्थल बनने के लिये कई नीतियां और काम करने का नया तरीका अपनाया है। कंपनी को विभिन्न पृष्ठभूमियों, जेंडर्स और पहचान से आने वाले आकांक्षियों की पसंद का नियोक्ता होने पर गर्व है। सिंक्रोनी के कार्यबल में प्रभावशाली ढंग से 49% कर्मचारी महिलाएं हैं, 100 से ज्यादा कर्मचारी दिव्यांग हैं और लगभग 40 भूतपूर्व सैनिक या उनके परिजन हैं। इसके साथ ही समावेशी पहलों की गति को जारी रखना कंपनी का लक्ष्य है।

काम और जिंदगी के बीच संतुलन बनाना कर्मचारी की भागीदारी और उसे बनाये रखने के लिये महत्वपूर्ण होता है। भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों के रूप में वे पहचान पाते हैं, जो लचीलापन रखते हैं और सिंक्रोनी में लचीलापन उन मुख्य विशेषताओं में से एक है, जो उसके अलग-अलग तरह के टैलेंट को आकर्षित करता है।

इस विशेष सम्मान पर अपनी बात रखते हुए, सिंक्रोनी के एसवीपी, बिजनेस लीडर इंडिया एंडी पोन्नेरी ने कहा, महिलाओं के लिये सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल के रूप में और डीईआई (विविधता, समानता एवं समावेश) के क्षेत्र में पहचान पाना हमारी दो सबसे बड़ी उपलब्धियां हैं। हमारे लोग हमारी सर्वश्रेष्ठ संपदा हैं और हम सभी के लिये समान अवसर में यकीन रखते हैं। हम इस गति को बनाये रखने और अपने कर्मचारियों की कॅरियर से जुड़ीं महत्वाकांक्षाओं में योगदान देने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

अपने कर्मचारियों की संपूर्ण सेहत पर पूरी तरह से ध्यान रखने के लिए, कंपनी ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिये अनूठे फायदे पेश किये हैं और वह सारी मुक्त भूमिकाओं के लिये अलग-अलग समूहों से नियुक्ति कर रही है।

# रक्तदान से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी के जन्म दिन के उपलक्ष में सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने 208वें रक्तदान शिविर का आयोजन सैनी धर्मशाला कैंथला खुर्द में किया। शिविर में मुख्य अध्यापक राजकुमार मुख्यातिथि रहे। मुख्य अतिथि ने आए हुए रक्तदाताओं को बैच लगा कर एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर की अध्यक्षता युवा समाजसेवी विक्रम सैनी ने की। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, ऋषि पाल, तरुण वधवा, दलबीर मलिक, बलदेव सिंह, अविनाश कौर मौजूद रहे। डॉ प्रवीण के नेतृत्व में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर में 35 रक्तदाता रक्तदान के लिए आए। शिविर में आने वाले अतिथियों को शुभम एवं बलजिंदर ने जलपान करवाया। रक्तदाताओं में सतनाम सिंह, विनय कुमार, वीरेंद्र कुमार, विजय कुमार, विनेश, गुरविंदर सुखविंदर, लवप्रीत, अर्जित, जॉनी, यमन, अभिषेक, सतविंदर, जगतार आदि शामिल रहे।


## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060121336746 **पंकज ट्रांसपोर्ट कम्पनी (ऋणी)**, सुन्दर लाल (सह-ऋणी), प्रतिभा (सह-ऋणी) | 15 मार्च 2022 ₹ 435691/- अक्षर चार लाख पैंतीस हजार छः सौ इकरानबे मात्र दिनांक 15 मार्च 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित मोहल्ला पुरानी सराई तह. नरनौल जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा **क्षेत्रफल 56.44 वर्ग गज**, पूर्व : रोड व रामचन्द्र सम्पत्ति, पश्चिम : मंदिर सम्पत्ति, उत्तर : श्याम लाल का मकान, दक्षिण : रोड व रामचन्द्र सम्पत्ति | 28 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060721639130 **राजेन्द्र प्रसाद एण्ड सन्स (ऋणी)**, हरिओम (सह-ऋणी), राजेन्द्र प्रसाद (सह-ऋणी), संदिप कुमार (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 2417671/- अक्षर चौबीस लाख सत्रह हजार छः सौ इकहत्तर मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित वार्ड नं. 05, आदर्श नगर (बास), तह. नरनौल, जिला - महेन्द्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 139.9 वर्ग गज**, पूर्व : हिरा लाल की सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : महावीर प्रसाद की सम्पत्ति, दक्षिण : रोड व हीरालाल की सम्पत्ति | 28 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060118494850 **रवि शंकर (ऋणी)**, संतोष रानी (सह-ऋणी) | 15 मार्च 2022 ₹ 1187271/- अक्षर ग्यारह लाख सतासी हजार दो सौ इकेत्तर मात्र दिनांक 15 मार्च 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित वाक्या वार्ड नं. 11, गली नं. 9/3, टिब्बा कॉलोनी रतिया, फतेहबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 151 वर्ग गज** | 29 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001061121784572 **रवि शंकर (ऋणी)**, संतोष रानी (सह-ऋणी) | 15 मार्च 2022 ₹ 208872/- अक्षर दो लाख आठ हजार आठ सौ बहत्तर मात्र दिनांक 15 मार्च 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित नगर निगम 70 201 रतिया फतेहबाद रतिया हरियाणा **क्षेत्रफल 151 वर्ग गज** | 29 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060719127570 **कृष्णा बिल्डर्स एण्ड शटरिंग स्टोर (ऋणी)**, सुनील कुमार (सह-ऋणी), पार्वती देवी (सह-ऋणी) | 12 जुलाई 2022 ₹ 1980171/- अक्षर उन्नीस लाख अस्सी हजार एक सौ इकेत्तर मात्र दिनांक 12 जुलाई 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित नगर निगम 234 19/2, 3/13, भाटिया कॉलोनी, फतेहबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 266 वर्ग गज** | 29 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001061124609231 **कृष्णा बिल्डर्स एण्ड शटरिंग स्टोर (ऋणी)**, सुनील कुमार (सह-ऋणी), पार्वती देवी (सह-ऋणी) | 12 जुलाई 2022 ₹ 170021/- अक्षर एक लाख सत्तर हजार इक्कीस मात्र दिनांक 12 जुलाई 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित अरोरावंश धर्मशाला रोड फतेहबाद, हरियाणा 125050 **क्षेत्रफल 266 वर्ग गज** | 29 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060118378365 **गोविन्द राम (ऋणी)**, | 19 मार्च 2022 ₹ 514485/- अक्षर पॉच लाख चौदह हजार चार सौ पिच्यासी मात्र दिनांक 19 मार्च 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित ग्राम ढिंगसरा (30), तह. व जिला फतेहबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 4598 वर्ग फीट**, पूर्व : रास्ता, पश्चिम : रास्ता, उत्तर : रास्ता, दक्षिण : कुशाल सिंह का मकान | 30 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060118674612 **दलबीर सिंह (ऋणी)**, प्रियंका (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 589519/- अक्षर पॉच लाख नवासी हजार पॉच सौ उन्नीस मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित वाक्या मौजा ठुइंया, उप तह. - भाटू कलां, तह. व जि-फतेहबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 2722 वर्ग फीट**, पूर्व : जगत पाल का प्लॉट, पश्चिम : आम रास्ता, उत्तर : आम रास्ता, दक्षिण : आम रास्ता | 30 सितम्बर 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थान: हरियाणा** **दिनांक: 01-अक्टूबर-2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# एमएसपी पर धान की सरकारी खरीद शुरू

## मंडी में पहले दिन खरीदा गया 60 हजार क्विंटल धान

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**शाहाबाद** अनाज मंडी में शनिवार दोपहर एक बजे से धान की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। पहले दिन 60 हजार क्विंटल धान की खरीद की गई है।

सरकारी खरीद शुभारम्भ के समय विधायक रामकरण, अनाजमंडी एसोसिएशन के प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिटटू कालड़ा, मार्केट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार मालिक, फूड सप्लाई इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी धर्मेंद्र, फिरोज खान, एएसएमसी कंवर प्रकाश और एएफएसओ अशोक रोहिला मौजूद रहे। प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिटटू कालड़ा ने बताया कि आज मंडी से आढ़त फर्म अमीरचंद विनोद कुमार के माध्यम से 90 क्विंटल की पहली ढेरी किसान विकास चढूनी की खरीदी गई है। इस ढेरी को सरकारी कीमत 2060 रुपये में खरीदा गया है। उल्लेखनीय है कि शाहाबाद के आसपास ग्रामीण इलाके में लगभग 40 प्रतिशत धान की कटाई हो चुकी है और 60 प्रतिशत पर कटाई काम जारी है। इसी क्रम में हरियाणा सरकार ने एक अक्टूबर से एमएसपी पर धान की खरीद का कार्य शुरू कर दिया है। सचिव कृष्ण कुमार ने बताया पिछले सीजन शाहाबाद अनाज मंडी से 16 लाख 50 हजार क्विंटल धान की खरीद हुई थी, जबकि इस बार और अधिक धान आने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि शनिवार से रोजाना धान की खरीद होगी और यह खरीद 15 नवंबर तक जारी रहेगी।



सरकारी खरीद शुभारम्भ के समय मौजूद विधायक रामकरण, मंडी प्रधान बिट्टू कालड़ा और अन्य।

### किसानों ने कितनी दी मार्केट फीस

**बिटटू** कालड़ा ने बताया कि इस साल हरियाणा सरकार द्वारा मार्केट फीस को लेकर फैसला लिया गया है कि जो धान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नहीं खरीदा जाता है, जैसे बासमती व डुप्लीकेट बासमती, उस पर चार प्रतिशत मार्केट फीस की जगह अब सीधा 100 रुपये प्रति क्विंटल फीस लगेगी, जिसमें से 50 रुपये मंडी बोर्ड को जाएंगे और 50 रुपये हरियाणा ग्रामीण विकास फंड में उपकर के रूप में जमा होंगे।

### धान की औसत पैदावार में क्या किया परिवर्तन

**मंडी** प्रधान बिटटू कालड़ा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने इस बार धान खरीद व्यवस्था में काफी परिवर्तन किया है। इसके तहत राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जिन क्षेत्रों में धान की अच्छी पैदावार होती है, उन क्षेत्रों में औसत पैदावार 30 क्विंटल प्रति एकड़ मानी जाएगी। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में औसत पैदावार 28 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि इस बार खरीद व्यवस्था में काफी परिवर्तन किया गया है। इसके तहत मंडी में लगने वाली मार्केट फीस में भी परिवर्तन किया गया है। इतना ही नहीं, धान की औसत पैदावार को लेकर भी नए मापदंड निर्धारित किए हैं। इस मौके विधायक के राजनीतिक सलाहकार विष्णु भगवान गुप्ता, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान विनोद वधवा, मार्केट कमेटी अकाउंटेंट जतिंदर कुमार, आढ़ती रघुबीर बंसल, भूषण गर्ग, प्रवीण गर्ग, अशोक अग्रवाल, हरविंदर रावा, अजय गर्ग, मोहन लाल सिंघल, पवन सिंगला और सागर गाबा आदि मौजूद रहे।

### किस भाव पर की जाएगी धान की खरीद

**सचिव** कृष्ण कुमार ने बताया कि हरियाणा में इस साल धान भारत सरकार की ओर से घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाएगी। इस खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के लिए जो केंद्र सरकार की ओर से खरीफ फसलों का एमएसपी जारी किया है, इसमें धान (कॉमन) के लिए 2040 रुपये प्रति क्विंटल और धान (ग्रेड-ए) के लिए 2060 रुपये प्रति क्विंटल शामिल है।

### फसल बेचने में परेशानी हो तो टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

**नोडल** अधिकारी कपिल शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर किसानों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाई गई है। किसान फसल बेचने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्या की शिकायत इस हेल्प डेस्क टोल फ्री नंबर 1800 -180 -2060 के जरिये कर सकते हैं। इस हेल्प डेस्क पर मार्केटिंग बोर्ड, कृषि व संबंधित विभाग के अधिकारी तैनात होंगे, जो किसानों की समस्या का समाधान करेंगे।

# अभिनेता गौरव प्रतीक ने स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय का किया अवलोकन



संग्रहालय संग्रहालय की छह नंबर वाली फिल्म गैलरी का अवलोकन करते अभिनेता गौरव प्रतीक।

**सोनीपत।** स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय अब देश-दुनिया से पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए बेहद ही आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। शनिवार को मुंबई से पहुंचे फिल्म अभिनेता गौरव प्रतीक ने संग्रहालय की छह नंबर वाली फिल्म गैलरी का अवलोकन किया। अच्छा बताते हुए कहा कि यहां सजाई गई दुर्लभ वस्तुएं वास्तव में ही आने वाली पीढ़ी के लिए रोचक जानकारी उपलब्ध कराने का एकमात्र स्थान होगा।

मुंबई से सोनीपत संग्रहालय पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता गौरव प्रतीक का ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के सदस्य सचिव राजेश खत्री के साथ अन्य वस्तु दाताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया। झांसी के रहने वाले गौरव प्रतीक बॉलीवुड में पिछले कई वर्षों से लगातार कार्य कर रहे हैं। अभिनेता गौरव प्रतीक ने यह दुनिया का एकमात्र ऐसा संग्रहालय है, जिसमें रखी गई वस्तुएं सभी ओरिजिनल हैं और काफी प्रभावशाली हैं। भविष्य में इस संग्रहालय को देखने के लिए देश-दुनिया से पहुंचने वाले पर्यटक यहां काफी महत्वपूर्ण इतिहास से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और युवा पीढ़ी के लिए भी यह संग्रहालय काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। विशाल, किशोरी लाल, अजय कुमार, सतीश त्यागी, प्रवीन वर्मा, प्रेम प्रकाश, राम प्रकाश कौशिक, सुलेख कुमार, जिगनेश के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पाकिस्तानी हथियार के साथ गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

## आरोपी के कब्जे से चार विदेशी पिस्तौल और दस कारतूस किए गए बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**एसटीएफ** की टीम ने पाकिस्तान सीमा से ड्रोन के जरिए भेजे भारी मात्रा में विदेशी हथियारों को लेकर आने वाले लॉरेंस बिश्नोई गैंग के इनामी गैंगस्टर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ अम्बाला टीम द्वारा आरोपी के कब्जा से चार अवैध विदेशी पिस्तौल, खाली खौल व दस कारतूस बरामद किये गये। पुलिस आरोपी को रविवार को पेश अदालत करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। दौराने रिमांड आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। अन्य साथियों को गिरफ्तार जाकर मामले का खुलासा किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार एक अक्टूबर शनिवार को एसटीएफ हरियाणा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के मार्गदर्शन, उप पुलिस अधीक्षक एसटीएफ अम्बाला के अमन कुमार के निर्देशानुसार ओर एसटीएफ अम्बाला इंचार्ज इंस्पेक्टर दीपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में टीम मोस्ट वांटेड अपराधियों की तलाश के लिए सदर करनाल क्षेत्र में मौजूद थी, उसी वक्त टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि लॉरेंस ग्रुप के अंकुश कमालपुर गैंग का सक्रिय सदस्य व उसके गैंग के हथियारों का मेन स्पलायर मुकेश वासी गांव जाम्बा थाना निगदु जिला करनाल जो पंजाब में पाकिस्तान बार्डर के साथ लगते एरिया से ड्रोन के जरिये पाकिस्तान से आये भारी मात्रा में विदेशी अवैध हथियार लेकर आया है। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई और मुठभेड़ के बाद आरोपी मुकेश उपरोक्त को काबू किया गया।



कुख्यात गैंगस्टर एसटीएफ टीम की गिरफ्त में।

### आरोपी का बब्बर खालसा ग्रुप व लॉरेंस ग्रुप से संबंध

**आरोपी** से प्रारंभिक पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी मुकेश के बब्बर खालसा ग्रुप, लॉरेंस ग्रुप व अंकुश कमालपुर गैंग से संबंध हैं। आरोपी द्वारा उपरोक्त हथियार विदेश में बैठे गैंगस्टर दमनजोत सिंह उर्फ काहलों व वीरेन्द्र साम्बी के माध्यम से ड्रोन द्वारा पाकिस्तान से मंगवाए थे। जोकि दोनों ही गैंगस्टर लखवीर सिंह उर्फ लण्डे के हैंडलर हैं और दोनों ही गैंगस्टर फिलहाल विदेशों में बैठे हैं।

### आंतकियों के कहने पर करना था नीरज पूनिया के भाई का मर्डर

**जांच** में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी नामी गैंगस्टर व अन्य आंतकियों के कहने पर अपनी गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गैंगस्टर नीरज पुनिया के भाई बृजपाल व प्रहलाद खाटवा वासी अवोहर का मर्डर करना था। आरोपी मुकेश को देश विरोधी गतिविधियों को संचालित करने के लिए विदेश में बैठे विरेंद्र साम्भी द्वारा फंडिंग हो रही थी। आरोपी के ऊपर हरियाणा पुलिस विभाग की तरफ से ईनाम भी घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ हरियाणा व पंजाब में हत्या का प्रयास करने, लूट, फिरौती मांगने, शस्त्र अधिनियम व आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त रहने के कुल नौ मामले दर्ज हैं। आरोपी आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहने के पंजाब में दर्ज मामले में फरार चल रहा था।

# एकल नृत्य में तान्या तो युगल नृत्य में कृतिका व निधि की जोड़ी ने बाजी मारी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**जीवीएम** इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलोजी एंड मैनेजमेंट (जीवीएमआईटीएम) में आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत आयोजित एकल नृत्य में तान्या तथा युगल नृत्य में कृतिका व निधि की जोड़ी अव्वल रही। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्य डा. मंजू पपरेजा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

जीवीएमआईटीएम के प्रतिभा खोज महोत्सव का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मंजू पपरेजा व प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. गायत्री धींगड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रकार की स्पर्धाओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। एकल नृत्य स्पर्धा में तान्या ने प्रथम, हिमांशी व यशिका ने संयुक्त रूप से सुहाना व छवि ने तृतीय स्थान हासिल किया और रितु व मुस्कान तथा नेहा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये।




जीवीएम में कार्यक्रम के दौरान नृत्य करती छात्राएं।

युगल नृत्य स्पर्धा में कृतिका व निधि की जोड़ी ने प्रथम तथा अवनी व रिन्नी की जोड़ी ने द्वितीय और गुलापजन व अदिति तथा तरुणा व साक्षी की जोड़ियों को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। समूह नृत्य में हिमांशी, आयुषी, शालू, रितु व छवि की टीम को विजेता तथा साक्षी, सलोनी तथा निशा की टीम को उप-विजेता के पुरस्कार से सुशोभित किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में तमन्ना ने प्रथम व ज्योति ने द्वितीय तथा भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन स्पर्धा में रैनी ने प्रथम व हिमांशी ने द्वितीय तथा दीपाली ने तृतीय स्थान हासिल किया। गायन स्पर्धा में मनीषा को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा। रोल-प्ले प्रतियोगिता में मानसी व ज्योति ने बाजी मारी। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन प्राध्यापिका कोमल, विन्नी, शिवांगी, अमिता व रेनू ने कुशलतापूर्वक किया। प्राचार्य डॉ. मंजू पपरेजा व अन्य प्राध्यापिकाओं ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

## चौथी बार यशपाल वधवा बने एमएन कॉलेज समिति के प्रधान

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** शनिवार को मारकंडा नेशनल कॉलेज समिति का चुनाव कॉलेज के कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से यशपाल वधवा को लगातार चौथी बार समिति का प्रधान चुना गया। कॉलेज समिति का गठन करते हुए ओमप्रकाश गुलियानी को उपाध्यक्ष, प्रेम नाथ गम्भीर को प्रबंध समिति का महासचिव व संजीव कालड़ा को कोषाध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव प्रक्रिया रिटर्निंग आफिसर राजेश बक्शी की देख-रेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. परमेश बतौर विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की तरफ से डॉ. रेणु ऋषि प्राचार्या, गवर्नमेंट कॉलेज साहा पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रही। मंच का संचालन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने आये हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और प्रबंधन समिति के कार्यकाल की सराहना करते हुए कॉलेज की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार




केंद्र सहायक निदेशक दिनेश सिंह को सम्मानित करते हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**करनाल।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के टैगोर आडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय विश्व बधिर दिवस के अवसर पर माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र करनाल को मूक-बधिर (दिव्यांगजन) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए महामहिम राज्यपाल हरियाणा श्री बंडारू दत्तात्रेय जी ने केंद्र के सहायक निदेशक दिनेश सिंह को सम्मानित किया।

राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव, वायस चांसलर एमडीयू राजबीर सिंह लोहान, हरियाणा वाणी एवं श्रवण निशक्तजन कल्याण समिति की उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन डाक्टर शरणजीत कौर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। केंद्र के सहायक निदेशक दिनेश सिंह ने इस उपलब्धि को उपायुक्त करनाल एवं अध्यक्ष अनीश यादव के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा का परिणाम बताया। उन्होंने इसके लिए केंद्र के समस्त स्टाफ और करनाल के सभी समाज सेवियों का इस उपलब्धि मे आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र के दौरान हमारे केंद्र मे हरियाणा तथा अन्य राज्यों के 215 बालक-बालिकाएं नीवंआधारम से कक्षा बारहवीं तक शिक्षा ग्रहण कर रहे है। बारहवीं पास करने वाले मूकबधिर बच्चो के उज्जवल भविष्य के भारत सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे कोर्सेज में दाखिलों और रोजगार मे हर संभव मदद की जाती है।

## बेनेली, कीवे ने दिल्ली में नए टचपॉइन्ट के साथ किया नेटवर्क का विस्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली**-एनसीआर में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाते हुए बेनेली, कीवे इंडिया ने दिल्ली में अपनी पहली डीलरशिप का उद्घाटन किया। दिल्ली स्थित यह नई डीलरशिप दिल्ली-एनसीआर में सेल्स, सर्विस और स्पेयर्स को बढ़ावा देगी। सेल्स टचपॉइन्ट का संचालन कपिल मोहान, टी-1, वेलोसिटा प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व में किया जाएगा।

इस नए आउटलेट के साथ बेनेली कीवे इंडिया का सशक्त नेटवर्क देश में 54 टचपॉइन्ट्स के आंकड़े तक पहुंच गया है। इस डीलरशिप में बेनेली की सुपरबाइकों की रेंज तथा हाल ही में लॉन्च की गई हंगेरियन मार्की कीवे को पेश किया जाएगा। 3एस शोरूम में मर्चेन्डाइज और एक्सेसरीज डिस्प्ले पर रखी जाएंगी। उद्घाटन के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विकास झबख, मैनेजिंग डायरेक्टर, बेनेली, कीवे इंडिया ने कहा, हमें खुशी है कि हमें टी-1, वेलोसिटा प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी का मौका मिला है। दिल्ली-एनसीआर बेनेली, कीवे इंडिया के लिए महत्वपूर्ण बाजार है और इस डीलरशिप के साथ हम क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और अधिक सशक्त बनाएंगे। हमें विश्वास है कि शहर में अपने नए टचपॉइन्ट के माध्यम से हम अपने उपभोक्ताओं के लिए प्रीमियम मोबिलिटी समाधानों को सुलभ बनाएंगे।

नई डीलरशिप के उद्घाटन पर बात करते हुए कपिल मोहान, डीलर प्रिंसिपल, बेनेली कीवे ने कहा, नई डीलरशिप के उद्घाटन के साथ, हम स्थानीय मोटो प्रेमियों के सपनों को साकार करना चाहते हैं और उन्हें इटैलियन जुनून एवं हंगेरियन फ्लेयर के साथ आजाद राइडिंग का अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। इस नए आउटलेट के माध्यम से हमें विश्वास है कि हम उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय मानकों की आसान सेवाएं प्रदान करना जारी रख सकेंगे।

# दागी इंस्पेक्टरों के दम पर ईमानदारी से धान खरीद की कवायद

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**आढ़तियों** की हड़ताल, किसानों के भारी विरोध प्रदर्शनों के बाद आखिरकार धान की सरकारी खरीद शुरू हो गई। वहीं दूसरी ओर एशिया की सबसे बड़ी मंडी करनाल में भ्रष्टाचार की पटकथा लिखी जा चुकी है, मंडी में डीएफएससी अनिल कालड़ा द्वारा ऐसे इंस्पेक्टरों, एफएसओ की डयूटी लगा दी, जिन पर पहले ही गंभीर आरोप लग चुके हैं। भ्रष्टाचार सहित कई गंभीर आरोप लगने के बावजूद मंडी में इस प्रकार ड्यूटी लगाना सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी सोच के विपरीत है।

सबसे बड़ी मंडी में ऐसे आरोपित इंस्पेक्टरों, एएफएसओ की ड्यूटी लगाने के पीछे क्या मकसद है, इसे आसानी से समझा जा सकता है। क्या डीएफएससी ने ड्यूटी लगाने से पहले इंस्पेक्टर राजेश कुमार, एएफएसओ जसबीर व इंद्र संधू का पिछला रिकार्ड चेक नहीं किया, जो सरकारी कार्यालयों में ही मौजूद है? इंस्पेक्टर राजेश कुमार व पहले निरीक्षक रहे मौजूदा एएफएसओ जसबीर द्वारा मिलों को दी गई धान की एवज में करीब 35 से 40 करोड़ का चावल सरकार को नहीं लौटाया है, अर्थात वे मिल डिफाल्टर हो गए, उन्हीं को ही सबसे बड़ी मंडी में खरीद सौंप दी।



मंडी में धान खरीद का दृश्य।

मंडी में शुरू हुए भ्रष्टाचार के खेल को उजागर करते हुए नई अनाजमंडी के एक आढ़ती ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार केवल समर्थन मूल्य पर धान की खरीद करती है, जबकि कई राइस मिलर समर्थन मूल्य से ज्यादा रेट पर धान खरीद रहे हैं। इसे पीछे ही भ्रष्टाचार की जड़ है, सरकार किसान से खरीदे गए धान का सरकारी रेट देगी, जबकि राइस मिलर समर्थन मूल्य से ज्यादा दिए गए पैसे को किसान को कैश में देगा। किसान को जहां कुछ फायदा होगा, वहीं सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान झेलना पड़ेगा।

**कई राइस मिलर कमाएंगे मोटी रकम :** सरकार किसान को समर्थन मूल्य देगी, राइस मिल अतिरिक्त पैसे कैश में देगा। दोनों के बीच में कई राइस मिलर करोड़ों रुपये कमा लेंगे। ये सब राइस मिलर खरीद अधिकारियों की मिलीभगत से ही कर सकते। दागी इंस्पेक्टर ही गोलमाल करने में कई राइस मिलरों की मदद करते है।

**सरकार से लेंगे, बाजार में उंचे दामों पर बेचेंगे चावल :** ऐसी क्या वजह है, राइस मिलर किसानों को समर्थन मूल्य से अधिक रेट पर पीआर धान खरीद रहे हैं, किसानों पर राइस मिलर मेहरबान क्यों? मेहरबानी के पीछे कारण मोटा मुनाफा है। सरकार से धान लेकर उसके चावल को बाजार में उंचे दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाएंगे जबकि बाहरी राज्यों से निम्न स्तर या घटिया चावल जमा करवा देंगे। जिससे जहां सरकार को चावल वापस मिल जाएगा, किसानों को उंचे दाम धान पर मिल जाएगे। यही वजह है कि मुनाफाखोर कई राइस मिलर अपने चेहते इंस्पेक्टरों को मंडी में लगाने में एंडी चोटी का जोर भी लगा देते हैं। आरोपित इंस्पेक्टर भी उनका फेवर करने वाले राइस मिलरों की धान खरीद में नियमों को ताक पर रखे देते है। जिससे बाद में चलकर कई राइस मिलर सरकार का करोड़ों रुपये का चावल लेकर फरार हो जाते है।

## संक्षिप्त-समाचार

### गांधी एक युगपुरुष का नाम : डॉ. रुकमेश चौहान



**कुरुक्षेत्र।** भारत तिब्बत समन्वय संघ हरियाणा प्रांत की महिला विभाग अध्यक्ष डॉ. रुकमेश चौहान ने गांधी जयंती पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गांधी केवल व्यक्ति का नाम नहीं है, बल्कि वह एक युगपुरुष का नाम है। गांधी ने सत्य व अहिंसा को आधार मान कर सामाजिक व राजनीतिक जीवन में जो आचरण किया, उन्हें समग्र रूप से भारत सहित पूरे विश्व में गांधीवादी विचारधारा के नाम से जाना जाता है। डॉ. चौहान के अनुसार गांधी जी समाज के प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास पर बल देते थे। व्यक्तित्व के विकास से उनका अभिप्राय शारीरिक मानसिक नैतिक तथा आध्यात्मिक विकास से था। इसलिए उन्होंने बुनियादी शिक्षा प्रणाली की रूपरेखा तैयार की। गांधीजी ने शिक्षा को स्वरोजगार से जोड़कर मैंकाले की दूषित शिक्षा प्रणाली का हल निकाला। गांधीजी सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रवादी होते हुए भी विश्व बंधुत्व की कल्पना करते थे और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में युद्ध के स्थान पर आपसी सहयोग व शांति पर बल देते थे। वह न केवल अहिंसक विरोध की राजनीति के चिंतक थे बल्कि वह एक महान समाज सुधारक भी थे। उनके सामाजिक विचारों की वर्ण व्यवस्था के आधार पर विभिन्न लोगों द्वारा आलोचनाएं की गई हैं। इन आलोचनाओं के बावजूद वर्तमान में उनका सामाजिक विचार पूर्ण रूप से प्रासंगिक है।

### अंग्रेजी भाषा में रुचि बढ़ाने को कार्यक्रम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने लंगुएज लिसनिंग एक्टीविटी का आयोजन बीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने किया। उन्होंने अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा को इस प्रकार के अनूठे कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। प्रो. वासव दत्ता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा में रूचि का विकास करना है। प्रो. निखिल भारद्वाज ने बताया कि चूंकि भाषा को सुनकर बोलना सीखा जाता है, जैसा उच्चारण हम सुनते हैं वैसा ही करने का प्रयास करतें हैं। आज इस कार्यक्रम में अंग्रेजी फिल्म दिखाई गई जिसमें कैसे शब्दों का उच्चारण किया जाता है इसको विद्यार्थियों ने नोट बुक में नोट किया और डिस्कसन सैशन में डिस्कस किया। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से हम जल्दी और व्यवहारिक रूप में अंग्रेजी को सीख सकते हैं। किसी भी भाषा को सीखने की तीन प्रक्रियाएं होती है लिस्निंग, स्पिकिंग और राइटिंग। इस अवसर पर शिक्षक वर्ग के डॉ. सतीश शर्मा, प्रो. सुमन, डॉ. रमा, डॉ. संदीप कुमार, प्रो. शक्ति भारद्वाज, प्रो. रानी देवी तथा गैर-शिक्षक वर्ग के श्री जितेन्द्र कुमार आदि के साथ-साथ सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाया स्वदेशी सप्ताह

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 में 25 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में अनेक गतिविधियां हुई। स्वदेशी सप्ताह के समापन पर विद्यालय में स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और महात्मा गांधी स्केच मेकिंग प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा अष्टम के छात्र अंकुश ने प्रथम स्थान कक्षा अष्टम की छात्रा ज्योतिका ने द्वितीय और अष्टम की छात्रा मीनल और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्वदेशी प्रमुख श्रीनिधि द्वारा किया गया। वंदना सत्र में निधि द्वारा छात्रों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की शपथ दिलाते हुए कहा गया कि स्वदेशी उत्पाद प्रयोग करने से हमारे राष्ट्र का विकास होगा। प्रतिदिन वंदना सत्र में नारे भी लगाए गए। स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ। स्वदेशी को स्वीकार करें, विदेशी का बहिष्कार करें। विद्यालय में यह सप्ताह प्रतिवर्ष 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाता है। प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने वंदना सत्र में छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमें विदेशी वस्तुओं की अपेक्षा स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए जिससे हम राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकते हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित


**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कुरुक्षेत्र दौरे में कश्यप राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल कश्यप के निवास स्थान पर पहुंचे और उनके सुपुत्र को सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद दिया और कश्यप परिवार के सदस्यों से मिलकर अपनी शुभकामनाएं दी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को प्रधान ओमपाल कश्यप व युवा विंग प्रदेश प्रभारी दिनेश कश्यप राजपूत व कश्यप राजपूत सभा के सदस्यों द्वारा शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा, लाडवा विधायक मेवा सिंह, पूर्व मंत्री लहरी सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष हरप्रीत चीमा, कांग्रेस नेत्री सुनीता नेहरा, राजकुमार पिंडारसी, अमित बराना, शमशेर कश्यप, राजबीर कश्यप, चेयरमैन सूरजभान पांचाल, प्रधान शीशपाल प्रजापति, लाल सिंह आर्य, शहरी प्रधान अजय कश्यप, कर्मपाल कश्यप,जनटी बिजडपुर, मनप्रीत चीमा व पिछड़ा वर्ग की विभिन्न संस्थाओं व संगठन के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया



**कुरुक्षेत्र।** गांधी जयंती पर आदर्श सीनियर सेकेंडरी बरगट जट्टान स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। हमारा देश उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अंग्रेजों को कई बार घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। अब देश ही नहीं, दुनिया भी गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत को मानती है। दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर देश के विभिन्न शैक्षणिक स्थानों में वाद-विवाद, भाषण और निबंध लेखन जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। इस अवसर पर आदर्श स्कूल के विद्यार्थियों ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर हमें गांधीजी के जीवन से अवगत करवाया। बच्चों ने महात्मा गांधी जी का वेश भी धारण किया व उनके वचन बुरा ना बोलो, बुरा ना देखो व बुरा ना सुनो का पालन करने की सीख दी। स्कूल के प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने इस अवसर पर बच्चों द्वारा की गई गतिविधियों को सराहा व अपने भाषण द्वारा बच्चों को बताया कि देश को अंग्रेजों के चुंगल से आजाद कराने में गांधी जी ने किस प्रकार अहम भूमिका निभाई थी। स्कूल के प्रबंधक सोहन लाल सैनी ने इस अवसर पर गांधी जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि सत्य और अहिंसा के सिद्धांत गांधीजी की ताकत थे।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

**दुर्गा दुर्गति नाशिनी**

जग की पालनहार हैं, सब की तारणहार
कृपादृष्टि से आपकी, चलता ये संसार
दुर्गा दुर्गति नाशिनी, शक्ति का आधार
क्षण क्षण करतीं अम्बिके, भक्तों का उद्धार

# परमाणु विस्फोट से लेकर छऊ नृत्य विषय पर बने रांची में दुर्गा पूजा पंडाल

## परमाणु परीक्षणों से पर्यावरण को पहुंचे नुकसान का संदेश देने के लिए बनाया मशरूम क्लाउड

## झारखंड की संस्कृति परंपरा तथा धार्मिक संरचनाओं पर आधारित भी बनाए गए हैं पंडाल

एजेंसी। रांची

रांची में इस साल दुर्गा पूजा के आयोजकों ने अपने पंडालों को अलग-अलग अंदाज में पेश किया है। जिसमें परमाणु धमाके से लेकर छऊनृत्य तथा सांस्कृतिक ढांचों की झलक देखने को मिलेगी। कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के कारण दो साल बाद सार्वजनिक रूप से दुर्गा पूजा की अनुमति मिलने पर रांची में आयोजकों ने अपने पंडाल तथा प्रतिमाएं विभिन्न थीम पर बनाए हैं। समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय ने कहा, हमारे पंडाल का विषय इस साल पर्यावरण संरक्षण पर है। हमने यह दिखाने के लिए मशरूम क्लाउड बनाया है कि परमाणु खतरे से प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। हमने इस अवधारणा के अनुरूप पंडाल के निर्माण में करीब 40 लाख रुपये खर्च किए हैं। भव्य पूजा पंडालों के लिए पहचाने जाने वाले बकरी बाजार ने पश्चिम बंगाल के मायापुर में निर्माणाधीन इस्कॉन मंदिर की एक प्रतिकृति का निर्माण किया है। इस पंडाल की ऊंचाई करीब 90 फुट है। बकरी बाजार पूजा की आयोजक समिति भारतीय युवक संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा, पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मेदिनीपुर जिले से कलाकार बुलाए गए और उन्होंने दो महीनों की कड़ी मेहनत के बाद पंडाल बनाया। उन्हें पंडाल में बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। सत्य अमरलोक पूजा समिति ने हरमू रोड पर मारवाड़ी भवन में अपने पंडाल में झारखंड की कला एवं संस्कृति को दर्शाया है। इसके प्रवेश द्वार पर सरायकेला-खरसावां का छऊनृत्य दिखाया गया है जबकि ढोल और नगाड़ा जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ लकड़ी के पुतले दर्शकों का स्वागत कर रहे हैं।



### सुरक्षा को एक हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महत्वपूर्ण स्थानों पर करीब 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है और 1,000 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा प्रमुख पंडालों में ड्रोन कैमरे भी लगाए जाएंगे।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड: तीन मुख्य आरोपी एसआईटी की हिरासत में

एजेंसी। देहरादून

अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तीन मुख्य आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक रिजॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करने वाली अंकिता की रिजॉर्ट संचालक पुलकित आर्य ने अपने दो कर्मचारियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के साथ मिलकर ऋषिकेश के निकट चीला नहर में धकेल कर कथित रूप से हत्या कर दी थी। अंकिता ने रिजॉर्ट के वीआईपी ग्राहकों को अतिरिक्त सेवा देने से इंकार कर दिया था। आरोपियों को 23 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि घटनाओं के क्रम को स्थापित करने के लिए तीनों को अपराध स्थल पर भी ले जाया जा सकता है। संपर्क किए जाने के बावजूद राजस्व पुलिस उपनिरीक्षक वैभव प्रताप सिंह द्वारा मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के आरोप में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए निलंबित किया गया है। सिंह से भी पूछताछ की जा रही है।

# दंडवत कर मुझसे अधिक विनम्र दिखना चाहते हैं मोदी : गहलोत

## कहा, पीएम को दंडवत के बजाय देशवासियों को भाईचारे का संदेश देना चाहिए

### गहलोत ने राजस्थान के आबू रोड में जनता को घुटनों के बल झुककर प्रणाम करने पर कटाक्ष किया





एजेंसी। जयपुर

राजस्थान के आबू रोड में जनता को घुटनों के बल झुककर प्रणाम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि मोदी उनसे अधिक विनम्र दिखना चाहते हैं। गहलोत ने कहा कि इस तरह प्रणाम करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी को देशवासियों को भाईचारे एवं मोहब्बत का संदेश देना चाहिए।

इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि कांग्रेस आज भी देश में मजबूत विपक्ष देने की स्थिति में है। प्रधानमंत्री शुक्रवार देर रात आबू रोड आए और उन्होंने वहां मौजूद जनता को माइक के बिना ही संबोधित किया और घुटनों के बल झुक कर प्रणाम किया। इस बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने बीकानेर में संवाददाताओं से कहा, उनको मालूम है कि अशोक गहलोत की छवि राजस्थान में बेहद विनम्र व्यक्ति की है...सरल, सरलता की है, जो बचपन से मेरी छवि रही है, तो मोदी जी इसका मुकाबला कैसे करेंगे...वे मुझसे अधिक हंबल (विनम्र) दिखना चाहते हैं।

गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विनम्र रहें लेकिन देशवासियों को भाईचारे का, प्यार मोहब्बत का संदेश दें और यह कहें कि मैं देश में किसी भी कीमत पर हिंसा बर्दाश्त नहीं करूंगा। गहलोत ने कहा, यह संदेश तो वह दे नहीं रहे, मेरी सलाह तो मान नहीं रहे। और तीन बार दंडवत करके क्या बताना चाहते हो। हमें पता है कि आप देश के प्रधानमंत्री हैं आपका मान सम्मान है।

अगर कल वे यह अपील करते तो मैं उनको टेलीफोन कर बधाई देता कि प्रधानमंत्रीजी आपने बहुत अच्छा किया, परंतु उन्होंने केवल दंडवत किया। दंडवत क्यों किया। सिर्फ यह बताने के लिए कि अशोक गहलोत हंबल है तो मैं भी हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा व उसके साथी हिल गए हैं और उनके पास इसकी आलोचना करने का कोई मुद्दा नहीं बचा है। भाजपाइयों ने यात्रा की शुरुआत में चार पांच दिन पहले तो राहुल गांधी पर हमला किया। अब इनके पास कोई मुद्दा ही नहीं, क्या तो हमला करें और क्या यह सोशल मीडिया पर डालें। उनकी हालत ऐसी हो रही है।

गहलोत ने कहा कि भाजपा के लोगों ने सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए राहुल गांधी की छवि को नुकसान पहुंचाया था और अब सच्चाई सामने आ गई है। इसलिए, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देश की तमाम वे शक्तियां बहुत खुश हैं जो चाहती थीं कि देश में तानाशाही का शासन नहीं हो, एक पार्टी का शासन नहीं हो और प्रतिपक्ष मजबूत हो।गहलोत ने कहा, कांग्रेस आज भी

### कांग्रेस में बाकायदा लोकतांत्रिक तरीके से हो रहे चुनाव

कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा, इधर हमारे चुनाव चल रहे हैं कांग्रेस पार्टी है। ये चुनाव भी अपने आप में संदेश हैं देश को। (भाजपा में) कब राजनाथ सिंह, कब अमित शाह व कब (जेपी) नड्डा अध्यक्ष बन गए किसी को नहीं मालूम लेकिन अब कांग्रेस में बाकायदा लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव हो रहे हैं। इन चुनाव ने भी पूरे देशवासियों को एक संदेश दिया है।

### भारत जोड़ो यात्रा में भीड़ से हिली भाजपा

यात्रा के कर्नाटक पहुंचने का जिक्र करते हुए, गहलोत ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा में अगर दो सवा दो लाख लोग इकट्ठा हो रहे हैं तो उसे हम क्या कहेंगे पूरी भाजपा और इसके साथी लोग हिल गए हैं। बेचैन हो रहे हैं।

एक मजबूत विपक्ष के रूप में खड़ी होने की स्थिति में है। यह माहौल बना है जो आगे बढ़ता जाएगा। गहलोत ने शनिवार को बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर में जिला स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल स्पर्धाओं का अवलोकन किया और लोगों को संबोधित किया।

# मोदीजी, आप कोविड मृतकों के परिजनों को हक क्यों नहीं दे रहे हैं : राहुल गांधी

### राहुल ने कोविड के कारण जान गंवाने वाले परिवारों को उचित मुआवजे की मांग की

### यात्रा के दौरान छोटी-सी बच्ची प्रतीक्षा के शब्दों ने हॉल में ला दिए सभी की आंखों में आंसू



एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के लिए शनिवार को उचित मुआवजे की मांग की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि आप उन्हें उनका हक क्यों नहीं दे रहे हैं।

गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कर्नाटक के गुंडलुपेट में ऑक्सीजन की कमी के कारण जान गंवाने वाले कोरोना वायरस मरीजों के परिवार के सदस्यों से शुक्रवार को बातचीत की। बातचीत का वीडियो साझा करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने शनिवार को ट्वीट किया, प्रधानमंत्री, प्रतीक्षा की सुनिए जिसने भाजपा सरकार के कोविड कुप्रबंधन के कारण अपने पिता को गंवा दिया। गांधी ने कहा कि उसने अपनी पढ़ाई तथा परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए, सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

उन्होंने पूछा, क्या कोविड पीड़ितों के परिवार उचित मुआवजा पाने के हकदार नहीं हैं? वे उन्हें उनका हक क्यों नहीं दे रहे हैं? कांग्रेस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, गांधी ने साथ बातचीत में मृतकों के परिवार के सदस्यों ने इस पर आक्रोश जताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने उनके प्रियजनों की मौत को कोविड मृतकों की सूची में शामिल तक नहीं किया।

बयान में कहा गया है, छोटी-सी बच्ची प्रतीक्षा के शब्दों ने हॉल में सभी की आंखों में आंसू ला दिए। वह अपनी मां की पीड़ा को बता रही थी जो उसके पिता की मौत के बाद बेरोजगार है।

# अखिलेश यादव ने 5जी को घालमेल और गोरखधंधा बताया

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को इंटरनेट सुविधा देने वाली 5जी सेवा की शुरुआत पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के राज में जनता को 5जी सेवा पहले से ही मिल रहा है।अखिलेश यादव ने 5जी का मतलब गरीबी, घोटाला, घपला, घालमेल और गोरखधंधा बताया।

सपा प्रमुख ने ट्विट कर कहा, भाजपा राज में जनता को 5जी पहले से ही मिल रहा है जी गरीबी, जी घोटाला, जी घपला, जी घालमेल, जी गोरखधंधा। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडियन मोबाइल कांग्रेस 2022 (आईएमसी) में देश के कुछ चुनिंदा शहरों में 5जी इंटरनेट सेवाओं का उद्घाटन किया। अगले दो साल में इस सेवा का विस्तार समूचे देश में किए जाने की योजना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 5जी एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है और इससे बेशुमार अवसर पैदा होने की संभावना है।

# भारत ने काबुल के शिक्षण संस्थान पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की

नई दिल्ली। भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के दश्त-ए-बारची स्थित शिक्षण संस्थान पर हुए आतंकवादी हमले की शनिवार को कड़ी निंदा की। इस हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों अन्य घायल हुए थे। काबुल से आई खबरों के मुताबिक काज शिक्षण केंद्र पर शुक्रवार को आत्मघाती हमला किया गया था और अधिकतर पीड़ित छात्राएं हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, हम काबुल के दश्त-ए-बारची में कल हुए आतंकवादी हमले से दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा, शिक्षण संस्थाओं के निर्दोष विद्यार्थियों को लगातार निशाना बनाए जाने की भारतीय कड़ी निंदा करते हैं।

# उ. कोरिया ने संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

एजेंसी। तोक्यो

उत्तर कोरिया ने संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल परीक्षण के संबंध में और जानकारी जुटाई जा रही है।



सूत्रों के अनुसार, ऐसा माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया से दागी गई कई मिसाइलें जापान सागर और जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरीं। उत्तर कोरिया ने अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की दक्षिण कोरिया की यात्रा तथा अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के बीच पांच साल में पहला पनडुब्बी रोधी प्रशिक्षण होने के बाद मिसाइल परीक्षण तेज कर दिए हैं। इस साल उत्तर कोरिया ने 20 से अधिक मिसाइल परीक्षण किए हैं जो रिकॉर्ड संख्या है। उसने अमेरिका के साथ लंबे समय से रुकी परमाणु वार्ता बहाल करने से भी इनकार कर दिया है। उत्तर कोरिया पनडुब्बियों से मिसाइलें दागने की अपनी क्षमता भी बढ़ा रहा है।

दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने हाल में कहा कि उन्हें ऐसे संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया एक पनडुब्बी से मिसाइल दागने का परीक्षण करने की तैयारी कर रहा है।

# रूस पर यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्र के प्रमुख को अगवा करने का आरोप

कीव। यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा प्रदाता विभाग ने रूस पर यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के प्रमुख का अपहरण करने का आरोप लगाया है।

यूक्रेन की परमाणु कंपनी एनर्गोटम ने शनिवार को कहा कि रूसी सेना ने जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के महानिदेशक इहोर मुराशोव को शुक्रवार अपराह्न करीब चार बजे अगवा कर लिया। जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर रूस के सैनिकों का कब्जा है। एनर्गोटम ने कहा कि रूसी सैनिकों ने मुराशोव की कार को रोका, उनकी आंखों पर पट्टी बांधी और फिर उन्हें एक अज्ञात स्थान पर ले गए। एनर्गोटम के अध्यक्ष पेट्रो कोटिन ने कहा, रूस द्वारा उनको हिरासत में लेने की घटना यूक्रेन और यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा को खतरे में डालती है। पेट्रो कोटिन ने मांग की कि रूस तुरंत मुराशोव को रिहा करे। दरअसल, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के चार क्षेत्रों को औपचारिक रूप से रूसी संघ में शामिल करने के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किए हैं।

# खड़गे ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष से दिया इस्तीफा

### दिग्विजय और चिदंबरम नेता प्रतिपक्ष की पद की दौड़ में जुटे



एजेंसी। नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजसभा के नेता प्रतिपक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। खड़गे ने यह कदम अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के एक दिन बाद उठाया।

खड़गे (80 वर्षीय) ने अपना त्यागपत्र कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेज दिया है। उन्होंने यह कदम मई में उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में तय एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत के अनुरूप उठाया है। सूत्रों ने बताया कि खड़गे ने शुक्रवार रात अपना इस्तीफा सौंपा। माना जा रहा है कि वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम और दिग्विजय सिंह राजसभा में नेता प्रतिपक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मुख्य मुकाबला खड़गे और शशि थरूर के बीच होगा। खड़गे कर्नाटक के दलित नेता हैं और इस पद के लिए प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पद के तीसरे दावेदार केएन त्रिपाठी हैं, जो झारखंड के पूर्व मंत्री रह चुके हैं। हालांकि, उन्हें इस चुनाव में कमजोर प्रत्याशी माना जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के नामांकन के आखिरी दिन खड़गे, थरूर और त्रिपाठी ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। खड़गे ने 14 सेट में नामांकन दाखिल किया और उनके प्रस्तावकों में अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, ए.के.एंटनी, अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक और जी-23 के सदस्य आनंद शर्मा, भूपेंद्र हुड्डा, पृथ्वीराज चव्हाण और मनीष तिवारी शामिल हैं।

# पश्चिम बंगाल : भाजपा अगले साल से दुर्गा पूजा का आयोजन नहीं करेगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में दो साल पहले दुर्गा पूजा आयोजित करने वाली पहली राजनीति पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अगले साल से यह आयोजन नहीं करेगी। भाजपा ने 2021 में हुए विधानसभा चुनाव से एक साल पहले से यह आयोजन शुरू किया था।

भाजपा ने आधिकारिक रूप से कहा कि वित्तीय संकट पूजा को जारी नहीं रखने का कारण है। हालांकि, पार्टी सूत्रों ने बताया कि आतंरिक तौर पर बहस चल रही है कि क्या राजनीतिक दल को दुर्गा पूजा का आयोजन करना चाहिए और साथ ही इस पर भी चर्चा चल रही है कि पार्टी को क्या अब खुद को राज्य में बंगाली संस्कृति के प्रति सम्मान करने वाली पार्टी के रूप में साबित करने की जरूरत है, जिसे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी बाहरी करार देती थी। भाजपा द्वारा आखिरी दुर्गा पूजा आयोजन को यादगार बनाने के लिए 28 वर्षीय गैर ब्राह्मण सुजाता मंडल को दुर्गा पूजा करने के लिए चुना गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार शनिवार को इस पंडाल का उद्घाटन करेंगे।

# रूस के जनमत संग्रह पर संयुक्त राष्ट्र में लाए प्रस्ताव पर भारत ने बनाई दूरी

### परिषद के 15 देशों को इस प्रस्ताव पर करना था मतदान



एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

भारत शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अमेरिका एवं अल्बानिया द्वारा पेश किए गए उस मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा, जिसमें रूस के अवैध जनमत संग्रह और यूक्रेनी क्षेत्रों पर उसके कब्जे की निंदा की गई है। इस प्रस्ताव में मांग की गई थी कि रूस यूक्रेन से अपने बलों को तत्काल वापस बुलाए। परिषद के 15 देशों को इस प्रस्ताव पर मतदान करना था, लेकिन रूस ने इसके खिलाफ वीटो का इस्तेमाल किया, जिसके कारण प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।

इस प्रस्ताव के समर्थन में 10 देशों ने मतदान किया और चार देश चीन, गाबोन, भारत तथा ब्राजील मतदान में शामिल नहीं हुए। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जोपोरिज्जिया क्षेत्रों पर कब्जा जमाने की शुक्रवार को घोषणा की थी। मतदान के बाद परिषद को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि यूक्रेन में हाल के घटनाक्रम से भारत बहुत चिंतित है और उसने हमेशा इस बात की वकालत की है कि मानव जीवन की कीमत पर कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता। उन्होंने मतदान से दूर रहने पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा, हम अनुरोध करते हैं कि संबंधित पक्ष तत्काल हिंसा और शत्रुता को खत्म करने के लिए हरसंभव प्रयास करें। मतभेदों तथा विवादों को हल करने का इकलौता जवाब संवाद है, हालांकि इस समय यह कठिन लग सकता है। भारत ने कहा, शांति के मार्ग पर हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने की आवश्यकता है।

# बुर्किना फासो में दूसरी बार तख्तापलट राष्ट्रपति डामिबा सत्ता से बाहर

औगाडोगोउ। बुर्किना फासो में सैनिकों ने शुक्रवार देर रात सरकारी प्रसारणकर्ता को अपने नियंत्रण में ले लिया और सैन्य तख्तापलट कर राष्ट्रपति बने लेफ्टिनेंट कर्नल पॉल हेनरी सैंडाओगो डामिबा को महज नौ महीने बाद ही सत्ता से बेदखल करने की घोषणा की। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि कैप्टन इब्राहिम त्राओरे इस्लामिक चरमपंथ से जूझ रहे पश्चिमी अफ्रीकी देश के नए राष्ट्राध्यक्ष हैं। डामिबा और उनके सहयोगियों ने महज नौ महीने पहले ही लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को सत्ता से बाहर कर दिया था और वह देश को अधिक सुरक्षित बनाने का वादा करके सत्ता में आए थे। हालांकि, हिंसा का दौर जारी रहा तथा हाल के महीनों में उनके नेतृत्व को लेकर असंतोष की आवाज बुलंद होने लगी थीं। प्रवक्ता कैप्टन किस्वेंडसिदा फारूक अजारिया सोरघो द्वारा शुक्रवार शाम को पढ़े गए बयान में कहा गया है, बिगड़ते सुरक्षा हालात के मद्देनजर हमने सुरक्षा मुद्दों पर बदलाव पर ध्यान केंद्रित करने का बार-बार प्रयास किया है। सैनिकों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वादा किया कि वे अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करेंगे। उन्होंने देशवासियों से शांति से अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध किया।

# अभियोजक का बयान सबूतों पर खरा उतरना वाला होना चाहिए : एनआईए अदालत

## अदालत ने इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के संगठन आईआरएफ के एक कर्मी को बरी कर कहा

### अदालत ने फैसला देते हुए कहा, केवल दावा ही सबूत का स्थान नहीं ले सकता

एजेंसी। मुंबई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने वर्ष 2016 में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) में युवाओं को भर्ती के लिए प्रेरित करने के आरोप में इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के संगठन इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) के गिरफ्तार किए गए एक कर्मी को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष का बयान आकर्षक हो सकता है, लेकिन यह सबूतों द्वारा भी साबित होना चाहिए।

विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश एएम पाटिल ने अब प्रतिबंधित आईआरएफ के लिए काम करने वाले अर्शी कुरैशी को सबूतों के अभाव में शुक्रवार को सभी आरोपों से बरी कर दिया। इस फैसले की विस्तृत प्रति शनिवार को उपलब्ध हुई।

एनआईए एजेंसी ने कुरैशी पर भारत के खिलाफ नफरत फैलाने और प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस की गतिविधियों को बढ़ाने में मदद करने का आरोप लगाया था। विशेष लोक अभियोजक सुनील गोंसाल्विज ने कहा कि केरल के कुछ कट्टरपंथी युवाओं और आईआरएफ सदस्यों द्वारा अशफाक मजीद और उसके सहयोगियों को कट्टरपंथी जिहादी विचारधारा में शामिल करने का यह मामला है, जिन्होंने असफाक और उसके सहयोगियों को आईएसआईएस में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अन्य आरोपी अब्दुल राशिद अब्दुल्ला लापता युवकों के समूह के



### अर्शी कुरैशी को वर्ष 2016 में किया था गिरफ्तार

कुरैशी को वर्ष 2016 में आईएसआईएस के कथित सदस्य अशफाक मजीद के पिता की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया था। शिकायत में पिता ने कहा कि उनका बेटा लापता है और उसने अपनी बहन को सूचित किया है कि वह आतंकवादी संगठन में शामिल हो गया है।

### यूएपीए की धाराओं में बनाया था आरोपी

एनआईए ने कुरैशी पर कथित गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उसे गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) की धाराओं के तहत आरोपी बनाया था।

लिए अशफाक के घर पर कक्षाएं चलाता था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि अब्दुल्ला आईएसआईएस से जुड़े लोगों के संपर्क में था और डार्क नेट ब्राउजर का इस्तेमाल उनसे संवाद के लिए करता था। हालांकि, कुरैशी के वकील टीडब्ल्यू पठान और आईए खान ने दावा किया कि एनआईए की प्राथमिकी मनगढ़ंत और देर से दर्ज की गई है और इस मामले की जांच पहले ही दो थाने (केरल की) कर रही थी। अदालत ने मामले पर फैसला देते हुए कहा, केवल दावा ही सबूत का स्थान नहीं ले सकता।

# अल्ताफ शाह को मानवीय आधार पर रिहा किया जाए : महबूबा मुफ्ती

एजेंसी। श्रीनगर




पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अल्ताफ शाह को मानवीय आधार पर रिहा करने की अपील की, जो गुर्दे के कैंसर से ग्रस्त हैं।अल्ताफ शाह दिवंगत अलगाववादी नेता सईद अली गिलानी का दामाद है। उसे वर्ष 2017 में छह अन्य के साथ आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह इस समय दिल्ली स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) की चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती है।

महबूबा ने ट्वीट किया, अल्ताफ शाह को कैद में रखना अमानवीय है, क्योंकि वह गंभीर रूप से बीमार है। केंद्रीय गृह मंत्री से उसे मानवीय आधार पर रिहा करने का अनुरोध करती हूं, ताकि वह इस मुश्किल समय में अपने परिवार के साथ रह सके। पीडीपी प्रमुख ने यह टिप्पणी अल्ताफ शाह की बेटी रुआ शाह के ट्वीट पर की। रुआ ने बीती रात ट्वीट किया था, मेरे पिता को गुर्दे का कैंसर होने की बात पता चली है और यह उनकी हड्डियों सहित शरीर के अन्य हिस्सों में फैल रहा है। मेरे पूरे परिवार की ओर से अनुरोध है कि हमें उनसे मिलने दिया जाए और स्वास्थ्य आधार पर उनकी जमानत अर्जी पर विचार किया जाए।

## रामलीला मैदान में ब्रेक डांस झूला टूटा

- हादसे में तीन बच्चों समेत 4 घायल, 5 फीट दूर जाकर गिरी ट्रॉली, अभी केस दर्ज नहीं



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में रामलीला मैदान में झूला ब्रेक डांस टूटने से तीन बच्चे और एक महिला घायल हो गए। झूला काफी तेजी से घूम रहा था, तभी उसका एक हिस्सा टूटकर उछला और किनारे लगी रेलिंग से टकराता हुआ बाहर जा गिर गया। उसमें बैठे हुए लोग नीचे गिरने से घायल हो गए।

घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घायल निशा ने बताया झूला पहले से टेढ़ा था। झूला संचालक से इस बारे में कहा भी था, लेकिन उसने अनसुना कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, चोट मामूली है और घबराने जैसी कोई बात नहीं थी। रात में ही इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद पुलिस ने सभी झूलों को बंद करा दिया। गाजियाबाद के घंटाघर मैदान में रामलीला चल रही है। यहीं पर रामलीला का मेला भी लगा हुआ है।

इस मेले में तरह-तरह के झूले लगे हैं। शुक्रवार रात करीब 11 बजे एक ब्रेक डांस झूले पर कई बच्चे झूल रहे थे। ज्यादातर ट्रॉलियां भरी हुई थीं। इस दौरान ब्रेक डांस झूले की एक ट्रॉली उखड़कर 5 फीट दूर जाकर पलट गई। हादसा इतना भयानक था कि यह झूला 90 डिग्री कोण पर उठा खड़ा हुआ और फिर पलट गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि ब्रेक डांस झूले के फ्लोर पर खड़ा एक लड़का हादसे में बाल-बाल बच गया। जबकि ट्रॉली के अंदर बैठे बच्चे फ्लोर पर गिर गए। ट्रॉली में तीन बच्चे और एक महिला बैठे हुए थे। सभी घायल हो गए। घायलों की पहचान निशा पत्नी अवनीश, बेटी अवनी 8 साल समेत एक दूसरे परिवार की हेमा 10 साल के रूप में हुई है। घायल निशा ने बताया कि झूले में बैठने के दौरान झूले वाले से कहा था कि झूला टेढ़ा हो रहा है, लेकिन उसने सब ठीक होने का हवाला देकर इसे नजर अंदाज कर दिया। हादसे के बाद रामलीला मैदान में अफरा-तफरी मच गई। जिन पेरेंट्स ने अपने बच्चे ब्रेक डांस झूले में बैठा रखे थे, वे उन्हें उठाकर भाग निकले। सूचना पाकर पुलिस और रामलीला कमेटी के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को गाजियाबाद के एमएमजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

डॉक्टरों के मुताबिक, चोट मामूली है और घबराने जैसी कोई बात नहीं थी। रात में ही इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार रात भी एक बच्चा झूले से गिरकर घायल हो गया था। गाजियाबाद पुलिस ने वीडियो सामने आने के बाद भी अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है।

शनिवार देर शाम तक इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। हालांकि सुल्लामल रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों का कहना है कि मेले में लगे सारे झूले दोबारा चेक करा रहे हैं। जो भी कमियां हैं, उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है।

## गाजियाबाद में फांसी पर लटकी मिली प्रोफेसर की लाश

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में इनमेंटेक लॉ कॉलेज के प्रोफेसर प्रशांत खारी 32 साल की लाश शनिवार को उनके कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। जबकि उनकी पत्नी कमरे में बेसुध पड़ी मिली हैं। पुलिस ने प्रोफेसर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या मानते हुए जांच-पड़ताल कर रही है। कविनगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार के अनुसार, मृतक प्रशांत खारी जिला सहारनपुर में नकुड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। वे गाजियाबाद में इनमेंटेक लॉ कॉलेज के लॉ विभागाध्यक्ष थे। प्रशांत अपनी पत्नी पूनम और छह वर्षीय बेटी के साथ बालाजी एन्क्लेव में रहते थे। प्रशांत की मां ने उन्हें कॉल की, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। मां ने नजदीक में रहने वाले परिचित को घर पर भेजा तो पता चला कि पूनम बेसुध पड़ी थी और प्रशांत खारी का शव फांसी पर लटका हुआ था।

## तय सीमा में स्कीम लांच हो: ऋतु माहेश्वरी

- शनिवार को ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ का पदभार संभाला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण की नवनियुक्त सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने शनिवार को कार्यभार संभाल लिया। प्राधिकरण के सभी एसीईओ व विभागाध्यक्षों के साथ अपनी पहली बैठक में सीओ ने ग्रेनो फेज दो की तरफ तेजी से कदम बढ़ाने के संकेत दिए। उन्होंने फेज दो के मास्टर प्लान को शीघ्र तैयार कराने के निर्देश दिए।

सीईओ ने प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए बकाया भुगतान न करने वाले आवंटियों का आवंटन तत्काल रद्द करने, सभी तरह की संपत्तियों से जुड़ी स्कीमों को शीघ्र लांच करने, लैंड बैंक बढ़ाने और जनस्वास्थ्य व विकास परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। ऋतु



माहेश्वरी शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंची। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का पदभार संभालने के बाद एसीईओ दीप चंद्र, प्रेरणा शर्मा व अमनदीप डुली व ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव सहित सभी विभागाध्यों के साथ बैठक की। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभी विभागों की ताजा स्थिति पर जानकारी प्राप्त की।

सीईओ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति पर चर्चा की। बजट के हिसाब से आय और व्यय की कमजोर स्थिति पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए सीईओ ने सभी विभागों को समय-सीमा तय कर स्कीम लांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाली प्लॉटों को चिंहित कर उनको स्कीमों में शामिल कर आवंटित करने को कहा।

लैंड बैंक का ब्योरा प्राप्त करने के बाद सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को और तेज करने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा फेज दो के मास्टर प्लान को शीघ्र तैयार कराने को कहा। पहले फेज के साथ ही ग्रेटर नोएडा के दूसरे फेज के अधिसूचित एरिया में हो रहे अतिक्रमण को भी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से ऑवंटियों को दी जा रही ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। सीईओ ने प्रोजेक्ट विभाग, वित्त, नियोजन, भूलेख, संपत्तियों से जुड़े सभी विभागों की विस्तृत रिपोर्ट सोमवार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के विकास व सौंदर्यीकरण से जुड़ी परियोजनाओं को शुरू करने तथा सेक्टरों व गांवों में जनस्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## एसएसपी आवास पर दंपती ने खाया जहर पुलिस पर झूठे केस में फंसाने का आरोप

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

**एसएसपी** आवास पर शनिवार सुबह पहुंचे दंपती ने पुलिस पर झूठे केस में फंसाने का आरोप लगा जहर खा लिया। दोनों को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। दंपती के बेटे ने भी कुछ समय पहले एसएसपी कार्यालय पर जहर खाने का प्रयास किया था। इनके खिलाफ बहू ने मारपीट व गर्भपात कराने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मानसरोवर पार्क में रहने वाले सुमित ने गांव की ही युवती से मार्च 2022 में शादी की थी। विवाद होने पर पत्नी घर छोड़कर चली गई तो सुमित ने थाना कविनगर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस पर पत्नी की तलाश न करने का आरोप लगा उसने एसएसपी कार्यालय पर आकर जहर खाया था, जिसके बाद पत्नी ने सामने आकर कहा था कि वह लापता नहीं है। अपनी मर्जी से गई है। छह अगस्त को उसने सुमित, उसके पिता मनोज, मां रेखा व दो रिश्तेदारों पर मारपीट करने, गर्भपात कराने समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे। मनोज और रेखा शनिवार सुबह एसएसपी आवास के बाहर पहुंचे और कहा पुलिस उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा रही है। कहा कि उन्होंने कई साक्ष्य दिए हैं, फिर भी सुमित की गिरफ्तारी के लिए दबाव दे रही है। इतना कहकर दोनों ने जहर खा लिया। हालांकि दोनों की तबीयत खतरे से बाहर है।

*"सुमित और उसके माता.पिता आरोपित हैं और इस मामले की विवेचना की जा रही है। मनोज और रेखा ने जहर कहां खाया, यह स्पष्ट नहीं है। इनका विसरा सुरक्षित किया है, जिसे जांच के लिए भेजेंगे। यदि जहर की पुष्टि नहीं होती है तो इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"*
अमित कुमार, एसएचओ, कविनगर।

## सुनपुरा में चला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुल्डोजर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शनिवार को सुनपुरा में हो रहे अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाया।

करीब 15 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली कराया। कालोनाइजर अवैध निर्माण कर इसे कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। खाली कराई गई जमीन कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने बताया कि वर्क सर्किल दो के प्रभारी चरण सिंह के नेतृत्व में प्रबंधक प्रताप सिंह व सहायक प्रबंधक राजेश निम की टीम ने शनिवार को सुनपुरा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। सुनपुरा के खसरा नंबर 433, 434, 437 व 438 की 15 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा था।

## महिला अधिकारी का फोन हैक कर भेजे अश्लील संदेश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**कौशांबी** थाना क्षेत्र की एक महिला अधिकारी का मोबाइल हैक करके उनके बेटे के स्कूल के वाट्सएप समूह पर अश्लील संदेश भेज गए हैं।

महिला अधिकारी का बेटा थाना क्षेत्र के एक स्कूल में छठीं कक्षा का छात्र है। स्कूल के कार्य के लिए उसने मां के मोबाइल से एक वाट्सएप समूह से जुड़ा। उसमें एक लिंक आया, ताकि सभी बच्चे मिलकर प्रोजेक्ट पूरा कर सकें। शुक्रवार व शनिवार को वह वाट्सएप समूह में नहीं जुड़ पाया।

बाद में साथियों ने बताया कि उसके मोबाइल से अश्लील संदेश आए हैं। उसकी शिक्षिका ने भी इसकी जानकारी दी। यह जानकार महिला अधिकारी के होश उड़ गए। उन्होंने आशंका जाहिर किया कि किसी ने उनका मोबाइल हैक करके ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि उनका मोबाइल नंबर देश के बड़े अधिकारियों के वाट्सएप समूह से भी जुड़ा है। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। साइबर अपराधी वाट्सएप, ई-मेल व अन्य इंटरनेट मीडिया के जरिये लिंक भेजते रहते हैं। उनमें तमाम लिंक ऐसे होते हैं जिसे खोलते ही मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटाप आदि रिमोट पर चला जाता है।

## डूसिब की खाली जमीनों की रिपोर्ट 15 दिन करें तैयार : सिसोदिया



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की खाली पड़ी जमीन और भवन संपत्तियों का ऑडिट करवाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने इसके लिए अधिकारियों को आदेश देते हुए 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए है7 साथ ही अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ एक ऑनलाइन कंप्यूटर इन्वेंट्री सिस्टम स्थापित करने को कहा है। इस ऑनलाइन मोनिटरिंग सिस्टम में डूसिब की खाली भूमि और भवन संपत्ति की मौजूदा स्थिति का जियो कोआर्डिनेट, फोटो, अवैध कब्जे पर रिपोर्ट आदि के साथ हर संपत्ति का होगा का पूरा विवरण होगा जिससे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण गतिविधियों को ट्रैक करने और रोकने में सरकार की मदद करेगी। बता दे कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा आम जनता द्वारा बताए गए कुछ अतिक्रमण और अवैध भूमि अधिग्रहण के मामलों का संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया गया हैं।

उपमुख्यमंत्री ने आदेश जारी करते हुए कहा, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण और अवैध कब्जा एक गंभीर मामला है और इन्हें हटाना सरकार की प्राथमिकता है। डूसिब को निर्देश दिया गया है कि वह सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करे और भवन संपत्ति की स्थिति को नियमित रूप से अपडेट करने के लिए एक ऑनलाइन सिस्टम स्थापित करें।

## इंस्टाग्राम का ग्लैमरस लुक बना मां-बेटी की हत्या की वजह

- लोगों के टोकने के कारण पति-पत्नी में रोज होता था झगड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में इंस्टाग्राम की ग्लैमरस रील्स मां.बेटी की हत्या की वजह बन गया। रील्स देखकर पति को पत्नी के कैरेक्टर पर शक हो गया। उसने पत्नी को रील्स बनाने के लिए मना किया। लेकिन, वह नहीं मानी। कुछ ऐसा ही 15 साल की बेटी के साथ भी था। वह भी मां के साथ रील्स बनाती थी।

रिक्शावाले की पत्नी के मॉडर्न लुक को लेकर आस-पास के लोग भी तरह.तरह के सवाल उठाने लगे। इसी वजह से पति-पत्नी के बीच रोज लड़ाइयां होने लगीं। गुरुवार रात को भी इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ तो उसने पत्नी-बेटी की फावड़े से गला काटकर हत्या कर दी। रेखा की लाश फर्स्ट फ्लोर पर कमरे में और ताशु की लाश छत पर थी। पुलिस पूछताछ में संजय पाल ने बताया, प्रेखा से मेरी शादी करीब 20 साल पहले हुई थी। पहले मैं घर के नीचे ही कन्फेक्शनरी की शॉप चलाता था। कोरोना में मेरी दुकान बंद हो गई। इसके बाद मैं घर चलाने के लिए ई-रिक्शा चलाने लगा। उसने बताया कि मेरे दो बच्चे हैं एक बेटा और एक बेटी। एक घर में होने के बावजूद हम दोनों अलग-अलग रहते थे। पुलिस के मुताबिक, जिस मकान में वारदात हुई, यहां सिर्फ संजय पाल, पत्नी रेखा, बेटी और बेटा रहते थे। नजदीक ही एक दूसरा मकान है, जहां पर संजय के मां.बाप रहते थे।



वारदात के वक्त संजय का बेटा अपने दादा-दादी के घर पर गया हुआ था। वह 12वीं क्लास में पढ़ता है। उसके जाते ही संजय को पत्नी और बेटी को मारने का मौका मिल गया था और उसने वारदात को अंजाम दे दिया। आरोपी संजय ने पुलिस को बताया कि रेखा पहले नोएडा में जॉब करती थी। कोरोना के चलते उसकी नौकरी चली गई थी। जॉब नहीं होने के बावजूद वह अक्सर पालतू डॉग को घुमाने के बहाने नोएडा जाती थी। यह बात उसे अखरती थी। कुछ लोगों ने संजय को बताया था कि उसकी बीवी का कैरेक्टर अच्छा नहीं है। पुलिस ने बताया कि रिक्शा चलाने वाले संजय का शक तब और बढ़ गया जब उसने अपनी पत्नी और बेटी की इंस्टाग्राम प्रोफ इल देखी। यह देखकर तो संजय के होश उड़ गए। जैसे-तैसे दो वक्त की रोटी का इंतजाम करने वाले रिक्शा चालक संजय की बीवी रेखा ने इंस्टाग्राम पर मॉर्डन लुक वाली रील्स बना रखी थीं।

एक से बढ़कर एक शानदार ड्रेस में वो रील्स बनाती थी। इंस्टाग्राम पर रेखा के 959 और उसकी बेटी ताशु के 1255 फॉलोअर्स थे।

## राजधानी में ग्रैप लागू

## जितना अधिक प्रदूषण, उतनी पाबंदियां

### वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए पंद्रह दिन पहले लाई गई योजना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** और उसके आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की गंभीर चुनौती से निपटने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के तहत संशोधित चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) शनिवार से लागू हो गई।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने जनता और विशेषज्ञों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए इस बार जीआरएपी को जल्दी लागू करने का निर्णय लिया।

अमूमन यह व्यवस्था 15 अक्टूबर के बाद ही लागू होती रही है। संशोधित कार्य योजना के तहत पूर्वानुमान के आधार पर तीन दिन पहले सूचित कर प्रदूषणकारी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक पर्यावरण विभाग नई रीयल-टाइम सोर्स एपॉर्शनमेंट सिस्टम (वास्तविक समय स्रोत विभाजन प्रणाली) का उपयोग करेगा जो वास्तविक समय में वायु प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने में मदद करेगा और इसके आंकड़े 20 अक्टूबर से उपलब्ध होंगे। ग्रीन वॉर रूम वायु प्रदूषण संबंधी नियमों के उल्लंघनों की निगरानी करेगा और पिछले दो वर्षों से अपनाई



जा रही पद्धति को ध्यान में रखते हुए शिकायतों का निवारण करेगा।

प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पाबंदियां चार चरणों में लागू की जाएंगी। पहले चरण के तहत सीएक्यूएम ने प्रदूषणकारी उद्योगों, वाहनों और बायोमास जलाने के खिलाफ कठोर कार्रवाई की सिफारिश की है। दूसरे चरण के तहत होटल, रेस्तरां, भोजनालयों में तंदूर के अलावा आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर डीजल जनरेटर सेटों में कोयले और लकड़ी का उपयोग प्रतिबंधित है। यदि वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में जाता है तो तीसरे चरण के तहत अधिकारियों को आवश्यक परियोजनाओं (जैसे रेलवे, महानगरों, हवाई अड्डों, आईएसबीटी, राष्ट्रीय सुरक्षा/राष्ट्रीय महत्व की रक्षा-संबंधित परियोजनाओं) और प्लंबर, लकड़ी का काम, आंतरिक सजावट और बिजली के काम जैसी गैर-प्रदूषणकारी गतिविधियों को छोड़कर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू करना होगा। तीसरे चरण के तहत स्वच्छ ईंधन से नहीं चलने वाले ईंट भट्टों, हॉट मिक्स प्लांट और स्टोन क्रशर और एनसीआर में खनन और संबंधित गतिविधियों पर भी प्रतिबंध रहेगा।

वायु गुणवत्ता सूचकांक अत्यधिक गंभीर होने पर दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर रोक लगाने के अलावा राष्ट्रीय राजधानी में आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर, दिल्ली में पंजीकृत डीजल से चलने वाले मध्यम मालवाहक वाहनों और भारी मालवाहक वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

### मौसम में बदलाव शुरू, वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में

नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता सूचकांक शनिवार को शाम में 167 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के मुताबिक, अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में अगले दो दिन आसमान साफ रहने के आसार हैं। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में शनिवार शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक आर्द्रता 51 फीसदी दर्ज की गई। संशोधित जीआरएपी के तहत प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर तीन दिन पहले तक पाबंदियां लगाई जा सकती हैं।

### जीआरएपी को अब दिल्ली में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के चार अलग-अलग चरणों के तहत वर्गीकृत किया है

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहला चरण- | खराब | एक्यूआई | 201-300 |
| दूसरा चरण- | बहुत खराब | एक्यूआई | 301-400 |
| तीसरा चरण- | गंभीर | एक्यूआई | 401-450 |
| चौथा चरण- | बेहद गंभीर | एक्यूआई | 450 से ऊपर |

## स्कूल शिक्षक ने बेटी के सामने की पत्नी हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नवादा इलाके में एक स्कूल शिक्षक ने अपनी नौ साल की बेटी के सामने अपनी पत्नी की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार शाम 6.24 बजे दंपति के बीच बहस होने और महिला के गंभीर रूप से घायल होने के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया कि जब पुलिस नवादा ककरोला हाउसिंग कॉम्प्लेक्स पहुंची, जहां दंपति रह रहे थे, तो महिला मृत मिली और उसका पति गायब था। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने कहा कि उनकी बेटी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने उसकी मां पर चाकू से वार किया।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा कि मोहन गार्डन थाने में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक सरकारी स्कूल में शिक्षक है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं हत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। वहीं पुलिस कई लोगों से इस मामले में पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार



आगामी त्योहारों में सुरक्षा को देखते हुए तलाशी अभियान चलाती पुलिस।

### शालीमार गार्डन में चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण के खिलाफजीडीए की मुहिम जारी है। जीडीए की टीम ने एक बार फिर से शालीमार गार्डन एरिया में अवैध निर्माण को निशाना बनाया। जीडीए ने यह कार्रवाई जोन आठ के प्रभारी अधिकारी मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में की है। इस दौरान सहायक अभियंता प्रदीप कुमार, अवर अभियंता प्रदीप गुप्ता, रमाकांत तिवारी, रामेश्वर, सीपी शर्मा और जीडीए की टीम आदि शामिल रहे। जीडीए की टीम को यह पता चला था कि शालीमार गार्डन एरिया में काफी ऐसे लोग है जिन्होंने अवैध निर्माण कर लिया है। जोनल प्रभारी ने बताया कि शालीमार गार्डन मैन में भूखंड संख्या ए 207 में मनोज चौधरी एवं सुधीर कुमार रस्तोगी ने अवैध निर्माण किया था। जीडीए की टीम ने इस अवैध निर्माण को तोड़ दिया। इसी तरह से भूखंड संख्या ए 218 में मौ वकील ने अवैध निर्माण किया था, जिसे जीडीए की टीम ने ध्वस्त कर दिया। भूखंड संख्या 882 शालीमार गार्डन एक्सटेंशन सहिबाबाद में वसीम सिद्दीकी, शशांक शर्मा द्वारा किए गए अवैध निर्माण को भी जीडीए ने तोड़ दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया, मगर जीडीए का अवैध निर्माण के खिलाफअभियान नहीं रुका।

### महिला से चेन लूट की रिपोर्ट तीन दिन बाद दर्ज

गाजियाबाद। गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए आई महिला से सोने की चेन लूटने के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर नवरात्रों में प्रसाद चढ़ाने के लिए सुबह से ही लाइन लगनी शुरू हो जाती है। नगर की ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी कंचन शर्मा तीन दिन पहले महामाया देवी मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए आई थी। जब वह वापस जा रही थी कि इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश आए और महिला के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। महिला द्वारा शोर मचाने पर वहां पर मौजूद लोगों ने बदमाशों का काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं आए। महिला ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तीन दिन बाद भी चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### सीता हरण और जटायु निधन पर भावुक हुए दर्शक

गाजियाबाद। टीएचए के विभिन्न समितियों की ओर से आयोजित रामलीला में शनिवार को सीता हरण और जटायु के निधन के दृश्य को देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। वसुंधरा सेक्टर.एक के रामलीला मैदान में श्री हरि रामलीला ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित रामलीला में कलाकारों ने पंचवटी में सीता.लक्ष्मण संवाद, शूर्पणखा का आगमन, राम.लक्ष्मण को मोहित करने की लीला, रावण का साधु वेश में आकर सीता का हरण, जटायु का रावण के विमान पर आक्रमण, राम.जटायु का संवाद, राम शबरी संवाद और जटायु के निधन के दृश्यों का मंचन किया। श्रद्धालु शबरी की राम भक्ति से भाव विभारे हुए तो सीता हरण और जटायु निधन पर भावुक भी हुए। दर्शको की मांग पर श्रीकृष्ण लीला की भी झलक दिखाई गई। वैशाली सेक्टर.दो स्थित मां दुर्गा रामलीला कमेटी में भरत का वापस लौटने के बाद पंचवटी में लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा की नाक काटना, खर दूषण वध की लीला दिखाई गई। इंदिरापुरम स्थित न्यायखंड.एक में धरोहर श्री रामलीला में शूर्पणखा के सुंदर अभिनय से रामलीला का मंचन शुरू होकर रावण द्वारा सीता का हरण मंचन किया गया।

### प्रदर्शनी में दिखाया कचरे का उपयोग

**गाजियाबाद।** गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ अमृत महोत्सव के तहत नेहरू नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में कचरा प्रबंधन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से दिखाया गया कि किस तरह कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं। प्रदर्शनी का शुभारंभ सीनियर सिटीजन व एडीएम प्रशासन रितु सुहास, एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह व खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन रीना भाटी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद सभी ने प्रदर्शनी में लगे स्टॉल का अवलोकन किया। विभिन्न स्कूलों के छात्र.छात्रों द्वारा कचरे से विभिन्न प्रकार के सजावटी सामान की प्रदर्शित किए। साथ ही कचरे का किस प्रकार प्रबंधन किया जा सकता है इसके बारे में भी लोगों को बताया। एडीएम प्रशासन रितु सुहास ने बताया कि बड़े पैमाने पर कचरे में ऐसी वस्तुएं भी फेंक दी जाती हैं, जिसका फिर से बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है। थोड़ी सी मेहनत से कचरे के सामान से बेहतरीन सजावटी सामान बनाकर घरों को सजाया जा सकता है। गांधी जयंती पर इसलिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, क्योंकि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वच्छता का नारा दिया है और वस्तुओं का बेहतर तरीके से प्रयोग करना सिखाया है।

### सरकारी स्कूल सुबह नौ बजे से खुलेंगे

**नोएडा।** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के सरकारी स्कूलों के समय सारिणी में बदलाव किया गया हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि जनपद में एक से आठवीं तक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल सुबह आठ बजे से लेकर दो बजे तक खुलते थे। अब एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सभी स्कूल सुबह नौ बजे से लेकर तीन बजे तक खुलेंगे।

# दक्षिण अफ्रीका से श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय टीम

## बुमराह के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम का संतुलन गड़बड़ा गया है

एजेंसी। गुवाहाटी

**तेज गेंदबाज** जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम का संतुलन गड़बड़ा गया है लेकिन इसके बावजूद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। बुमराह की ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप में भूमिका अहम होती लेकिन इस तेज गेंदबाज को पीठ की परेशानी के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की इस प्रतियोगिता में खेलना संदिग्ध है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला का आयोजन विश्वकप से पहले टीम की तैयारियों को मूर्तरूप देने के लिए किया गया था लेकिन बुमराह की अनुपस्थिति ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मोहम्मद सिराज और उमेश यादव को टीम में शामिल किया गया है लेकिन अभी यह दोनों विश्व कप की टीम में नहीं हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या टीम प्रबंधन को बुमराह की जगह लिए गए गेंदबाज को आजमाने का पर्याप्त मौका मिलेगा। विश्वकप के लिए स्टैंडबाई में शामिल अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कोविड-19 से उबर रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम में शामिल किया जा सकता है क्योंकि उन्हें वहां की परिस्थितियों में



दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है

**मध्यक्रम** में हालांकि ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक जैसे खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का पर्याप्त मौका नहीं मिला है। पंत को एशिया कप से लौटने के बाद बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला जबकि कार्तिक ने पिछले सात मैचों में केवल नौ गेंदों का सामना किया है। जहां तक श्रृंखला की बात है तो भारत खेल के इस सबसे छोटे प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू धरती पर पहली श्रृंखला जीतने की कोशिश करेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसने आखिरी बार 2016 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जबकि पिछले साल वह नॉकआउट में प्रवेश करने में भी नाकाम रही थी। कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्किया के रूप में दक्षिण अफ्रीका के पास दो अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन उसके बाकी गेंदबाजों में पैनापन नजर नहीं आता है। फिलहाल उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जो पिछले मैच में नहीं चल पाए थे।

खेलने का अनुभव है। यदि ऐसा होता है तो उन्हें 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले मैच अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिलेगा। दक्षिण अफ्रीकी श्रृंखला के लिए भारत के पास दीपक चाहर हैं जो विश्व कप के लिए स्टैंडबाई हैं। तिरुअनंतपुरम में पहले मैच में चाहर और बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करके दक्षिण अफ्रीका का शीर्ष क्रम झकझोर दिया

था जिससे भारत ने इस मैच में जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में गेंद अधिक स्विंग नहीं करेगी और चाहर भी भुवनेश्वर कुमार जैसे ही गेंदबाज हैं। भुवनेश्वर को अर्शदीप के साथ विश्वकप टीम में जगह मिली हुई है। जहां तक सिराज का सवाल है वह पिछले कुछ समय से जूझ रहे हैं।

भुवनेश्वर और हर्षल पटेल पिछले कुछ समय से काफी रन लुटा रहे हैं और देखना होगा की टीम प्रबंधन विश्वकप से पहले इस पहेली को कैसे सुलझाता है।

भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि स्पिन विभाग में फिलहाल ऐसी कोई दिक्कत नजर नहीं आ रही है। रविंद्र जडेजा के घुटने के ऑपरेशन कराने के बाद उनकी जगह टीम में लिए गए अक्षर पटेल ने मौके का पूरा फायदा उठाया है और वह एक शानदार प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजी विभाग में विश्वकप से पहले विराट कोहली सहित भारत के चोटी के चार बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में दिख रहे हैं। केएल राहुल ने भी अब रन बनाना शुरू कर दिया है और पहले मैच में अर्धशतक जड़ने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

### दोनों टीम इस प्रकार

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, शाहबाज अहमद और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, मार्को जानसेन, केशव महाराज, एडेन मारक्राम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, वेन पार्नेल, एंडिले फेहलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, रिली रोसो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**मैच शाम सात बजे से शुरू होगा।**



# जेमिमा ने खेली सर्वश्रेष्ठ पारी, भारत ने श्रीलंका को 41 रन से हराया

### महिला एशिया कप में जीत के साथ आगाज

### हेमलता ने झटके तीन विकेट, जेमिमा ने बनाए 76 रन

एजेंसी। सिलहट

**जेमिमा** रॉड्रिग्स की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 76 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने शनिवार के यहां महिला एशिया कप के शुरुआती मैच में श्रीलंका के खिलाफ 41 रन से जीत दर्ज की। जेमिमा ने 53 गेंद की अपनी पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा जिससे भारत ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 150 रन का स्कोर बनाया। विकेट पर कम उछाल के कारण बल्लेबाजों को रन बनाने में दिक्कत हो रही थी।

महिला एशिया कप 2022 में भारतीय टीम ने जीत के साथ आगाज किया है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले मुकाबले में 41 रन से जीत दर्ज की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका को 151 रन का टारगेट दिया था। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा का बल्ला कुछ खास कमाल नहीं कर पाया। मंधाना सात बॉल पर छह रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, शेफाली वर्मा के बल्ले से 11 बॉल में 10 रन निकले। चोट के बाद वापसी करने वाली जेमिमा रोड्रिगेज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 53 बॉल पर 76 रन बना दिए। इस दौरान उनके बल्ले से 11 चौके और एक छक्का निकला। उनका स्ट्राइक रेट 143.39 का रहा। इनके अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर के बल्ले से 30 गेंद में 33 रन निकले। उन्होंने 2 चौका और एक छक्का लगाया।

जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम 18.2 ओवर में 109 रन पर ऑल-आउट हो गई। टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट दयालन हेमलता ने लिए। उन्होंने 3 विकेट झटके। वहीं, पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। राधा यादव को भी एक सफलता मिली। श्रीलंका की ओर से सबसे ज्यादा 3 विकेट ओशादी रणासिंघे ने झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने शानदार शुरूआत की और पहले ही ओवर में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह पर 13 रन जुटा लिए। लेकिन श्रीलंकाई टीम इस लय को जारी नहीं रख सकी और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवा दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान के मशहूर पहलवान एंटोनियो इनोकी का निधन

**तोक्यो।** जापान के मशहूर पेशेवर पहलवान, राजनेता और 1976 में विश्व मुक्केबाजी चैंपियन मोहम्मद अली से मिश्रित मार्शल आर्ट का मुकाबला खेलने वाले एंटोनियो इनोकी का शनिवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। इनोकी ने जापान की पेशेवर कुश्ती को नई पहचान दिलाई थी तथा उन्हें के प्रयासों से शीर्ष पहलवानों तथा जूडो, कराटे और मुक्केबाजी जैसे खेलों के खिलाड़ियों के बीच मिश्रित मार्शल आर्ट के मुकाबले आयोजित किए गए। वह वह कुश्ती से जुड़े पहले खिलाड़ी थे जिन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। उन्होंने खेलों के जरिए शांति को बढ़ावा दिया और सांसद रहते हुए 30 से अधिक बार उत्तर कोरिया का दौरा किया। न्यू जापान प्रो-रेसलिंग कंपनी के अनुसार इनोकी अमाइलॉइडोसिस नामक एक दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे थे और उन्होंने शनिवार को अंतिम सांस ली।

### पार्मा ओपन : एक ही दिन होंगे सेमीफाइनल और फाइनल

**पार्मा (इटली)।** पार्मा महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल उसी दिन खेले जाएंगे जिस दिन फाइनल होगा। शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच स्थगित करने पड़े थे। शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी पहला सेमीफाइनल डंका कोविनिच के खिलाफ खेलेंगी जबकि दूसरा सेमीफाइनल छठी वरीयता प्राप्त एना बोगडान और मेयर शेरिफ के बीच खेला जाएगा। फाइनल मैच युगल फाइनल के बाद खेला जाएगा।

### अदिति अशोक ने कट में जगह बनाई

**द कॉलोनी (टेक्सास)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने 18वें होल पर महत्वपूर्ण बर्डी बनाकर दूसरे दौर में पार स्कोर हासिल किया जिससे वह द एसेंडेंट एलपीजीए गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने में सफल रही। पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेलने वाली अदिति ने दूसरे दौर में तीन बर्डी और तीन बोगी की। उनका कुल स्कोर तीन ओवर 145 है और वह संयुक्त 64वें स्थान पर हैं। अदिति ने बोगी से शुरुआत की लेकिन इसके बाद उन्होंने तीसरे और नौवें होल में बर्डी बनाई। इसके बाद इस भारतीय खिलाड़ी ने दसवें और 14वें होल में बोगी की लेकिन वह दिन का अंत बर्डी से करने में सफल रहीं।

### फ्रांसीसी मिडफील्डर कामारा विश्वकप से बाहर

**बर्मिंघम।** फ्रांस के मिडफील्डर बाउबकर कामारा घुटने की चोट के कारण इस साल के आखिर में कतर में होने वाले विश्वकप फुटबॉल में नहीं खेल पाएंगे। कामारा एस्टन विला की साउथम्पटन पर 1-0 की जीत के दौरान चोटिल हो गए और वह अगले कुछ महीनों तक खेल से बाहर रहेंगे। बाईस वर्षीय कामारा को नेशंस लीग के लिए फ्रांस की टीम में चुना गया था लेकिन चोट के कारण उन्हें हटना पड़ा था। एस्टन विला के मैनेजर स्टीवन गेरार्ड ने पुष्टि की कि कामारा की चोट गंभीर है और वह विश्वकप के बाद तक खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

### पाकिस्तानी बल्लेबाज हैदर अली अस्पताल में भर्ती



**लाहौर।** पाकिस्तान के क्रिकेटर हैदर अली को इंग्लैंड के खिलाफ छठे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान वायरल बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पाकिस्तान की टी20 विश्व कप टीम में शामिल खिलाड़ियों में हैदर अली दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें इस श्रृंखला के दौरान अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इससे पहले तेज गेंदबाज नसीम शाह भी बीमार पड़ गए थे। अली ने 14 गेंदों पर 18 रन बनाए, लेकिन मध्यक्रम के इस बल्लेबाज को ड्रेसिंग रूम में चक्कर आ गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। तेज गेंदबाज शाह ने निमोनिया होने के कारण लाहौर के स्थानीय अस्पताल में दो दिन बिताए। कोविड-19 के लिए किया गया उनका परीक्षण पॉजिटिव आया था जिसके कारण वह सात मैचों की श्रृंखला के आखिरी दो मैचों से बाहर हो गए।

# सॉल्ट की आकर्षक पारी से इंग्लैंड की पाक पर बड़ी जीत



### आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके श्रृंखला 3-3 से बराबर कराई

एजेंसी। लाहौर

**सलामी** बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने 88 रन की आकर्षक पारी खेलकर बाबर आजम की 87 रन की पारी पर पानी फेरा जिससे इंग्लैंड ने छठे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान पर आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके श्रृंखला 3-3 से बराबर कराई।

सॉल्ट ने 41 गेंदों पर नाबाद 88 रन बनाए जिससे इंग्लैंड ने केवल 14.3 ओवर में दो विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान ने बाबर के 59 गेंदों पर नाबाद 87 रन की मदद से छह विकेट पर 169 रन बनाए थे। इन दोनों टीम के बीच अब रविवार को गद्दाफी स्टेडियम में ही सातवां और निर्णायक मैच खेला जाएगा। सॉल्ट ने पावर प्ले में आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया जिससे इंग्लैंड पहले छह ओवरों में एक विकेट पर 82 रन बनाने में सफल रहा। पाकिस्तान ने पहली बार पावरप्ले में इतने अधिक रन लुटाए। अलेक्स हेल्स ने केवल 12 गेंदों पर 27 रन बनाए और सॉल्ट के साथ पहले विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। इसके बाद डाविड मलान (18 गेंदों पर 26) और बेन डकेट (16 गेंदों पर नाबाद 26) ने सॉल्ट का अच्छा साथ दिया जिससे इंग्लैंड ने 33 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल की। सॉल्ट ने पहले पांच मैचों में केवल 59 रन बनाए थे लेकिन उन्होंने घरेलू टीम के प्रशंसकों के सामने पाकिस्तानी गेंदबाजों के खिलाफ इस मैच में निर्ममता दिखाई तथा 13 चौके और तीन छक्के लगाए।

इससे पहले पाकिस्तान को शीर्ष क्रम में मोहम्मद रिजवान की कमी खली जिन्हें इस मैच में विश्राम दिया गया था। उनका स्थान लेने के लिए

# सूर्यकुमार के हमलावर तेवरों के सामने बचाव करना मुश्किल : पार्नेल

एजेंसी। गुवाहाटी

**सूर्यकुमार** यादव की अविश्वसनीय रूप से आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें इस समय टी20 का सबसे खतरनाक बल्लेबाज बना दिया है और दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वेन पार्नेल का मानना है कि इस भारतीय का सामना करने के लिए गेंदबाजों को भी मजबूत बनना होगा।

सूर्या ने श्रृंखला के पहले मैच में 33 गेंदों पर 50 रन बनाए जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से पराजित किया। पार्नेल ने दूसरे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, निजी तौर पर पिछले दो महीनों में मैंने जो देखा उससे मुझे लगता है कि संभवतः अभी वह टी20 में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। वह मैदान के हर क्षेत्र में शॉट खेलता है जिससे गेंदबाजों के लिए बचाव करना मुश्किल हो जाता है।



उन्होंने कहा, गेंदबाजों को मजबूत बनना होगा और अपनी प्रत्येक गेंद पर अच्छी तरह से ध्यान केंद्रित करना होगा। उसने अच्छे शॉट खेले लेकिन भाग्य अभी उसके साथ था। निश्चित तौर पर पिछले दो महीनों में वह ऐसा बल्लेबाज था जिसे खेलते हुए देखने का मैंने लुत्फ उठाया। निश्चित तौर पर वह अच्छी क्रिकेट खेल रहा है।

# शुभंकर का डनहिल लिंक्स चैंपियनशिप के दूसरे दौर में निराशाजनक प्रदर्शन

एजेंसी। सेंट एंड्रयूज

**भारतीय** गोल्फर शुभंकर शर्मा ने 21वीं अल्फ्रेड डनहिल लिंक्स चैंपियनशिप के दूसरे दौर में भी निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पांच ओवर 77 का कार्ड खेला। शुभंकर ने पहले दौर में दो ओवर 74 का कार्ड खेला था और अब उनका कुल स्कोर सात ओवर हैं। दूसरे दौर में शुभंकर ने पांचवें होल में बोगी की जबकि सातवें होल में वह ट्रिपल बोगी कर बैठे। यह दो दिन में उनकी दूसरी ट्रिपल बोगी थी।



इसके बाद उन्होंने 10वें, 17वें और 18वें होल में भी बोगी की जबकि इस बीच 12वें और 14वें होल में बर्डी बनाई।

वह 168 खिलाड़ियों के बीच अभी संयुक्त 137वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता के प्रारूप के अनुसार वह तीसरे दौर में खेलेंगे जिसके बाद कट लागू किया जाएगा।

### जर्मनी से हारी महिला टेबल टेनिस टीम

**चेंगदू।** श्रीजा अकुला और दीया चितले ने शानदार जीत दर्ज की, लेकिन स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा अपने दोनों मैच हार गई जिससे भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां आईटीटीएफ विश्व टीम चैंपियनशिप के पहले मैच में जर्मनी से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय पुरुष टीम ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और ग्रुप दो के शुरुआती मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और विश्व में 44वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने 11-2 की बढ़त बना ली लेकिन वह आठवें नंबर की यिंग हान के सामने नहीं टिक पाई।

जर्मन खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी को 3-0 (11-3 11-1 11-2) से हराकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद विश्व में 122वें स्थान की दीया ने सबाइन विंटर पर कड़े मुकाबले में 3-1 (11-9 8-11 11-6 13-11) से जीत दर्ज करके भारत को बढ़त दिला दी।

# चेन्नई के लिए चेपक में खेलने को बेताब हैं बल्लेबाज रुतुराज

एजेंसी। चेन्नई

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) अगले सत्र से घरेलू और विरोधी टीम के मैदान में मैच खेलने के पुराने प्रारूप में वापसी करेगा और ऐसे में भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से चेपक में खेलने के लिए उत्साहित हैं जहां से उन्होंने शुरुआत की थी। कोविड-19 के कारण आईपीएल को पिछले दो वर्षों में कुछ स्थानों तक ही सीमित रखा गया था लेकिन अगले सत्र में यह लीग अपने पुराने प्रारूप में वापसी करेगी।

गायकवाड़ न्यूजीलैंड ए के खिलाफ एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारत ए की टीम में शामिल थे जिसने यहां पिछले दिनों मैच खेले थे। गायकवाड़ ने चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मैंने यहां का माहौल देखा। यहां दर्शकों का जोश देखा है। इसलिए जब मैं यहां अभ्यास कर रहा था तो मेरे दिमाग में सारी बातें चल रही थी। मैं यहां चेन्नई की तरफ से खेलने के लिए बेहद उत्सुक हूं। यह सलामी बल्लेबाज 2019 में चेन्नई से जुड़ा था लेकिन उन्होंने अपनी इस आईपीएल टीम की तरफ से 2020 में पदार्पण किया था। इसलिए उन्हें चेपक में अपनी आईपीएल टीम की तरफ से खेलने का अनुभव नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन जब पहली बार यहां खेला तो वास्तव में वह विशेष पल था। मुझे ऐसा लगा यही वह जगह है जहां से मैंने अपनी यात्रा शुरू की थी।



**सत्र में यह लीग अपने पुराने प्रारूप में वापसी करेगी**

### एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए

# हाकी इंडिया ने 33 खिलाड़ियों की घोषणा की

एजेंसी। बेंगलुरू

**हॉकी** इंडिया ने 28 अक्टूबर से शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग सत्र के शुरुआती मैचों के लिए शनिवार को 33 सदस्यीय पुरुष कोर संभावित खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की जिसमें कप्तान मनप्रीत सिंह और अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश शामिल हैं।

भुवनेश्वर में कलिंग स्टेडियम में न्यूजीलैंड (28 अक्टूबर और चार नवंबर) और स्पेन (30 अक्टूबर और छह नवंबर) के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए खिलाड़ी सोमवार को बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र पहुंचेंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने शिविर के बारे में कहा, भुवनेश्वर-राउरकेला में एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 से पहले हमें किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है, इसके बारे में हमें एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 में खेलने के बाद पता चलेगा।



### ये हैं संभावित खिलाड़ी

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, पवन

**डिफेंडर :** जर्मनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, नीलम संजीप जेस, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मंदीप मोर, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्की, संजय, मंजीत, सुमित।

**मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथेम रविचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, पवन राजभर।

**फॉरवर्ड :** आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मनिंदर सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, एस कार्ति, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

# 36वें नेशनल गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ी लहरा रहे परचम

## अब तक नौ गोल्ड समेत 16 पदक जीते, तालिका में शीर्ष पर प्रदेश

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**ओलिंपिक,** कॉमनवेल्थ खेलों में आधे से ज्यादा पदक जीतने वाले हरियाणा के खिलाड़ी 36वें नेशनल गेम्स में भी कमाल दिखा रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में चल रहे इन खेलों में हरियाणा अब तक नौ स्वर्ण पदक सहित कुल 16 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। राज्य के खाते में तीन रजत तथा चार कांस्य पदक हैं। बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा का दबदबा कायम है।

सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही आने वाले खेलों में भी इसी प्रकार उम्दा प्रदर्शन करने की कामना की। उन्होंने कहा है कि राज्य के खिलाड़ियों की मेहनत के बल पर ही हरियाणा की खेलों में ऐसी पहचान बनी है कि अन्य राज्य भी हरियाणा की खेल नीति का



### रगबी में महाराष्ट्र को हरा जीता गोल्ड

**36वें** नेशनल गेम्स में रगबी खेल में भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपना अलग ही जौहर दिखाया और महाराष्ट्र की टीम को 19-7 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हरियाणा की झोली में डाला। नेट बॉल टीम इवेंट में हरियाणा के लड़कों और लड़कियों दोनों ही टीमों ने स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश का मान बढ़ाया। इसके अलावा, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में हरियाणा के अनीश ने स्वर्ण पदक, लड़कों के टेबल टेनिस सिंगल श्रेणी में सौम्यजीत घोष ने रजत पदक, शॉटपुट में मनप्रीत कौर ने कांस्य पदक तथा हैमर थ्रो में रेनू चिकारा ने कांस्य पदक जीते हैं।

अनुसरण करने लगे हैं। खेल एवं युवा मामलों के राज्य मंत्री संदीप सिंह ने भी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

हरियाणा का सबसे पसंदीदा खेल कुश्ती है, जिसमें कोई अन्य राज्य यहां के खिलाड़ियों के सामने टिक नहीं पाया। खिलाड़ियों ने अपने दांव पेंच से प्रतिद्वंदियों को पटखनी देकर राज्य के खाते में पदकों की बौछार की। हरियाणा ने कुश्ती में पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं।

### महिला टीम वनडे और टी20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर बरकरार

**दुबई।** भारतीय महिला टीम शनिवार को जारी वार्षिक अपडेट के बाद आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की महिलाओं की वनडे और टी20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर बनी हुई है। भारत ने वनडे रैंकिंग में एक अंक हासिल किया और उसके अब कुल 104 अंक हो गए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को टी20 में चार अंक का फायदा हुआ और उसके अब कुल 266 अंक हैं। सालाना अपडेट के बाद 2018-19 के परिणामों को हटा दिया गया है जबकि 2019-20 और 2020-21 के परिणामों का महत्व 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह से 2021-22 के मैचों को आकलन करते समय शत प्रतिशत महत्व दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया रिकॉर्ड अंक के साथ वनडे में शीर्ष पर बना हुआ है जबकि टी20 टीम रैंकिंग में भी उसने अपनी बढ़त बढ़ाई है।

# हरियाणा में अरावली पहाड़ी क्षेत्र में जंगल सफारी के लिए दस हजार एकड़ भूमि आरक्षित



सुभाष शर्मा
(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

**सूत्रों का कहना है कि अरावली के इस क्षेत्र को जंगल सफारी इसलिए बनाया जा रहा है कि विपरीत परिस्थितियों से भी यहां अनेक प्रकार के पक्षी, जानवर व सरीसृप पाये जाते हैं। कुल साल पहले वन विभाग द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार यहां पक्षियों की 180 प्रजातियां, स्तनधारियों की 15 प्रजातियां, सरीसृप जलीय की 29 प्रजातियां एवं जानवरों सहित तितलियों की 57 प्रजांतियां मौजूद हैं। सरकार की योजना है कि इस जंगल सफारी में बैट्री से चलने वाले वाहनों का प्रयोग किया जाएगा**

मंथन



अब विदेशों की तर्ज पर हरियाणा में गुरुग्राम व नूंह जिलों के अरावली पहाड़ी में जंगल सफारी और ट्रैकिंग मार्ग विकसित करने की योजना पर काम शुरू किया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बैठक कर अरावली को राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने का प्रस्ताव दिया था, जिसका अनुमोदन मुख्यमंत्री ने करते हुए कहा था कि हरियाणा सरकार इस परियोजना को समयबद्ध और चरणबद्ध तरीके से लागू करेगी ताकि हरियाणा में विश्वस्तरीय जंगल सफारी आ सके। चर्चा है कि इस सिलसिले में गुरुग्राम और नूंह के जिला उपायुक्तों व पर्यटन एवं वन विभाग के अधिकारियों की एक कमेटी गठित करने के आदेश दिए गए हैं। सरकार के इस कदम से यहां न केवल अरावली के जंगलों की देखभाल होगी बल्कि यहां विचरन करने वाले वन्य जीवों को भी बेहतर सुरक्षा मिलेगी।

मिली जानकारों के अनुसार इस जंगल सफारी को तैयार करने के लिए विदेशी विशेषज्ञों से राय मशवरा किया जा रहा है, जिसके बाद इसके लिए टैंडर काल किए जाएंगे। पर्यावरणविदों ने सरकार के इस फैसले पर संतोष जताते हुए कहा है कि इस परियोजना के आने से अरावली के जंगल तो संरक्षित होंगे ही यहां के वन्यजीवों को भी संरक्षण मिलेगा। दिल्ली के नजदीक इतनी बड़ी जंगल सफारी बन जाने से देश विदेश के पर्यटक यहां आएंगे, जिससे यहां रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। दरअसल अरावली इस देश का पहाड़ नहीं बल्कि यह पर्वत श्रृंखला सांस्कृतिक विरासत है, इसे अवैध खनन कर बर्बाद किया गया है। आज भी अनेक माफिया गिरोह पुलिस व सरकारी तंत्र की मदद से यहां खनन कर इस पर्वतमाला को नुकसान पहुंचा रहे हैं परंतु अब केंद्र सरकार व हरियाणा के संयुक्त प्रयास से अरावली का एक बड़े भूभाग जो 3800 हेक्टेयर यानी 10 हजार एकड़ का होगा, जंगल सफारी बन जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि अरावली के इस क्षेत्र को जंगल सफारी इसलिए बनाया जा रहा है कि विपरीत परिस्थितियों से भी यहां अनेक प्रकार के पक्षी, जानवर व सरीसृप पाये जाते हैं। कुल साल पहले वन विभाग द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार यहां पक्षियों की 180 प्रजातियां, स्तनधारियों की 15 प्रजातियां, सरीसृप जलीय की 29 प्रजातियां एवं जानवरों सहित तितलियों की 57 प्रजांतियां मौजूद हैं। सरकार की योजना है कि इस जंगल सफारी में बैट्री से चलने वाले वाहनों का प्रयोग किया जाएगा और निश्चित स्थानों पर पर्यटक वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगे। इस जंगल सफारी को विकसित करने के दौरान यहां पक्के निर्माण कम से कम होंगे व ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण की रोकथाम के तरीके भी यहां अपनाये जाएंगे ताकि जंगल के जीवों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मालूम हो कि फिलहाल हरियाणा के अरावली में कोई राष्ट्रीय उद्यान नहीं है।

वन विभाग के अधिकारियों व पर्यावरणविदों का मानना है कि इस जंगल सफारी के विकसित हो जाने के बाद दिल्ली के असोला भाटी वन्य जीव अभयरण्य से लेकर राजस्थान के सरिका वन्यजीव अभयरन्य तक यहां के तेंदुओं एवं अन्य जंगली जीवों को एक लंबा गलियारा मिलेगा, इससे पूरे क्षेत्र में जंगली जीवों की संख्या बढ़ेगी। इसी के साथ-साथ यहां के जंगलों की रक्षा होगी। अवैध खनन बंद होगा और शुद्ध हवा एनसीआर के जिलों को प्राप्त होगी। वन विभाग के आला अधिकारियों का मानना है कि अभी इस परियोजना की घोषणा हुई है, इसके लिए दस हजार एकड़ क्षेत्र को चिह्नित करना है। हालांकि इसमें ज्यादातर एरिया गुरुग्राम और नूंह का होगा, जबकि फरीदाबाद जिले का कुछ पहाड़ी क्षेत्र भी इसका भाग हो सकता है।

हालांकि इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने में तीन से पांच साल का समय लग सकता था परंतु कम से कम इस परियोजना को केंद्र सरकार की योजना के अनुसार हरियाणा ने स्वीकृत तो किया है, वैसे भी हरियाणा देश में सबसे कम वन क्षेत्र वाला राज्य है। हालांकि सरकार प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये पौधारोपण पर खर्च करती है परंतु रख-रखाव न हो पाने के चलते वन क्षेत्र उम्मीद के अनुसार नहीं बढ़ रहा। यही कारण है कि यहां के शहर वायु प्रदूषण के मामले में पहले दस स्थानों में आते है। यहां का भूजल भी तेजी से नीचे जा रहा है। अब अगर केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार मिलकर इस परियोजना पर ईमानदारी से काम करे तो अरावली की दशा में सुधर सकती है।

## एनजीटी के ताजा आदेशों से उद्योगपति परेशान




**पर्यावरण** के मुद्दे पर एनजीटी के ताजा आदेशों से पूरे एनसीआर के उद्योगपति परेशान हैं। गौरतलब है कि इन आदेशों के अनुसार एनसीआर में कोयला आधारित उद्योग और जेनरेटर चलाने पर पाबंदी लगा दी गई है। यह आदेश एक अक्टूबर से लागू हो गए हैं। इन आदेशों का पालन न करने वालों पर एक करोड़ तक जुर्माना और पांच साल की कैद का प्रावधान है। अब सवाल उठता है कि यह आदेश पूरे भारत में क्यों नहीं केवल एनसीआर के एरिया में ही क्यों लागू किए जा रहे हैं। एनजीटी के इन आदेशों से पूर्व अनेक जिलों विशेषकर पानीपत के उद्योगपतियों ने सरकार के समक्ष मांग रखी थी कि उनके जिले को एनसीआर जोन से बाहर कर दिया जाए क्योंकि वायु प्रदूषण को लेकर हर साल अक्टूबर में एनजीटी ज्यादा उद्योगों को बंद करवा देती है। पानीपत में टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज ज्यादा है, यहां सैकड़ों उद्योग कोयला आधारित ईंधन से चलते हैं। एक अक्टूबर से वे सभी बंद हो गए हैं। वायु प्रदूषण के कारण यहां दस साल पुराने डीजल वाहनों व 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर भी रोक लगी है, उन्हें चलाने पर पकड़े जाने पर उन्हें जब्त किया जा सकता है। इसी प्रकार के भारी भरकम जुर्माने के आदेश उद्योगों पर भी लागू हो गए हैं। मालूम हो कि जब एनसीआर के क्षेत्र का निर्धारण किया जा रहा था तो करनाल तक के लोग अपने आपको एनसीआर में शामिल करने के लिए सिफारिशें लगवा रहे थे परंतु अब उल्टा हो रहा है। लोग अपने क्षेत्रों को एनसीआर से बाहर किए जाने की मांग कर रहे हैं। पानीपत के निवासियों ने सरकार से यह मांग कई महीने पूर्व की थी परंतु जनप्रतिनिधियों का कहना है कि उसके बाद एनसीआर कमेटी की बैठक का आयोजन ही नहीं हुआ, जिस कारण कई अन्य क्षेत्रों की मांग भी नहीं रखी जा सकी। दरअसल हर वर्ष धान की कटाई के दौरान पूरे एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ने लगता है। दीपावली आते-आते तो यह स्तर इतना बढ़ जाता है कि पटाखों पर भी बैन लगाना पड़ता है। वाहनों व उद्योगों के प्रदूषण से इतना नुकसान नहीं होता था परंतु अब एनसीआर से यह प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के लिए सभी को जिम्मेदार माना जा रहा है। उद्योगपतियों का कहना है कि अगर सरकार उद्योगों को पूरी बिजली उपलब्ध करवाये तो उन्हें जेनरेटर चलाने की कोई जरूरत नहीं क्योंकि जेनरेटर बिजली से महंगे पड़ते हैं परंतु जब सरकार बिजली नहीं दे सकती तो फिर क्या उद्योगपति अपने उद्योगों को बंद कर दें, अगर वो ऐसा करते हैं तो एनसीआर में लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। फरीदाबाद में ड्राईंग उद्योग भी बड़ी संख्या में है। एनजीटी का मानना है कि कई ड्राईंग उद्योग पानी साफ करने के संयंत्र नहीं लगाते, लिहाजा यहां बड़े स्तर पर पानी विशेषकर भूजल प्रदूषित हो रहा है। आम लोगों का कहना है कि अगर पर्यावरण को बचाना है तो सरकार को बिजली आपूर्ति सामान्य रखनी होगी ताकि उद्योगधंधे चल सके, अगर ऐसा नहीं हुआ तो फैक्ट्रियां बंद हो जाएगी।

# दुष्टों का नाश करने वाली हैं मां कालरात्रि

**मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली हैं। इसी कारण इनका नाम शुभंकरी भी है। कालरात्रि दुष्टों का नाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं।**



नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि। काल से भी रक्षा करने वाली यह शक्ति है।

इस देवी के तीन नेत्र हैं। ये तीनों ही नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल हैं। इनकी सांसों से अग्नि निकलती रहती है। ये गर्दभ की सवारी करती हैं। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वर मुद्रा भक्तों को वर देती है। दाहिनी ही तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। यानी भक्तों हमेशा निडर, निर्भय रहो।

बाईं ओर के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खड्ग है। इनका रूप भले ही भयंकर हो, लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली मां हैं। इसीलिए ये शुभंकरी कहलाईं अर्थात इनसे भक्तों को किसी भी प्रकार से भयभीत या आतंकित होने की कतई आवश्यकता नहीं। उनके साक्षात्कार से भक्त पुण्य का भागी बनता है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। इसलिए दानव, दैत्य, राक्षस और भूत-प्रेत उनके स्मरण से ही भाग जाते हैं। ये ग्रह बाधाओं को भी दूर करती हैं और अग्नि, जल, जंतु, शत्रु और रात्रि भय दूर हो जाते हैं। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है।

### क्यों नाम पड़ा काली

**भगवान** शंकर ने एक बार देवी को काली कह दिया, कहा जाता है, तभी से इनका एक नाम काली भी पड़ गया। दानव, भूत, प्रेत, पिशाच आदि इनके नाम लेने मात्र से भाग जाते हैं। मां कालरात्रि का स्वरूप काला है, लेकिन यह सदैव शुभ फल देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम शुभकारी भी है।

### ऐसा है मां का स्वरूप

**इनके** शरीर का रंग काला है। मां कालरात्रि के गले में नरमुंड की माला है। कालरात्रि के तीन नेत्र हैं और उनके केश खुले हुए हैं। मां गर्दभ (गधा) की सवारी करती हैं। मां के चार हाथ हैं एक हाथ में कटार और एक हाथ में लोहे का कांटा है।

### मनोकामना

मां की इस तरह की पूजा से मृत्यु का भय नहीं सताता। देवी का यह रूप ऋद्धि- सिद्धि प्रदान करने वाला है। देवी भगवती के प्रताप से सब मंगल ही मंगल होता है।

### आरती

कालरात्रि जय-जय-महाकाली।
काल के मुह से बचाने वाली॥
दुष्ट संघारक नाम तुम्हारा।
महाचंडी तेरा अवतार॥
पृथ्वी और आकाश पे सारा।
महाकाली है तेरा पसारा॥
खडग खप्पर रखने वाली।
दुष्टों का लहू चखने वाली॥
कलकत्ता स्थान तुम्हारा।
सब जगह देखूं तेरा नजारा॥
सभी देवता सब नर-नारी।
गावें स्तुति सभी तुम्हारी॥
रक्तदंता और अन्नपूर्णा।
कृपा करे तो कोई भी दुःख ना॥
ना कोई चिंता रहे बीमारी।
ना कोई गम ना संकट भारी॥
उस पर कभी कष्ट ना आवें।
महाकाली माँ जिसे बचाबे॥
तू भी भक्त प्रेम से कह।
कालरात्रि माँ तेरी जय॥

### मंत्र

-ॐ जयंती मंगला काली
भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा
स्वधा नमोस्तु ते।।
जय त्वं देवि चामुण्डे जय
भूतार्तिहारिणि।
जय सर्वगते देवि कालरात्रि
नमोस्तु ते।।
-धां धीं धूं धूर्जटेः पत्नी वां वीं
वूं वागधीश्वरी
क्रां क्रीं क्रूं कालिका देवि शां शीं
शूं मे शुभं कुरु।।
बीज मंत्र
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे।
(तीन, सात या ग्यारह माला करें)

### पूजा

मां कालरात्रि की पूजा सुबह चार से 6 बजे तक करनी चाहिए। मां की पूजा के लिए लाल रंग के कपड़े पहनने चाहिए। मकर और कुंभ राशि के जातकों को कालरात्रि की पूजा जरूर करनी चाहिए। परेशानी में हों तो सात या सौ नींबू की माला देवी को चढ़ाएं। सप्तमी की रात्रि तिल या सरसों के तेल की अखंड ज्योत जलाएं। सिद्धकुंजिका स्तोत्र, अर्गला स्तोत्रम, काली चालीसा, काली पुराण का पाठ करना चाहिए। यथासंभव, इस रात्रि संपूर्ण दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

